बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 27 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-90, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





वैवाहिक रिश्तों को अस्वीकार करना मानसिक क्रूरता 16

मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल 15







# मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब



बरेली के राजेंद्रनगर में रोड शो के दौरान उमड़ी भीड़ का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

कार्यालय संवाददाता,बरेली

- खुली जीप में पहली बार किसी पीएम और सीएम ने किया बरेली में रोड शो

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवा रथ पर सवार होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के साथ रोड शो के दौरान लोगों से दिल से रिश्ता जोड़ने की पूरी कोशिश की। भगवा पोशाक में पहने प्रधानमंत्री अभिवादन करते हुए निकले, बगल में मौजूद सीएम विजयी मुद्रा में मुस्कुराहट के साथ लोगों की तरफ इशारा कर रहे थे।

शुक्रवार की शाम बरेली के लोगों के लिए यादगार बन गया। पहली बार ऐसा मौका रहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री एक साथ रोड शो में शामिल हुए हो, भीड़ इतनी जुटी की रथ पर सवार पीएम और सीएम गदगद दिखे। लोग भी अपने बीच दोनों हस्तियों को पाकर बेहद खुश नजर आएं। हर कोई एक झलक पाने को बेताब था। बुर्जुग, युवा, महिला और बालकों में पीएम को देखने में होड़ लगी रही। खुली जीप कार्यक्रम स्थल पर दो घंटे पहले पहुंची गई। प्रधानमंत्री जब भगवा रथ पर सवार हुए तो उनके बगल में एक तरफ सीएम योगी आदित्य नाथ तो दूसरी तरफ बरेली लोक सभा क्षेत्र के प्रत्याशी छत्रपाल मौजूद रहे। इनके पिछे सांसद संतोष गंगवार और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह थे। करीब 12 सौ मीटर की दूरी के दौरान पीएम ने अपने आप को मौजूद भीड़ से रिश्ता जोड़ने की पूरी कोशिश की ।टार्च नुमा कमल का निशान हाथ में लेकर रथ पर चल रहे थे।छत पर खड़े लोगों का अभिवादन और भीड़ के सामने करीब तीन झुक प्रणाम भी किया। बांके बिहारी मंदिर के गेट के सामने जब मोदी की नजर मंदिर की तरफ तो भगवान की मूर्ति देखते सामने हाथ जोड़कर सिर झुकाया तो भीड़ ने पूरी ताकत के साथ जयघोष किया। सीएम मौजूद के भीड़ को हाथ से विजयी मुद्र में इशारें कर रहे थे।

### संतोष को दिया सम्मान छत्रपाल के लिए मांगे वोट

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो के दौरान सांसद संतोष गंगवार को पूरा ख्याल किया ।भगवता रथ पर सांसद अपने साथ रखा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को विजयी बनाने के लिए लोगों का समर्थन मांगा। कमल निशान दिखाकर हर किसी को इशारे में वोटे देने का अनुरोध किया। रोड शो के दौरान एक बार संतोष से मोदी की कानाफूसी भी हुई।

## एक नजर

### दो दिनों के लिए घटाया गया स्कूलों का समय

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग ने अगले दो दिनों के लिए स्कूलों का समय परिवर्तित करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, 27 और 28 अप्रैल को कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूल सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगे। जबकि 28 अप्रैल को रविवार है। आदेश में कहा गया है कि 29 अप्रैल से सभी स्कूलों का समय पहले से जारी समय के अनुसार, सुबह 7.30 बजे से अपरान्ह एक बजे तक विद्यालय खुलेंगे। बता दें कि बीते दिनों गर्मी व लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर एक बजे तक कर दिया गया था। अब एक बार फिर से समय दो दिनों के लिए परिवर्तित किया गया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश में हीट वेव का अलर्ट है इसलिए दो दिनों के लिए समय घटाया गया है।

### उत्तराखंड में बच्चों को माह में एक दिन बस्ते से छूट

**काशीपुर।** उत्तराखंड के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार से बस्ता रहित दिवस मनाया जाएगा। माह में एक दिन शनिवार को बच्चे बिना बस्ते के स्कूल जाकर मृदा प्रबंधन, कृषि, बागवानी, मानवीय सेवाएं, वित्तीय प्रबंधन आदि के गुर सीखेंगे। अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण निदेशक वंदना गर्ब्याल ने जिले के हर सीईओ को इस बाबत आदेश जारी किए हैं। प्रदेश में 12,073 प्राइमरी, 3,434 जूनियर हाईस्कूल व 2,313 इंटरमीडिएट विद्यालय हैं। शिक्षा विभाग ने माह के एक दिन बच्चों को बस्ते से मुक्त रखने की योजना बनाई है ताकि विद्यार्थी पाठ्यक्रम से हटकर व्यावसायिक गतिविधियां, बैंकिंग और हस्तशिल्प हुनर का ज्ञान ले सकें।

### लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 88 सीटों पर हुआ 61 प्रतिशत मतदान

# उप्र व महाराष्ट्र में कम मतदान

**64.02%** अमरोहा **49.29%** मथुरा **58.70%** मेरठ **55.79%** बुलंदशहर **49.65%** गाजियाबाद

नयी दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम सात बजे तक शुक्रवार को 88 सीटों पर करीब 61 प्रतिशत वोट डाले गये। बारह राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा।

दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहा जबकि जबकि त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में 70 से लगभग 79 प्रतिशत के दायरे में मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.85 प्रतिशत, बिहार में 54.91 प्रतिशत महाराष्ट्र में 54.34 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 56.60 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि केरल में 65.28 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 63.74 रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.18 प्रतिशत,छत्तीसगढ़ में 73.05 प्रतिशत,पश्चिम बंगाल 71.84 प्रतिशत,जम्मू-कश्मीर 71.63 प्रतिशत,असम 70.78 प्रतिशत मतदान हुआ। पहले चरण में 102 सीटों पर 63.4 प्रतिशत के करीब मतदान हुआ था। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 190 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। छिटपट घटनाओं को छोड़ दे तो कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। छत्तीसगढ़ में बस्तर डिवीजन के 102 गांवों के मतदाताओं ने पहली बार लोकसभा के चुनाव में वोट डाले।



बुलंदशहर में ढोल नगाड़े के साथ मतदान केंद्र में जाती महिलाएं। ● एजेंसी



बेंगलुरू में मतदान के बाद आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले।

### अमरोहा में सबसे ज्यादा 64.02 प्रतिशत हुई वोटिंग

**लखनऊ।** प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए 54.85 प्रतिशत मतदान हुआ। अमरोहा सीट पर सबसे ज्यादा 64.02 प्रतिशत व सबसे कम मथुरा में 49.29 प्रतिशत मतदान हुआ। कई जगहों पर ईवीएम में खराबी समेत कई शिकायतें दर्ज हुईं, जिनका निस्तारण किया गया। इस चरण की अन्य सीटों में मेरठ में 58.70 प्रतिशत, बागपत में 55.93 प्रतिशत, गाजियाबाद में 49.65 प्रतिशत, गौतमबुद्धनगर में 53.21 प्रतिशत, बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर 55.79 प्रतिशत व अलीगढ़ में 56.62 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि बुलंदशहर में फर्जी मतदाता की शिकायत आयी थी, पर वह गलत पाई गई। ईवीएम में खराबी समेत विभिन्न शिकायतों का समय रहते निस्तारण कराया गया।

# वीवीपैट संबंधी याचिका खारिज

## मतपत्र से चुनाव भी नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच, उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम के जरिये डाले गए वोट का वीवीपैट के साथ शत-प्रतिशत मिलान कराने संबंधी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तंत्र के किसी भी पहलु पर आंख मूंद कर अविश्वास करना अवांछित संशय पैदा कर सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले में सहमति वाले दो फैसले सुनाये और इस मामले से जुड़ी वे सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। इन याचिकाओं में मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया को फिर से उपयोग में लाने संबंधी याचिका भी शामिल थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपना फैसला सुनाते हुए निर्वाचन आयोग को ईवीएम में चिह्न लोड किये जाने के बाद, इसके लिए उपयोग में लाई गई यूनिट को सील करने और 45 दिनों के लिए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने ईवीएम विनिर्माताओं के इंजीनियर को चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे उम्मीदवारों के अनुरोध पर मशीनों के माइक्रोकंट्रोलर का सत्यापन करने की अनुमति भी दे दी। न्यायालय ने कहा कि माइक्रोकंट्रोलर के सत्यापन का अनुरोध चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद, शुल्क अदा किये जाने पर सात दिनों के अंदर किया जा सकता है। इसने कहा यदि सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है तो उम्मीदवारों द्वारा अदा किया गया शुल्क लौटा दिया जाएगा।

ईवीएम में तीन यूनिट होती है बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट। ये तीनों माइक्रोकंट्रोलर से जुड़े होते हैं। वर्तमान में, निर्वाचन आयोग प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों के ईवीएम में पड़े मतों का मिलान वीवीपैट पर्चियों के साथ करता है।

### चुनौती देने वाली याचिकाओं को 40 बार खारिज किया

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने उल्लेख किया कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों ने ईवीएम की विश्ववसनीयता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को कम से कम 40 बार खारिज किया है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की इस हालिया टिप्पणी का भी जिक्र किया कि ईवीएम शत-प्रतिशत सुरक्षित हैं और राजनीतिक दल जानते हैं कि ये मशीनें निष्पक्ष हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस-नीत इंडिया गठबंधन को करारा तमाचा है और उसे ईवीएम के खिलाफ अविश्वास पैदा करने के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेस ने कहा कि वह चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर राजनीतिक अभियान जारी रखेगी।



अयोध्या में कड़ी सुरक्षा के बीच शुक्रवार को फैजाबाद लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह दोपहर लगभग एक बजे कलक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन कक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार को नामांकन पत्र सौंपा। ● अमृत विचार

## रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर बोलेरो पलटी, 4 की मौत

अमावां, रायबरेली

- मिल एरिया थाना क्षेत्र में हादसा, 3 घायल अस्पताल में उपचाराधीन

**अमृत विचार :** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर शुक्रवार तड़के बरात से लौट रही एक बोलेरो मालिनपुरवा के पास पुलिया से टकराकर सड़क पर पलट गई। घटना में बोलेरो सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

लालगंज थाना क्षेत्र के कटहरियन का पुरवा गांव से सर्वेश की बरात गुरुवार की शाम फुरसतगंज थाना क्षेत्र के गांव में आई थी। सभी कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद एक बोलेरो आठ बरातियों को लेकर लालगंज के लिए रवाना हो गई। रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर मालिनपुरवा के पास तड़के साढ़े तीन बजे बोलेरो नैया नाला के पुल के पास पलट गई। बोलेरो में सवार 7 लोग घायल हो गए। हादसे में कटरियन का पुरवा निवासी पंकज पाल (26) पुत्र राजाराम पाल, दीपक पाल (25) पुत्र बभन कुमार, अवधेश पाल (32) पुत्र प्यारे पाल व लालगंज थाना क्षेत्र के ही ऐहार निवासी राघवेंद्र यादव (35) पुत्र रामखेलावन सहित चारों लोगों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# कांग्रेस के मंसूबों पर वोट के माध्यम से पानी फेरना होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने मीडिया से साझा बयान में कांग्रेस की सोच को बताया देश के लिए हानिकारक



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए घातक बताया है। योगी शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। चुनाव में अप्रासंगिक मुद्दे उठने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शुरू से ही विकास, सुरक्षा और सुशासन के मुद्दे के साथ चुनाव में उतरी थी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सत्ता से कोसों दूर होने पर भी क्या मानसिकता है, इसपर लगातार जनता का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। इनकी मंशा को सफलता न मिले, इसलिए ये जरूरी हो जाता है कि जनता समय रहते अपने एक-एक वोट के जरिए इसपर पानी फेरने का काम करे।

योगी के मुताबिक, कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो में देश के तालिबानीकरण से लेकर जनता की संपत्ति और पर्सनल लॉ जैसे मुद्दों को समर्थन देकर मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहती है। उन्होंने कहा, विरासत की संपत्ति का आधा हिस्सा ले लेने और पर्सनल लॉ जैसे कानून को फिर से लागू करने की बात ये लोग कर रहे हैं। इस देश का विभाजन इन्हीं कारणों से हुआ था।

## मुजफ्फरनगर में एमबीबीएस छात्रा की हत्या

**मुजफ्फरनगर।** एक निजी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा की मंसूरपुर थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मामले में एमबीबीएस के एक छात्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार औरैया जिले के निवासी राहुल चौहान की बेटी कीर्तिका (22) का शव बृहस्पतिवार देर रात जिले के मंसूरपुर थाने के बेगराज़पुर गांव में रेल पटरी के पास बरामद हुआ। परिजनों ने एमबीबीएस के एक छात्र पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## शाहजहांपुर से सपा प्रत्याशी का नामांकन खारिज

**शाहजहांपुरः** सपा (गठबंधन) के उम्मीदवार राजेश कश्यप का नामांकन खारिज हो गया है। वहीं हरदोई निवासी ज्योत्सना गौंड ने सपा आलाकमान के आदेश पर अधिकृत उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया है।

18 फरवरी को सपा ने राजेश कश्यप को शाहजहांपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया था। राजेश ने जोरशोर से चुनाव की तैयारी शुरू कर दी। इसी बीच चर्चा होने लगी कि भाजपा की एक कद्दावर महिला नेता सपा में आ रही है और राजेश की जगह उन्हें प्रत्याशी बनाया जाएगा। वहीं सपा आलाकमान के आदेश पर हरदोई निवासी ज्योत्सना गौड़ का नामांकन अंतिम तिथि से एक दिन पहले 24 अप्रैल को करा दिया गया।

**विज्ञान** इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता था, वैज्ञानिकों को मिली सफलता

# चंद्रमा पर गड्ढे से पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह का रहस्य उजागर

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर बने गड्ढे व पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह के बीच संबंध का पता लगाने की बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसका नाम 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह है। इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता था।


दरअसल कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह व चंद्रमा के सुदूर भाग में स्थित विशाल गड्ढे की कहानी बड़ी रोचक है। यह गड्ढा 21 किमी चौड़ा है। और चंद्रमा के सुदूर भाग पर स्थित है।

नासा के लूनर रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर कैमरे ने इस गड्ढे की तस्वीर ली है। इस गड्ढे का मिलान 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह से किया गया तो पता चला कि यह गड्ढा इसी क्षुद्रग्रह के कारण बना है। कालांतर में यह क्षुद्रग्रह चंद्रमा से टकराया होगा और वापस अंतरिक्ष में छिटक गया।

इसके बाद अपनी कक्षा में घूमने लगा। इस क्षुद्रग्रह के बारे में पूर्व में कहानियां भी लिखी गयी हैं। इसकी विशेषता यह है कि इसे कभी पृथ्वी का अर्ध उपग्रह भी माना जाता था। यह चंद्रमा की तरह कक्षीय अवधियों में पृथ्वी के करीब रहता है और आने वाली कई शताब्दियों तक इसकी कक्षा स्थिर बनी रहेगी।

सूर्य के चारों ओर इसकी कक्षा पृथ्वी की कक्षा के साथ समकालिक है। इसके बारे में 2021 में स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक से इसका पता लगा लिया था। खगोलविदों ने नेचर एस्ट्रोनॉमी में इस नए शोध को प्रकाशित किया है। चंद्रमा में इस दूर के गड्डे नाम जिओर्डानो ब्रूनो है।

16वीं सदी के इतालवी दार्शनिक, कवि, ब्रह्माण्ड संबंधी सिद्धांतकार और गूढ़विद्या पर इसका नाम पर रखा गया है। नासा समेत कई देशों के वैज्ञानिकों के सामूहिक शोध से इस रहस्य का खुलासा हुआ।



चंद्रमा पर बना गड्ढा।

### नमूने जुटाएगा तियानवेन -2 मिशन कमोओलेवा

2025 में लॉन्च होने वाला चीनी तियानवेन-2 मिशन कमोओलेवा के नमूने एकत्र करेगा। बाद में वापस पृथ्वी में लाएगा। दूसरा मिशन नासा का एन इ ओ सर्वेक्षक अंतरिक्ष दूरबीन को 2027 में लॉन्च किया जाएगा। इन दोनों मिशन के अध्ययन से इस क्षुद्रग्रह कामो 'ओलेवा के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाएगा।

## कार में आग से दो माह का बच्चा और मां की जलकर मौत

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैनाल बाइपास पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। माइल स्टोन से टकराकर कार में आग लग गई। दुर्घटना में कार सवार ढाई माह का बेटा और उसकी मां जिंदा जल गए। कार चला रहा पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। बरेली के थाना भमोरा क्षेत्र के गांव रफियाबाद निवासी 30 वर्षीय आशीष यादव, 25 वर्षीय पत्नी मीना और ढाई माह के बेटे के साथ गुरुवार की देर रात मथुरा जा रहे थे। शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े तीन बजे कैनाल बाइपास से गुजर रही थी कि ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव भगवंतपुर के समीप सड़क किनारे मार्ग की दूरी दर्शाने के लिए लगे पत्थर से कार टकरा गई।

## साल में 2 बार सीबीएसई परीक्षा की तैयारी, सेमेस्टर प्रणाली खारिज

नयी दिल्ली, एजेंसी

- अगले माह इसके लिए प्रधानाध्यापकों से बैठक करेगा बोर्ड

शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से 2025-26 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के संबंध में व्यवस्थागत तैयारी करने को कहा है। सेमेस्टर प्रणाली शुरू करने की योजना को खारिज कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय और सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के लिए अगले महीने स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ चर्चा करेंगे।

सीबीएसई वर्तमान में इस बात पर काम कर रहा है कि स्नातक प्रवेश कार्यक्रम को प्रभावित किए बिना एक और बोर्ड परीक्षा को समायोजित करने के लिए अकादमिक कैलेंडर को कैसे तैयार किया जाएगा। एक सूत्र ने बताया मंत्रालय ने सीबीएसई से इस बात पर काम करने को कहा है कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षा किस तरह आयोजित की जाएगी। सूत्र ने बताया 2025-26 शैक्षणिक सत्र से वर्ष के अंत में बोर्ड परीक्षाओं के दो संस्करण आयोजित करने का विचार किया जा रहा है, लेकिन तौर-तरीकों पर अभी भी काम करने की जरूरत है। हालांकि, सेमेस्टर प्रणाली को लागू करने की कोई योजना नहीं है। मंत्रालय की प्रारंभिक योजना 2024-25 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं शुरू करने की थी।

# 9,746 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से डाला वोट

## 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता व दिव्यांगों के घर जाकर टीम ने कराया मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



दूसरे चरण के मतदान की जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 9,746 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं के घर पर जाकर मतदान दल ने मतदान कराया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान के लिए मतदान दल के साथ एक माइक्रोआब्जर्वर व वीडियोग्राफर की तैनाती की गई थी। प्रत्याशियों को सम्पूर्ण प्रक्रिया को देखने के लिए स्वयं या उनके अभिकर्ता को भेजने के लिए मतदान दल का शिड्यूल उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा कुल 54,537 सेवा मतदाताओं को भी रिटर्निंग अधिकारी की ओर से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से (ईटीपीबीएस) पोस्टल बैलेट का प्रेषण किया गया। 12,658 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया।

मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से आठ सामान्य प्रेक्षक, पांच पुलिस प्रेक्षक व 12 व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये थे। इसके अलावा 1451 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 190 जोनल मजिस्ट्रेट, 222 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 1599 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये थे। निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक, एक वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक व एक वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये थे। सभी जगहों पर पर्याप्त मात्रा में अर्धसैनिक व प्रदेश पुलिस बल तैनात किया गया।

**स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्द्धसैनिक बलों को**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी सीटों पर ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्द्धसैनिक बलों को दी गई है। उन्होंने बताया कि मॉक पोल के दौरान कुल 24 बैलेट यूनिट, 213 कन्ट्रोल यूनिट व 469 वीवीपैट बदले गये। मतदान शुरू होने के बाद शाम तक कुल 48 बैलेट यूनिट, 48 कंट्रोल यूनिट व 208 वीवीपैट बदले गये।

**इनका भाग्य ईवीएम में कैद**

इस चरण के चुनाव में मथुरा से भाजपा प्रत्याशी अभिनेत्री हेमा मालिनी व मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अभिनेता अरुण गोविल समेत 91 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। कुल प्रत्याशियों में 81 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे।

# केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप समेत चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 5वें चरण के लिए 3 मई तक होंगे नामांकन

**अमृत विचार :** प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए शुक्रवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा व भाजपा सांसद लल्लू सिंह समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। जबकि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। तीन मई नामांकन की अंतिम तारीख निर्धारित है। 20 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जालौन (अजा) में भाजपा से केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने नामांकन किया, जबकि हमीरपुर में भाजपा से कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह, बाराबंकी (अजा) में भाजपा से राजरानी रावत व फैजाबाद में भाजपा से लल्लू सिंह ने नामांकन किया। पांचवें चरण की अन्य सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए भाजपा से ओम प्रकाश श्रीवास्तव व कांग्रेस से मुकेश सिंह चौहान ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों व सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीट पर सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25,000 रुपये व अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी।

**95 लाख तक खर्च कर सकेंगे प्रत्याशी**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये व विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित है। नामांकन के समय रिटर्निंग ऑफिसर-सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि के भीतर अधिकतम तीन वाहन व प्रत्याशी सहित अधिकतम पांच व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी।

**एक नजर**

### उड़ीसा से यूपी लाए जा रहे 90 लाख के गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने शुक्रवार को उड़ीसा से यूपी के लिए लाए जा रहे करीब 90 लाख कीमत का गांजा पकड़ा है। एसटीएफ ने तीन आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। माल की तौल कराने पर तीन कुंटल 62 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपियों के मुताबिक समस्त माल यूपी में सप्लाई होनी थी। सूचना पर एएसपी विशाल विक्रम सिंह ने प्रयागराज टीम को सक्रिय किया। फूलपुर के पास टीम पहुंचने पर आयसर ट्रक रोका गया, सूचना सही मिली। इस दौरान तीन आरोपियों गोपीगंज निवासी जगदीश जायसवाल, सराय इनायत निवासी गुलाम हसन और ललित सिंह को मौके पर गिरफ्तार किया गया। एएसपी विशाल विक्रम ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि अवैध मादक पदार्थों का यह कारोबार उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से लंबे समय से हो रहा है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करके कई अन्य सूचनाएं भी प्राप्त की गई हैं।

### लखनऊ मंडल की 51 ग्राम पंचायतों में बाहर से भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ मंडल के जिलों की 51 ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय के बजाय बाहर से भुगतान किया गया। पकड़े जाने पर उपनिदेशक ने सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक व प्रधान पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का भुगतान ग्राम सचिवालय के कंप्यूटर और गेटवे पोर्टल से करना अनिवार्य है। उपनिदेशक लखनऊ मंडल गिरीश चंद्र रजक ने 1 से 31 मार्च तक गेटवे पोर्टल से भुगतान की समीक्षा की तो लखनऊ मंडल की 51 ग्राम पंचायत में बाहर से भुगतान करना पाया। इनमें हरदोई की दो, लखीमपुर खीरी की 27, लखनऊ की एक, रायबरेली की एक, सीतापुर की 14, उन्नाव की छह ग्राम पंचायत हैं।

शासन के निर्देशों का उल्लंघन पर संबंधित जिला पंचायत राज अधिकारी को सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक व प्रधान पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# अवैध कट बंद करें, चेतावनी बोर्ड लगाएं अगर फिर खुलें तो कराएं एफआईआर

## प्रमुख सचिव परिवहन ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा की समीक्षा बैठक के दौरान दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा की समीक्षा करते प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू।

**अमृत विचार :** प्रमुख सचिव ने कहा कि एनएचएआई मार्गों पर अवैध कट बंद कर चेतावनी बोर्ड लगाएं। बंद किये गये अवैध कट अगर क्षतिग्रस्त किये गए हैं तो इस पर दंडनीय कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए जिम्मेदार पर एफआईआर कराई जाए।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के बीच ही शुक्रवार को टिहरी कोठी स्थित परिवहन निगम मुख्यालय में समिति से जुड़े सभी स्टेक होल्डर (हितधारक) के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सचिव परिवहन एल.वेंकटेश्वर लू ने की। इसमें परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त (राजस्व), लोनिवि, एनएचएआई, यीडा, यूपीडा, स्थानीय निकाय, पुलिस, बेसिक/माध्यमिक/उच्च शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के अधिकारियों की मौजूदगी रही।

प्रमुख सचिव ने कहा कि टोल प्लाजा पर ओवरलोडिंग की सूचना प्रत्येक माह संबंधित जिले के परिवहन अधिकारी को दी जाए। टोल प्लाजा पर स्थापित वे-इन मोशन को क्रियाशील बनाया जाए और इनका अनुश्रवण नियमित रूप से किया जाए। एनएचएआई ने बताया कि संस्था से जुड़े मार्गों पर चिह्नित कुल 3,504 जंक्शन में से 150 जंक्शनों पर व्यवस्था सुचारू करने की बात कही। टैक्टर-ट्रालियों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाया जा रहा है।

प्रमुख सचिव, परिवहन ने कहा कि परिवहन, पुलिस और यातायात विभाग जागरूकता अभियान के साथ-साथ सड़क सुरक्षा से जुड़े हुए अभियोगों हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग, ड्रंकन ड्राइविंग, रांग साइड ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करें।

▸▸ विभिन्न विभागों और संस्थाओं से जुड़े सभी हितधारक बैठक में हुए शामिल

**हादसों के प्रभावितों से संवाद कर जानें विचार**

उच्च एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि एनसीसी/एनएसएस/स्काउट गाइड के माध्यम से प्रमुख चौराहों/मलिन बस्ती एवं ग्रामों में सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्रमुख सचिव ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल एवं मृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों को आमंत्रित करें और उनके विचारों को छात्रों के मध्य साझा करें। रोड सेफ्टी क्लब एवं वालेंटियर्स के माध्यम से 18 वर्ष से कम आयु के युवाओं को वाहन न दिया जाए। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने, स्टंट न करने, रांग साइड ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न किये जाने के बारे में जागरूक किया जाये।

# सड़क दुर्घटनाओं में आई गिरावट

## हादसों और मौत के आंकड़ों में वर्ष की पहली तिमाही राहत देने वाली

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** सड़क दुर्घटनाओं को लेकर अरसे बाद राहत देने वाली खबर सामने आई है। पिछले करीब एक दशक से साल-दर-साल लगातार बढ़ रहे हादसे और उनसे होने वाली मौतों की संख्या में वर्ष-2024 की प्रथम तिमाही में ब्रेक लगा है। न केवल हादसे और मौतों की संख्या में कमी दर्ज की गई, बल्कि आंकड़ों का यह ग्राफ माइनस में पहुंच गया है। बीते वर्ष यानी साल 2023 में पहली जनवरी से 31 दिसंबर के बीच सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 6.7 फीसद की बढ़ोतरी हुई थी और मृतकों की संख्या में 4.7 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया था। लेकिन इस साल आए प्रथम तीन माह (जनवरी, फरवरी, मार्च-2024) में दुर्घटनाओं और जनहानि के घटे आंकड़ों ने राहत का अहसास कराया है। आंकड़ों के घटने का यह क्रम स्थायी बना रहे तो सफर और सुरक्षित रहेगा।

**जनवरी से मार्च तक के आंकड़े**

पिछले वर्ष (2023)
सड़क हादसों की संख्या -10,782
मृतकों की संख्या-5,971

इस वर्ष (2024)
सड़क हादसों की संख्या-10,472
मृतकों की संख्या-5,698

**बीते दो वर्ष का ग्राफ**

| वर्ष | दुर्घटनाएं | मौत |
|---|---|---|
| 2022 | 41,746 | 22,595 |
| 2023 | 44,534 | 23,652 |

नोट-साल 2022 की तुलना में जनवरी से दिसंबर 2023 तक हादसों में 6.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ था।



“निश्चित तौर पर प्रथम तीन माह के आंकड़े राहत देने वाले हैं। कोशिश होगी कि पहली तिमाही की तरह इनमें लगातार कमी बनी रहे और जनहानि का ग्राफ सिमटता रहे। इस साल भी मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू, परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह द्वारा जारी की गई गाइडलाइन पर ठोस पहल करने को कहा गया है। टॉप-20 जिलों में हर हाल में सुरक्षित सड़क तय करने को कहा गया है। साथ ही करीब 40 फीसद हादसों के स्थानों यानी टी-वाई जंक्शन पर कदम उठाने और सख्त निगरानी को कहा गया है।

- पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

### पोर्टल चालू आठ हजार शिकायतों के क्लेम गोल

**अमृत विचार, लखनऊ :** तकनीकी खराबी में फंसा प्रधानमंत्री फसल बीमा का पोर्टल तो चालू हो गया है। लेकिन, बीमा कंपनियों ने रबी फसलों के नुकसान की आठ हजार शिकायतों का आकलन और भुगतान नहीं किया है। इस पर कृषि विभाग ने कंपनियों को पत्र जारी कर चेतावनी दी है। प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं समेत रबी की अन्य फसलें बर्बाद हुई थीं। उस समय बीमित फसलों की करीब आठ हजार शिकायत टोलफ्री नंबर पर किसानों ने दर्ज कराई थी। यह व्यक्तिगत क्षतिपूर्ति थी, जो एक माह में आकलन कर किसानों को भुगतान करनी थी। लेकिन, कंपनियां तय समय पर आकलन नहीं कर पाईं। भुगतान की बारी आई तो पोर्टल तकनीकी खराबी से बंद हो गया। यह भी बहाना काफी दिन चला। इस सप्ताह पोर्टल चालू हुआ तो कंपनियों ने गंभीरता नहीं दिखाई है। उपनिदेशक कृषि निदेशालय उमाशंकर सिंह ने बताया कि प्रक्रिया चल रही है। कंपनियों को भुगतान करने के लिए पत्र जारी किया है।

# सांसद संघमित्रा मौर्या की याचिका हाईकोर्ट में खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बिना तलाक कथित दूसरी शादी का है आरोप

**अमृत विचार :** कथित रूप से बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने व धोखा देने के आरोप के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्या को राहत देने से इंकार कर दिया है। न्यायालय ने कहा है कि संघमित्रा मौर्या को तलब किए जाने का आदेश पारित कर निचली अदालत ने कोई त्रुटि नहीं की है।

न्यायालय ने यह भी कहा कि इसी मामले में 12 अप्रैल को भाजपा सांसद के पिता व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या की याचिका भी खारिज की जा चुकी है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने परिवाद की कार्यवाही को निरस्त किए जाने की मांग वाली संघमित्रा मौर्या की याचिका को खारिज कर दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने पारित किया। पत्रावली के अनुसार, सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्या समेत अन्य के खिलाफ परिवाद दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। संघमित्रा और उसके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने बताया कि संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक हो गया है। लिहाजा वादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से उसके घर पर शादी कर ली, हालांकि बाद में जब उसे संघमित्रा के तलाक न होने की बात का पता चला तो शादी की बात उजागर न होने पाए इसलिए उस पर जानलेवा हमला कराया गया।

उक्त परिवाद को चुनौती देते हुए संघमित्रा की ओर से दलील दी गई कि परिवादी द्वारा लगाए गए आरोपों में काफी विरोधाभास है, जिन पर ध्यान देते हुए निचली अदालत ने याची को तलब किया है। कहा गया कि निचली अदालत ने अपने न्यायिक मस्तिष्क का प्रयोग नहीं किया है। हालांकि न्यायालय ने इन दलीलों को अस्वीकार करते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित तलबी आदेश में कोई कमी नहीं है।

# रेमंड यादव 'लंदन वाला' बन कर युवती को ठगा

## युवती को प्रेमजाल में फंसाने वाला आरोपी निकला नाइजीरिया का नागरिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एसटीएफ ने दिल्ली से किया गिरफ्तार, कई नाइजीरियन ठगी के धंधे में शामिल

▸▸ करोड़ों रुपये के पाउंड व महंगी ज्वेलरी आदि गिफ्ट भेजने के नाम पर की गई ठगी



आरोपी क्लिटस ओबियाजी

**अमृत विचार :** इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स आदि पर रेमंड यादव लंदन के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर आलमबाग की एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर ठगने वाले एक नाइजीरिया के नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ ने यह गिरफ्तारी दिल्ली से की है। एसटीएफ द्वारा पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी क्लिटस ओबियाजी ने बताया कि नाइजीरिया के तमाम युवक इसी तरह से ठगी के काम लगे हुए हैं। नाइजीरियन के पास से 10 मोबाइल, नाइजीरिया का फर्जी पासपोर्ट, आईडी और निर्वाचन कार्ड भी बरामद किया गया है।

मामले को देख रहे एएसपी विशाल विक्रम ने बताया कि मई 2023 से इस मामले को फॉलो किया जा रहा था। आलमबाग की एक युवती से फेसबुक पर रेमंड यादव लन्दन के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर दोस्ती की गई और उसे प्रेमजाल में फंसाकर करोड़ों रुपये के पाउंड व महंगी ज्वेलरी आदि गिफ्ट भेजने की बात बताई गई। अन्य महिला द्वारा कॉल कर खुद को दिल्ली एयरपोर्ट की कस्टम अधिकारी बता कर वीडियो काल पर एक पैकेट दिखाया गया, जिसमें ज्वेलरी व महंगे गिफ्ट आदि थे। गिफ्ट प्राप्त करने के लिए कस्टम चार्ज के रूप में 25,900 जमा करने को कहा गया। युवती द्वारा कथित महिला कस्टम अधिकारी द्वारा बताये गये खाते में गूगल-पे के माध्यम से भेज दिया गया। जिसके बाद बताया गया कि आपके पैकेट में लगभग 10 लाख कीमत के पाउंड हैं, जिसके लिये फाइनेन्स डायरेक्टर का सर्टिफिकेट लेना पड़ेगा, इस सर्टिफिकेट के लिये 10 हजार रुपये जमा करने होंगे। 10 हजार जमा करने के बाद फर्जी अधिकारी द्वारा फाइनेन्स डायरेक्टर के नाम का एक कूटरचित सर्टिफिकेट भेजा गया एवं बताया गया कि पाउंड को इंडियन करेन्सी में बदलने के लिए 85,000 जमा कर सर्टिफिकेट लेना होगा। युवती द्वारा उक्त 85,000 रुपए जमा करने के पश्चात रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नाम का एक कूटरचित सर्टिफिकेट भेजा गया। फिर टैक्स जमा करने के नाम पर 7,500 रुपये फिर जमा करने की बात कही गई। रुपये जमा करने के बाद एक और कूचरचित दस्तावेज भेजा गया।

इसके कई दिनों बाद तक पैकेट रिसीव न होने पर युवती द्वारा फर्जी कस्टम अधिकारी से व्हाट्सएप पर बात की गई तो बताया गया कि आपके पैकेट में करोड़ों रुपये के पाउंड निकल आये हैं। आपके ऊपर तो मनी लांड्रिंग का मामला बन रहा है, बताकर रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया का सर्टिफिकेट दिलाकर केस खत्म कराने के लिए 10,000 रुपये और जमा करा लिया। दो दिन तक पैकेट रिसीव न होने पर युवती द्वारा पता किया गया तो पता चला की उसके साथ ठगी हो गई है।

# एलडीए उपाध्यक्ष की सास को मिली राहत

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बेनामी संपत्ति मामले में जारी नोटिस हाईकोर्ट ने की खारिज

**अमृत विचार :** बेनामी सम्पत्ति के आरोप के एक मामले में लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी की सास मीरा पांडेय को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच से बड़ी राहत मिली है। न्यायालय ने उनके खिलाफ बेनामी सम्पत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम (पीबीपीटी एक्ट) के तहत आयकर विभाग द्वारा जारी नोटिस व सम्पत्ति के अस्थाई (प्रोविजनल) अटैचमेंट के आदेश को खारिज कर दिया है। उक्त नोटिस में सम्पत्ति का लाभार्थी इंद्रमणि त्रिपाठी को बताया गया था।

यह निर्णय न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने मीरा पांडेय की याचिका पर पारित किया है। याचिका में 5 जनवरी 2023 को जारी नोटिस व प्रोविजनल अटैचमेंट के आदेश को चुनौती दी गई थी। याचिका में जिस नोटिस व आदेश को चुनौती दी गई थी, वह सृजन विहार कॉलोनी की एक सम्पत्ति के सम्बंध में जारी की गई थी। याचिका का विरोध करते हुए आयकर विभाग की ओर से ठेकेदार मेसर्स विष्णु मित्र बिल्डकॉन के पार्टनर कृष्ण कुमार दूबे के बयान का हवाला दिया गया जिसमें उसने स्वीकार किया था कि उक्त सम्पत्ति के वास्तविक मालिक एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी हैं। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि आयकर विभाग के पास उक्त ठेकेदार के बयान के सिवाय कोई भी ठोस दस्तावेजी साक्ष्य नहीं है। न्यायालय ने कहा कि बेनामी सम्पत्ति अधिनियम के तहत प्रक्रिया शुरू करने के लिए मात्र ठेकेदार का बयान पर्याप्त आधार नहीं है।

**मुद्दा** एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं व समर्थकों के बीच आरोप-प्रत्यारोप

# चुनावी राजनीति में मंगलसूत्र की खींचतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रियंका के बाद डिंपल ने मंगलसूत्र पर दी दुहाई तो एनडीए समर्थित महिलाओं ने इस पर मांगा हिसाब





**अमृत विचार :** मोदी की गारंटी से लेकर हिंदू-मुसलमान, अयोध्या, घुसपैठिया, जाति जनगणना जैसे गूंज रहे मुद्दों के बीच अचानक चुनाव में 'मंगलसूत्र' हावी हो गया लगता है। कांग्रेस के घोषणा-पत्र से निकले मंगलसूत्र (मुद्दे) को झपटने की मानो एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच खींचतान मची हो। विषय महिलाओं से जुड़ा है नतीजतन, इंडी खेमा जहां मंगलसूत्र की दुहाई दे रहा वहीं, एनडीए समर्थित खेमे की महिलाएं उन्हें इसके लिए जवाबदेह ठहरा रही हैं। कुल मिलाकर देश की करोड़ों महिलाओं का मंगलसूत्र मौजूदा लोकसभा चुनाव के संघर्ष में नया मुद्दा बनकर उभरा है।

दरअसल, सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र में दर्ज विरासत टैक्स पर सवाल खड़े करते हुए आमजन को समझाया कि ये आपका मंगलसूत्र तक बचने नहीं देंगे। फिर क्या था, इस बार मंगलसूत्र को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने लपका। प्रियंका ने कहा, मेरी मां सोनिया गांधी का मंगलसूत्र इस देश पर कुर्बान हो गया। सच्चाई यह है कि ये (भाजपा) लोग महिलाओं के संघर्ष को नहीं समझ सकते। बस इसके बाद तो मुद्दे की छीनाझपटी की तरह दोनों खेमों के नेताओं का मंगलसूत्र पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया। ऐसा लगता है कि इसके आगे सारे मुद्दे भी कहीं गौण हो गए।

अमेठी से चुनाव लड़ रहीं भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी ने भी वहां की एक जनसभा में अपने विचार व्यक्त करते हुए स्त्रियों के गहनों को लेकर आमजन को कांग्रेस की मंशा बतायी। वहीं, मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने पुलवामा घटना का जिक्र करते हुए सवाल किया कि उन जवानों की पत्नी के मंगलसूत्र किसने छीने?

अब इस तीखी राजनीतिक बयानबाजी के बाद सपा नेत्री डिंपल यादव उन महिलाओं के निशाने पर आ गई हैं, जिनके पतियों की हत्या उस दौरान हुई, जब सपा की सरकार थी। डिंपल के सवाल पर पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय, प्रयागराज के अधिवक्ता स्व. उमेश पाल की पत्नी जया पाल और वाराणसी के पूर्व डिप्टी मेयर स्व. अनिल सिंह की पत्नी सीता सिंह ने पलटवार किया और अपने-अपने मंगलसूत्र का हिसाब डिंपल यादव से मांगा।

अतीक अहमद गैंग का शिकार बने प्रयागराज के अधिवक्ता स्व. उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा कि मेरी जैसी कई बहनों का मंगलसूत्र सपा पोषित माफियाओं ने छीना है। उस वक्त डिंपल कहां थी, जब मेरे पति और दो पुलिसकर्मियों को गोलियों से छलनी किया जा रहा था। कहा कि हमारे बहादुर जवानों ने पुलवामा हमले का बदला सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए पूरी बहादुरी से ले लिया है।

वहीं, पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय ने भी मीडिया से साझा एक प्रतिक्रिया में कहा कि मेरे पति की हत्या के वक्त सात लोगों की हत्या हुई थी। उस वक्त लाल कृष्ण आडवाणी और राजनाथ सिंह जैसे नेता धरने पर बैठे थे, मगर सपा का कोई नेता हमारे आंसुओं को पोंछने नहीं आया।

इसी कड़ी में वाराणसी के पूर्व डिप्टी मेयर स्व. अनिल सिंह की पत्नी सीता सिंह ने भी डिम्पल यादव के बयान पर कहा कि वह पुलवामा मामले में न बोलें तो अच्छा होगा। क्योंकि पुलवामा को लेकर मोदी सरकार बेहतर ढंग से हिसाब किताब कर रही है। स्पष्ट है कि, राष्ट्रीय बहस के बन चुके इस विषय को प्रदेश की खास महिलाओं ने भी पकड़ लिया है।

# फर्जी प्रमाणपत्रों पर नौकरी कर रहा शिक्षक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर बीटीसी शिक्षक की नौकरी कर रहे एक व्यक्ति को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि प्रमाणपत्र के आधार पर आधार कार्ड और पैन कार्ड में पिता का परिवर्तित नाम पाया गया। कार्रवाई एसटीएफ पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश शाही के नेतृत्व में की गई।

पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि राजीव शुक्ला पुत्र उमाशंकर शुक्ला निवासी मामखोर, गगहा गोरखपुर, के खिलाफ सूचना प्राप्त हुई थी। इस दौरान देवरिया के बीएसए से राजीव शुक्ला से जुड़े अभिलेख मांगे गए। पता चला कि किसी अन्य के आधार कार्ड और पैन कार्ड के आधार पर नाम आदि को परिवर्तित कराकर अभिलेखों के रूप में शामिल कराया गया है। जबकि असल स्थिति दूसरी पाई गई। ऐसी स्थित में राजीव शुक्ला को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# लोकसभा चुनाव : पहले दिन आठ दल समेत 11 ने खरीदे 13 नामांकन पत्र

## कलेक्ट्रेट में गहमागहमी का रहा माहौल, सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहे लोग

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण का डंका बज गया है। शुक्रवार को नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हो गई। पहले दिन आठ राजनैतिक दलों समेत 11 ने 13 नामांकन पत्र खरीदे। इसमें नेहरू जनहित कांग्रेस और एक निर्दलीय ने दो-दो सेट, जबकि अन्य ने एक-एक सेट में नामांकन पत्र खरीदे। इस दौरान सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था रही।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि 36 रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न करायी जा रही है। इसके तहत नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हो गई है। जिला सूचना विभाग की ओर से जारी पत्र के मुताबिक अखिल भारतीय अपना दल, भारतीय राष्ट्रीय दल, अपना दल कामेरावादी, भारतीय पंचशील पार्टी, अर्जक अधिकार दल, मानवतावादी समाज पार्टी, आजाद भारत पार्टी डेमोक्रेटिक के अलावा दो निर्दलीयों ने एक-एक सेट में नामांकन प्रपत्र खरीदा। वहीं नेहरू जनहित कांग्रेस और एक निर्दलीय ले दो-दो सेट नामांकन पत्र खरीदा। नाम निर्देशन दाखिल करने की अन्तिम तिथि तीन मई है। इसके अलावा नाम निर्देशन की जांच चार मई और उम्मीदवारों के नाम वापसी की अंतिम तिथि छह मई निर्धारित है। नामांकन दाखिल करने का समय 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे के मध्य रिटर्निंग ऑफिसर जिला मजिस्ट्रेट रायबरेली या सिद्धार्थ चौधरी उप जिलाधिकारी ऊंचाहार/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर 183-ऊंचाहार को उम्मीदवारों द्वारा नामांकन किया जा सकेगा। नामांकन पत्रदाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है।


कलेक्ट्रेट परिसर में बनाए गए नामांकन कक्ष में अभिलेख जांचती जिला निर्वाचन अधिकारी।

### 36 रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र पर एक नजर

| | |
|---|---|
| मतदान | 20 मई |
| कुल मतदाता | 1783885 |
| पुरूष मतदाता | 931171 |
| महिला मतदाता | 852678 |
| अन्य | 36 |
| जेंडर रेशियों | 916 |
| 18-19 वर्ष मतदाताओं की संख्या | 28135 |
| मतदेय स्थल | 1867 |
| मतदान केंद्र | 1236 |
| उड़नदस्ता टीम | 45 |
| स्टैटिक सर्विलांस टीम | 45 |
| वीडियो सर्विलांस टीम | 05 |
| वीडियो निगरानी टीम | 05 |

# कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर किया प्रदर्शन


प्रदर्शन करते आक्रोशित कर्मचारी।

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** एनटीपीसी में संविदा पर काम कर रही निजी कंपनी के कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं मिला है। महीनों से वेतन का इंतजार कर रहे कर्मचारियों का आखिरकार शुक्रवार को सब्र का पैमाना छलक गया और सैकड़ो कर्मचारियों ने प्रदर्शन करके अपना गुस्सा प्रकट किया है। एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में काम कर रही बड़ी कंपनी एनबीपीपीएल के अधीन उपसंविदाकार संस्था बीटीएल काम कर रही है। बीटीएल के करीब डेढ़ सौ कर्मचारियों को विगत चार माह से वेतन नहीं मिला है जिसके कारण कर्मचारियों के सामने भारी संकट हैं। बताया जाता है कि बाहर से आकर यहां किराए पर कमरा लेकर रह रहे कर्मचारी न तो अपने कमरे का भाड़ा दे पा रहे है और न ही अपने खाने का जुगाड कर पा रहे हैं। कर्मचारी अपने कंपनी के अधिकारियों से लगातार वेतन भुगतान की मांग कर रहे हैं। बीटीएल अधिकारियों का कहना है कि मुख्य कंपनी एनबीपीपीएल ने उनका भुगतान रोक रखा है जिसके कारण वह अपने कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पा रहे हैं। इसी बात को लेकर शुक्रवार को कर्मचारी अक्रोषित हो गए और उन्होंने एनबीपीपीएल के विरुद्ध हंगामा शुरू कर दिया और कर्मचारी धरने पर बैठ गए। परियोजना संयंत्र क्षेत्र के अंदर कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही एनटीपीसी प्रबंधन भी हरकत ने आया और जिम्मेदार कंपनी के अधिकारियों को मौके पर भेजा गया। अधिकारियों ने किसी तरह कर्मचारियों को समझा बुझाकर शांत किया है। इस दौरान करीब तीन घंटे तक हंगामा चलता रहा और कंपनी का सारा कामकाज ठप था।

## सार-संक्षेप

### भक्ति के लिए प्रभु परमात्मा की पहचान जरूरी : महात्मा

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** संत निरंकारी सत्संग भवन में शुक्रवार को महिलाओं के सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दराज से आई महिला साध संगतो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संत निरंकारी सत्संग भवन में महात्मा रेखा पांडे ने कहा कि भक्ति करने के लिए प्रभु परमात्मा की पहचान जरुरी है। निरंकार की अनुभूति केवल सद्गुरु द्वारा प्रदत ब्रह्म ज्ञान से ही संभव है। एक प्रभु परमात्माका अंग संग दीदार करते हैं। इस एक की भक्ति करना है। जीवन में भक्ति का आनंद आता है, तभी हमारे जीवन में बदलाव आता है। आज देखने को मिलता है कि किस तरह से इंसान मानो स्थिति और परिस्थिति में उलझा के रह जाता है। स्थिति को सही करते-करते वह अपने मन की स्थिति को पूरी तरह से बिगाड़ लेता है। इस मौके पर उषा, वंदना, पूनम, साधना, गुड्डी, रजनी, कर्मावती, मीरा दीक्षित, लक्ष्मी, निशु, अनामिका आदि महिला साथ संगत मौजूद रही।

### परिश्रम से मिलती है सफलता की मंजिल : शशिकांत शर्मा



समारोह में विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देते प्रबंधक। अमृत विचार


**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज आफ हायर एजुकेशन सलेथू में स्नातक के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डा शशिकांत शर्मा व डा रश्मि शर्मा, प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने संयुक्त रूप से किया। शुक्रवार को आयोजित विदाई समारोह में प्राचार्य डा शिव ओम श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बीएससी पूर्वार्ध के छात्रों ने अतिथियों को टीका, बैज एवं पुष्पगुच्छ भेट किया। संस्थान की ओर से सभी विद्यार्थीयों को स्मृति चिन्ह व विभिन्न क्षेत्रों में विशेष प्रदर्शन के लिए शैक्षिक प्रगति का उपहार दिया गया। प्रबंधक डा शशिकांत शर्मा ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साहवर्धन एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि परिश्रम ही हमें सफलता की मंजिल तक पहुंचाती है इसलिए यदि सफल बनना है तो हमें लोगों के बीच से हटकर अलग परिश्रम करना पड़ेगा, जिसकी आलोचना होती है वही सफलता को प्राप्त करता है। इस अवसर पर डा अरूण चौधरी, डा रश्मि श्रीवास्तव, अनीता मौर्या, डा वंदना पांडे, डा जितेन्द्र सिंह, अविरल, कोमल वर्मा, डा इंदु चौधरी आदि समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षुओं ने बिन बर्तन बनाए पकवान


प्रशिक्षुओं से बातचीत करते अतिथि। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** श्री महावीर सिंह स्मारक महाविद्यालय हरचंदपुर में डीएलएड 2021 के प्रशिक्षुओं का स्काउट गाइड का प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान ध्वज शिष्टाचार, टोली विभाजन, आधारभूत सिद्धांत, रस्सी से कई प्रकार की गांठे बंधन की विशेष जानकारी दी गई। चौथे दिन सभी टोलियों ने अल्प समय में बिन समुचित सामग्री के टेंट का निर्माण किया और विभिन्न प्रकार के बिना बर्तन के पकवान बनाएं। इस मौके पर प्राचार्य अनुराग चौधरी, अवधेश सिंह, श्रीराम यादव, मोहिता उपाध्याय, संजय मिश्र, विनय प्रताप सिंह, अमन कुमार झा, दीप नारायण ललिता, मनीषा आदि उपस्थित थे।

## आपका हर मत अमूल्य है, प्रलोभन से करें तौबा




**रायबरेली।** शहर के कैनवास क्लब की कंचन उपाध्याय ने लोकतंत्र में मतदान के मंत्र को अपनी कलाकृति के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया है। मत से है मतदान, बढ़ेगी देश की शान। उन्होंने चुनाव में अपनी कलाकृति के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान के तहत लोगों को प्रलोभन से दूर रहने की नसीहत दी है और होने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। आपके भी मन में मतदान को लेकर कोई सवाल गूंज रहा है तो उसे अमृत विचार समाचार पत्र में भेज सकेत हैं। आपकी कलाकृतियों के माध्यम से सवाल और जवाब प्रकाशित किया जाएगा। 20 मई को होने वाले चुनाव में जिला प्रशासन की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम में आप भी भागीदारी कर सकते हैं। अपनी कलाकृतियों को ई-मेल आईडी avrbl@gmail.com या व्हाटसएप नंबर 9140826999 पर भेज सकते हैं।

## दो बारातियों पर मुकदमा दर्ज

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** बारात में उत्पात मचाते हुए एक युवक पर हमला करने वाले दो बारातियो के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घटना बुधवार रात की है। वही घायल युवक जिंदगी और मौत के बीच अस्पताल में जूझ रहा है। कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला पैगम्बरपुर पश्चिमी में बुधवार रात पृथ्वीपाल जोशी की बेटी की बारात में उपद्रवी बारातियो ने डीजे पर डांस करने के विवाद को लेकर राजकमल जोशी के ऊपर स्टील की रॉड से जानलेवा हमला किया था। घटना को अंजाम देने वाले कुच्चू पांडे आनंद पांडे दोनो अयोध्या के रहने वाले है। घायल युवक के भाई सत्यम जोशी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही कि मांग की थी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र ने बताया कि युवक के भाई की तहरीर लेकर दो लोगो के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की जांच की जारही है।

# शादी में चले लात-जूते, 7 लोग घायल

▸▸ **डीजे पर डांस को लेकर दो गांवों में हुई जमकर मारपीट, घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती**

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** शादी कार्यक्रम के दौरान दो गांवों में जमकर मारपीट हुई है। एक गांव में जूता चोरी की रस्म के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि घराती और बराती भिड़ गए, जिसमें दूल्हे के दो भाई समेत तीन लोग घायल हुए है, जबकि दूसरे गांव में डीजे पर नृत्य करने को लेकर नशा सिर चढ़कर बोला और जमकर हुई मारपीट में चार लोग घायल हुए है।

पहला मामला क्षेत्र कजराबाद का है। गांव सुंदर नगरी मजरे मोखरा से दशरथलाल के यहां बारात आई थी। शुक्रवार की प्रातः जूता चोरी की रस्म के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई उसके बाद शादी का मंडप जंग का मैदान बन गया। जिसमें जमकर जूता लात चले। परिणाम स्वरूप दूल्हा संजय के भाई पप्पू और शिव करन तथा दूल्हा का दोस्त सतीश कुमार घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित पक्ष कोतवाली पहुंचा, जहां दोनो पक्षों को कोतवाल ने समझा बुझाकर लड़की की विदाई की रस्म पूरी कराई। दूसरी घटना में क्षेत्र के किरवाहार गांव निवासी संतलाल के घर क्षेत्र के ही किसुनदासपुर गांव निवासी लक्ष्मी नारायण उर्फ ननकऊ के बेटे की बारात गांव पहुंची थी। द्वारचार के समय डीजे बाजे के धुन पर दोनों पक्षों के युवा थिरक रहे थे। नशे में धुत दो पक्षों में इसी बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। दोनों पक्ष एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। लाठी डंडे लेकर एक दूसरे पर हमलावर हो गए। मारपीट में बारात आए किशुंदासपुर निवासी सचिन, संदीप कुमार व प्रदीप कुमार कथा दूसरे पक्ष से किरवा हार निवासी सुनील कुमार घायल हो गए। ग्रामीणों के बीच-बचाव के बाद मामला शांत हुआ। रात में ही दोनों पक्षों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी है। सीएचसी अधीक्षक डा मनोज शुक्ल ने बताया कि संदीप कुमार व सुनील को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। जांच करा कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

वीणा पाणि इण्टर कॉलेज
जैतूपुर रोड, मलिकमऊ, रायबरेली
Nursery to Intermediate
Hindi & English Medium
प्रदेश मेरिट में 8वां व जनपद में दूसरा स्थान
बोर्ड परीक्षा परिणाम 2024




प्रवेश प्रारंभ
वीणा पाणि प्ले ग्रुप स्कूल






संदेश

प्रिय बच्चों एवं अभिभावकों, आप सभी को विद्यालय परिवार की ओर से ढेर सारी बधाई। आज मैं आपके सामने एक अत्यंत गौरवशाली और भावनात्मक पल को साझा कर रहा हूं। मेरे पूज्य पिता जी स्व. वीरेन्द्र कुमार शर्मा जी द्वारा वर्ष 1991 में बहुत ही छोटे स्तर पर इस विद्यालय की स्थापना की गई थी। पिताजी के जाने के बाद उनके सपनों को हम लोगों ने बिखरने नहीं दिया। हर किसी के विश्वास को बरकरार रखने की पूरी कोशिश की। नतीजा आज आप सबके सामने है। हर साल हमारे यहां के छात्र प्रदेश और जिला स्तर की मेरिट लिस्ट में आ रहे हैं। आपके विश्वास का ही परिणाम है कि आज यह संस्था हजारों बच्चों की उच्च एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, एक वट वृक्ष की भांति दे रही है। पिताजी की कल्पनाओं को नया आयाम देने में सहायक होने का मुझे सौभाग्य मिला है। वर्ष 2024 बोर्ड परीक्षा में पूरे उत्तर प्रदेश में विद्यालय के छात्र ने आठवीं रैंक प्राप्त किया है। इस सफलता का श्रेय भी आप सभी विद्यार्थियों को जाता है, जिन्होंने कठिन परिश्रम और निष्ठा के साथ पढ़ाई की है। आप सभी ने अपनी मेहनत और समर्पण से हमें गौरान्वित किया है। एक बार फिर छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। आप सभी का भविष्य उज्जवल हो।


अजीत कुमार शर्मा
प्रधानाचार्य
वीणा पाणि इंटर कालेज, रायबरेली



अमृत विचार
www.amritvichar.com

# सड़क हादसे में छिन गया कुल का 'दीपक'

## एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से गांव में पसरा मातम, बारात से बोलेरो पर सवार होकर वापस घर आ रहे थे कर्मी

संवाददाता, रायबरेली



जिला अस्पताल में लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार



दुर्घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त बोलेरो। अमृत विचार



राघवेंद्र यादव उर्फ रामबाबू (फाइल फोटो)



पंकज (फाइल फोटो)



दीपक (फाइल फोटो)



अवधेश (फाइल फोटो)

**अमृत विचार।** लालगंज थाना क्षेत्र के पूरे कटहरियन गांव में एक ही परिवार के तीन व एक साथी की हुई सड़क हादसे में मौत ने पूरे जिले और रेलवे महकमे को सदमे में डाल दिया है। गांव में परिवार के एक लड़के के शादी समारोह में शामिल होने गए थे। बारात से एक ही बोलेरो पर सवार होकर रेलवे कर्मचारी वापस अपने घर आ रहे थे, तभी उनकी बोलेरो मिल एरिया थाना क्षेत्र के मालिन का पुरवा गांव के पास पुल की रेलिंग से टकरा कर पलट गई थी, हादसे में जहां वाहन के परखच्चे उड़ गए थे। वहीं बोलेरो सवार वाहन में फंसे रहे। कड़ी मशक्कत के बाद बोलेरो में फंसे लोगों को बाहर निकाला लेकिन तब तक रामबाबू उर्फ राघवेंद्र, पंकज पाल, अवधेश पाल व दीपक पाल की मौत हो गई। दीपक पाल को छोड़कर सभी शादीशुदा थे। जबकि दीपक अविवाहित था और अपने मां बाप की बुढ़ापे की लाठी थी। लेकिन हादसे ने जहां मां बाप को बुजुर्ग अवस्था में अकेला कर दिया। दीपक की मौत के बाद अब कुल का दीपक भी बुझ गया।

**उजड़ गई तीन परिवारों की खुशियां :** कटहरियन पुरवा से गई बारात में शामिल होने के लिए गए चार रेलवे कर्मचारियों की हुई मौत से जहां विभाग को सदमा लगा है। गांव से परिवार की शादी में शामिल होने गए तीन रेलवे कर्मचारी आपस में करीबी थे। राघवेंद्र उर्फ रामबाबू अपने परिवार के अकेले चिराग थे तो वहीं पंकज और अवधेश भी अपने परिवार के इकलौते चिराग थे। यह सभी अपने मां बाप और बच्चों की परवरिश में खुश रहते थे। लेकिन हादसे ने जहां मांग का सिंदूर छीन लिया है तो किसी की बुढ़ापे की लाठी को छीना है। गांव में एक साथ हुई इतनी मौतों के बाद आसपास के इलाकों में सन्नाटा पसर गया है। सभी शव को डलमऊ गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### रेलकोच में गई थी जमीन तब मिली थी नौकरी

कोच फैक्ट्री के बनने के कारण आसपास के किसानों की बड़ी तादाद में जमीनें रेलवे ने खरीदी थी उसमें इन सभी मृतकों की भी जमीनें गई थी, जिसके बदले इन्हें पैसा और नौकरी मिली थी। हादसे में मौत के गाल में समाए ऐहार निवासी राघवेंद्र उर्फ रामबाबू लखनऊ में इंजीनियरिंग वर्क्स में तैनात थे। जबकि पंकज और दीपक रायबरेली में सिग्नल विभाग में कार्यरत था। जबकि अवधेश बछरावां स्टेशन में सिग्नल विभाग में थे। लगभग दस पूर्व सभी को रेलवे विभाग में नौकरी मिली थी।

## वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** सड़क किनारे खड़ी महिला को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घायल अवस्था में अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते मे वृद्ध महिला की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर लेकर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली अंतर्गत माधवपुर पाठक निवासी वृद्धा कान्तिदेवी (59) पत्नी भगवत प्रसाद मिश्र सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान प्रतापगढ़ से सलोन की तरफ अनियंत्रित तेज रफ्तार से जा रही अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने महिला को घायल अवस्था अस्पताल ले जा रहे थे, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। मृतक महिला के पति ने बताया कि गांव के लोगो ने बोलेरो चालक के गाड़ी का नम्बर देखा है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा करवाते हुए पीएम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरिक्षक जितेंद्र ने बताया कि मृतक महिला के पति की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## सार-संक्षेप

### दो महीने बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** दो महीने पूर्व किसान का एटीएम कार्ड बदलकर अलग-अलग एटीएम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैंक खाते से 4 लाख 53 हजार रुपये पार कर दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने उस दौरान कोई कार्यवाही नही की थी। दो महीने बाद अज्ञात व्यक्तियों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के अजय प्रताप चन्द्र निवासी जौदहा ने बताया कि 3 फरवरी 24 को वह अपने पिता ओम प्रताप चन्द्र का एटीएम लेकर एसबीआई करहिया एटीएम पर पैसा निकालने गया था। आरोप है कि उस दौरान पीछे खड़े एक अज्ञात व्यक्ति ने धोखे से उसका एटीएम बदलकर अलग-अलग एटीएम से 4 लाख 53 हजार रुपये पार कर दिए गए। प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र ने बताया कि तहरीर लेकर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### 112 वर्ष की उम्र में परलोक वासी हुए अचल साहब

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** छतोह ब्लॉक के ग्राम परैया नमकसार निवासी व "सुरत शब्द नाद योग अनल पक्ष दिहगा मार्ग" के संस्थापक जोखू सिंह उर्फ सेनापति (अचल साहब) का 112 वर्ष की उम्र में परलोक गमन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर सुनते ही लोगों में शोक व्याप्त है।

### हमले से युवक घायल, केस दर्ज

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के उमरी गांव निवासी आनंद तिवारी पुत्र देवेंद्र तिवारी 24 अप्रैल की रात्रि गांव स्थित एक निमंत्रण से लौट रहा था। आरोप है कि रात में पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही हानि और बगहा निवासी सत्यम ने रास्ते मे उसे रोक लिया। युवक के मुताबिक उसके ऊपर चाकू से मुंह और सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए, जिससे वह घायल हो गया। वही घायल युवक को परिजन लेकर कोतवाली पहुंचे। इसके बाद उसका इलाज कराया गया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र ने बताया कि घटना की तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### आधा दर्जन घरों में लगी आग, तीन सिलेंडर ब्लास्ट



घटना के बाद पूछताछ करते कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के मझगवां हरदोई गांव के खेतो में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आधा दर्जन घर आग की चपेट में आ गये। इस दौरान एक घर व दो छप्पर में रखे तीन सिलेंडर फट गये। इससे गांव में आग के विकराल रूप धारण करने से लोगों में भगदड़ मच गई। हेमराज, अखिलेश, श्याम लाल, अमरराज, बासदेव, गंगाविशुन, कालिका, चंदिका, अशोक, अमरेश, महादेव, रामदेव आदि के घर में आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी होने पर कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ व फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने मिलकर ग्रामीणों से आग को बुझाने में सफलता पा सके।

# दिव्यांगों ने दिया मतदान करने का संदेश

संवाददाता, रायबरेली




मतदाता जागरुकता रैली निकालते दिव्यांग बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समेकित शिक्षा एवं ओम मानव उत्थान संस्थान के संयुक्त प्रावधान में ब्लॉक संसाधन केंद्र अमावां के विभिन्न विद्यालयों एवं गांव में जाकर दिव्यांगों ने दिव्यांग एवं सामान्य मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

विशेष शिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को उनके मतदान के अधिकार की उपयोगिता पर जोर डालते हुए दिव्यांगजनों को निश्चित मतदान करने पर विशेष जोर दिया। दिव्यांगजनों शबाब अली, किरन, अमित, अंचल, आयेश, काजल, करिश्मा ने इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। प्राथमिक विद्यालय मंचितपुर की शिक्षिकाओं फातिमा, मलिक, ज्योति सिंह, ज्योति वर्मा, प्रीति यादव, शालिनी द्विवेदी, कृष्णा कुमारी ने मतदान के महत्व पर अपने-अपने विचार रखे। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय चकपीराशाह में भी उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षिकाओं सीमा दीक्षित, अनीता चौधरी ने भी मतदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस मौके पर किरण, सावित्री, तारावती, भानुमति आदि आंगनवाड़ी केंद्र से अनुपमा द्विवेदी, रूपदेवी आदि उपस्थित रही।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

सलोन, रायबरेली



आलोक यादव (फाइल फोटो)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गिलकैयापुर गांव में एक बिजली मैकेनिक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान मृतक की मां बेटी की ससुराल वैवाहिक समारोह में शामिल होने गई थी। घटना कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

नगर पंचायत सलोन के वार्ड नंबर 4 गिलकैयापुर निवासी आलोक यादव (22) पुत्र स्व रामलखन की बहन सुमन की ससुराल ऊंचाहार में गुरुवार को शादी थी। युवक की मां कुसुम बेटी की ससुराल वैवाहिक कार्यक्रम में गई थी। घर पर युवक अकेला था। उसी बीच देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में उसने अपने कमरे के सीलिंग फैन में रस्सी का फंदा बनाकर खुदखुशी कर ली। सुबह जब उसकी मां ने कई बार फोन किया तो कोई उत्तर नही मिला। इससे मां-बेटी ने अनहोनी की आशंका जताई। मां ने पड़ोस के रहने वाले दिलीप से फोन करके बेटे से बात कराने की बात कही तो उसे घटना की जानकारी हुई। स्थानीय लोगो ने परिजनों के साथ घटना की सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर शव को पीएम के लिए भेजा गया है। घटना आत्महत्या प्रतीत होती है। मामले की जांच की जा रही है।

# एनटीपीसी में 500 मेगावाट की यूनिट में फिर आई खराबी

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बिजली की बढ़ी मांग के बीच एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना की इकाइयां लगातार तकनीकी खामी का शिकार हो रही है। चार दिन पहले सात घंटे के लिए तकनीकी खामी के कारण बंद रही 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट संख्या 6 में फिर खराबी आ गई है। जिसके कारण इस यूनिट को बंद करना पड़ा है।

गुरुवार की रात परियोजना में 500 मेगावाट क्षमता की सबसे बड़ी यूनिट के टरबाइन में खराबी आई है। बताया जाता है कि रात अचानक आई गड़बड़ी के कारण तत्काल उत्तरी ग्रिड को सूचित करने के बाद यूनिट को बंद कर दिया गया है। इस यूनिट के बंद होने से परियोजना की कुल उत्पादन क्षमता 1550 मेगावाट से घटकर एक हजार मेगावाट के करीब पहुंच गई है। यूनिट बंद होने के कारण उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश सहित देश के नौ राज्यों की विद्युत आपूर्ति पर असर पड़ा है।

ज्ञात हो कि चार दिन पूर्व भी इसी यूनिट में खराबी आई थी। तब सात घंटे तक यूनिट को बंद करके मरम्मत का काम किया गया था। उसके बाद अब यूनिट में पुनः खराबी आई है। उससे पहले 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट संख्या दो में भी लगातार खराबी आ रही थी, जिसके कारण यह यूनिट भी काफी समय तक बंद रही। इस समय गर्मी के कारण लगातार बिजली की मांग बढ़ रही है। लोकसभा चुनाव के कारण सरकार पर भी विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राजनैतिक दबाव है। ऐसे में लगातार यूनिटों में खराबी के कारण सरकार पर परेशानी बढ़ रही है।

# कांग्रेस के गढ़ में गुजरात, राजस्थान व हरियाणा से आए दावेदार

दुर्गेश पांडेय, रायबरेली

- लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान, भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों का इंतजार

**अमृत विचार :** कांग्रेस के गढ़ में नामांकन के पहले दिन से सियासत गर्माने लगी है। सबकी निगाहें कांग्रेस और भाजपा उम्मीदवार पर लगी हुई है। प्रियंका वाड्रा का आना कांग्रेसी ही नहीं बल्कि भाजपा के दिग्गज भी तय मान रहे हैं। उन्हें इंतजार है तो सिर्फ घोषणा होने की। वहीं भाजपा भी कमर कसे हुए हैं। कांग्रेस को घेरने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रही है। यही वजह है कि कांग्रेस के पत्ते नहीं खोलने के कारण भाजपा ने भी उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। इसी बीच नामांकन पत्रों की बिक्री शुक्रवार से शुरू हो गई। पहले दिन ही गर्म तापमान के बीच गैरजनपद ही नहीं बल्कि दूसरे प्रांत से दावेदार अपनी किस्मत आजमाने उतर पड़े हैं। इसमें गुजरात, राजस्थान और हरियाणा से आकर कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्र लिया।

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में रायबरेली संसदीय क्षेत्र शामिल हैं। यहां पर 20 मई को मतदान होना है। रायबरेली और अमेठी संसदीय क्षेत्र पर देश भर की निगाहें लगी रहती है। इस बार मुकाबला काफी कांटें का माना जा रहा है। अमेठी में पिछले चुनाव में राहुल गांधी को हराने के बाद भाजपाई इस बार रायबरेली में कमल खिलाने को लेकर कमर कसे हुए हैं। ऐसे में लड़ाई दिलचस्प होनी तय है। इन सबके बीच मैदान कई अन्य प्रांतों के प्रत्याशी भी भाग्य आजमाने आने लगे हैं। इसमें अहमदाबाद गुजरात के परेश कुमार भारतीय राष्ट्रीय दल, गुड़गांव हरियाणा के जवाहर लाल नेहरू जनहित कांग्रेस, जबकि करौली राजस्थान के रोहिताश सरस्वत मानवतावादी समाज पार्टी, नामांकन पत्र लेने पहुंचे। इसके अलावा राजेश कुमार कुर्सिंदा प्रतापगढ़ ने अर्जक अधिकार दल, मनीष कुमार श्रीवास्तव जगतपुर ने अखिल भारतीय अपना दल, मो. मोबीन छोटा घोसियाना रायबरेली ने अपना दल कमेरावादी, सुदर्शन राम इंदिरा नगर ने भारतीय पंचशील पार्टी, अशोक प्रताप मौर्य ओई रायबरेली आजाद भारत पार्टी डेमोक्रेटिक, छोटेलाल एकौनी, रायबरेली निर्दलीय, सगीर हसन महेश नगर लालगंज निर्दलीय, क्रष्ण कुमार सिंह धोबहा रायबरेली निर्दलीय पहले दिन नामांकन पत्र लेने वालों में शामिल हैं।

## आने जाने को लेकर अधिवक्ता और पुलिस में हुई झड़प

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** नामांकन के पहले दिन कलेक्ट्रेट परिसर में जाने को लेकर अधिवक्ताओं और पुलिस कर्मियों के बीच झड़प हो गई। जिसके बाद नाराज वकीलों ने काफी देर तक हंगामा किया। नगर मजिस्ट्रेट बाबूराम ने किसी तरह से मामले को शांत कराया। अधिवक्ताओं ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि इससे पहले कभी भी उन्हें चुनाव के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में आने जाने से नहीं रोका गया है जब कि इस बार उन्हें जबरन काम करने से रोका जा रहा है। घंटो चली गहमा गहमी के बीच सीओ सदर अमित सिंह, शहर कोतवाली और अधिवक्ताओं के मध्यम चला विवाद शांत हो सका। उधर, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि पुलिस ने वादकारियों एवं अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार किया। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि या तो प्रशासन नामांकन प्रक्रिया तक न्यायिक प्रक्रिया स्थगित कर इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित करा देवें या फिर वादकारियों एवं अधिवक्ताओं को न्यायालय तक पहुंचने के लिए एक सुरक्षित रास्ते की व्यवस्था सुनिश्चित करा दें।

## ओरीदास बाबा की कुटी में हुआ कन्याभोज



ओरीदास बाबा की पावन कुटी में प्रसाद ग्रहण करती कन्याएं। अमृत विचार

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के पूरे दरियाव मजरे गुमावा स्थित ओरीदास बाबा की पावन कुटी में कन्याभोज कराया गया। क्याभोज का आयोजन पूर्व गुमावां प्रधान शशिलता सिंह, ऊषा सिंह द्वारा किया गया। कन्याभोज का शुभारम्भ मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन एवं कन्याओं के पैर धोकर किया गया। पूर्व प्रधान शशिलाता सिंह, उषा सिंह ने कन्याभोज में शामिल सभी कन्याओं के चरण धोकर उनका आशीर्वाद लिया और घर, परिवार एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। शशिलता सिंह की मानें तो ओरीदास बाबा की पावन कुटी के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। सभी ग्रामीण ओरीदास बाबा की पूजा ग्राम देवता के रूप में करते हैं और बाबा के आशीर्वाद से ही शुभकार्यों की शुरुआत करते हैं। इस मौके पर बजाज नर्सिंग ऑटोमोबाइल एजेंसी के प्रबंधक सूरज सिंह, अवनीश शुक्ला, संतोष यादव, मिथुन, रामपाल, अतुल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## अश्लील फोटो भेजने पर शिकायत

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी फरवरी-2024 में बिहार क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। 21 अप्रैल को क्षेत्र के ही एक गांव निवासी युवक मैसेंजर पर अश्लील फोटो भेजकर उसे परेशान करता है। जब इसकी जानकारी पति को दी तो पति ने उसके नंबर पर फोन किया तो युवक ने पति को जान से मारने की धमकी दी है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# बस पेड़ से टकराई, 26 यात्री हुए जख्मी

संवाददाता पुरवा उन्नाव




पेड़ में घुसी बस एकत्र भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मौरावां से सवारी लेकर उन्नाव आ रही निजी बस टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ में टकरा गई। इसमें बस सवार 26 यात्री घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मौरावां से 26 सवारियां लेकर शुक्रवार शाम करीब साढ़े 6 बजे उन्नाव जा रही निजी बस पुरवा कोतवाली क्षेत्र के तुसरौर गांव के पास टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इसमें बस सवार 26 यात्रियों को चोटें आ गई। सीओ सोमेंद्र विश्वास व एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां से अशोक निवासी गुलहरिया मौरावां, कुसमा देवी निवासी फजलखेड़ा मौरावां, बीनू निवासी गुलहरिया, शिवा निवासी गोकुलबाबा को गंभीर हालत देख डाक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं यश, जीवनलाल, विनोद, चाहत, पूजा, सरोज, वर्षा, रामदुलारे, नूर फातिमा, अंश, सोनी, रूबी, राधा, अशोक, समीर, सपना व रामदुलारी का सीएचसी में इलाज चल रहा हैं। हादसे के बाद चालक बस छोड़ भाग गया। सीओ ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चालक का पता किया जा रहा हैं।

## महिला ने कुएं में कूद कर दी जान

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत मायके में रह रही कैंसर पीड़ित महिला ने बीमारी से ऊब कर कुएं में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने उसे बहार निकाला। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। बेहटा भवानी गांव निवासी सूर्यप्रकाश अवस्थी की विवाहित बेटी सोनी (40) कैंसर की बीमारी से ग्रसित थी। पति राजकुमार व पिता मिलकर उसका इलाज करा रहे थे। काफी रुपये खर्च होने के बाद भी उसकी हालत में सुधार न होने से वह मानसिक परेशान रहती थी। शुक्रवार सुबह 10 बजे सोनी ने घर के सामने स्थित कुएं में छलांग लगा दी। सूचना पर पुलिस व अग्निशमन विभाग के जवान पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद शव कुएं से निकाला। एसओ राजपाल ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# कार्यक्रम में सपाई-भाजपाई भिड़े पुलिस के सामने जड़े थप्पड़

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पुलिस द्वारा दोनों दलों के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने की रही चर्चा

**अमृत विचार।** शुक्रवार को शहर के जीआईसी मैदान में हो रहे एक चुनावी कार्यक्रम के दौरान भाजपा व सपा कार्यकर्ता आमने-सामने आ गये। जहां नारेबाजी के साथ उनमें मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सामने हाथापाई शुरू कर दी। इसके बाद वहां पुलिसकर्मियों ने किसी तरह दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को अलग किया। पुलिस द्वारा कुछ लोगों को हिरासत में लिये जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने हिरासत में लेने की बात नहीं स्वीकारी है।

उन्नाव शहर के जीआईसी मैदान में एक चुनावी कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें भाजपा व सपा समर्थक भी पहुंचे थे। इस दौरान हार-जीत को लेकर सवाल पूछे जाने गए। जिस पर दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में तीखी नोकझोंक होने लगी। मामला बढ़ने पर पुलिस ने बीचबचाव किया, लेकिन दोनों दलों के कार्यकर्ता आपस में मारपीट करने लगे। पुलिस के सामने ही उनमें लात-घूंसे व थप्पड़ चल गए। इस दौरान जमकर हंगामा काटते हुये कार्यकर्ता अपनी-अपनी पार्टियों के जिंदाबाद के नारे लगाने लगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र अंशु सविता का जन्म दिनांक 26.04.2008 को घर पर हुआ है। मेरी पत्नी का नाम साधना देवी है। मेरे पुत्र अंशू सविता को जन्मतिथि का पंजीयन नगर पालिका फतेहपुर की जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाना है। अत: मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाये। **अखिलेश कुमार पुत्र राम नि0– मोहल्ला– देवीगंज शहर फतेहपुर पर0 तह0 व जिला फतेहपुर।**

**सूचना**

पहले मेरा नाम SUFIYAN था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD SUFIYAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: AHMAD RASOOL VILL- AKBAR NAGAR NAWABGANJ, BARABANKI**

**सूचना**

सूचित हो कि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम Sanjulata दर्ज है। जबकि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम Sanjulata Srivastava दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम Sanjulata एवं Sanjulata Srivastava दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे Sanjulata Srivastava के नाम से जाना व पहचाना जाये। **Sanjulata Srivastava W/o Abhay Prakash R/o- 170, Sector E Chandralok Colony, Aliganj, Lucknow.**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद शानू व बहू शरीफुन को उसके गलत कृत्यों से परेशान व छुब्ध होकर अपनी व अपने पूर्वजों की चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं और भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझे वह मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **मोहम्मद रफी पुत्र मोहम्मद सफी निवासी ग्राम जालामऊ सहिजना रहीमाबाद मलिहाबाद लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अरुण कुमार राय पुत्र स्व. ओम प्रकाश राय,निवासी– ग्राम अमिलिया कला, पो0–रामनगर जिला–सुल्तानपुर** अपने पुत्र आदित्य राय को अपने संरक्षण में ले रहा हूँ। उसकी अब किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी उसके बड़े पापा संतोष कुमार राय एवं टिंकल राय की नहीं होगी।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा सही नाम बिंदु यादव है, जबकि बेटे निकेतन पुत्र यशवंत कुमार की टीसी में मेरा नाम बिंदु देवी लिखा है, जो गलत है। अत: पुत्र के शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम बिंदु यादव अंकित किया जाय। **–बिंदु यादव पत्नी यशवन्त कुमार निवासी–ग्राम हिसामुद्दीनपुर पिपरा, 307 आलापुर, जिला– अम्बेडकरनगर**

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### नाबालिग को भगाने का लगाया आरोप

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी मां ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित माँ की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थाने पर दी तहरीर में कहा कि बीते मंगलवार को ग्राम भरसवां निवासी मंगल उसकी पुत्री को भगा ले गए। जो नाबालिग है। विपक्षी चालाक व फरेबी किस्म का व्यक्ति है। जिससे मेरी पुत्री के साथ कोई अप्रिय घटना न कर दे। इस संबंध में कोतवाल रत्नेश पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर जाँच पड़ताल की जा रही है।

### ट्रेन से कटकर मौत

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** ट्रेन से कटकर जान देने वाले की पहचान हो गई है। श्रवण 20 पुत्र गरीबे रावत निवासी सराय पांडे थाना लोनी कटरा जनपद बाराबंकी परिजन आत्महत्या का कारण बताने में असमर्थ हैं मृत युवक अविवाहित था। थाना लोनी कटरा अंतर्गत दहिला रेलवे क्रॉसिंग के पास शाम लगभग 4 बजे जींस और टीशर्ट पहने एक युवक का दो टुकड़ों में बरामद हुए शव की सूचना पर पहुंची लोनी कटरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### कब्रिस्तान की भूमि कब्जाने वालों पर मुकदमा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** कब्रिस्तान की भूमि पर छप्पर डाल कर कब्जा करने वालों के विरुद्ध लेखपाल ने मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम मरकामऊ स्थिति कब्रिस्तान की भूमि पर गांव के ही ननकू व सुन्दर लाल ने अवैध रूप से कब्जा कर छप्पर रख दिया। जानकारी होने पर मौखिक रूप से छप्पर हटाने के लिए कहा गया। किन्तु कब्जेधारियों ने छप्पर नहीं हटाया।

# आधी आबादी के जिम्मे होंगे छह पिंक बूथ

## प्रत्येक विधानसभा में एक-एक बूथ किए गए चिन्हित

**लोकसभा चुनाव**

▸▸ मॉडल, दिव्यांग और युवा बूथ भी होंगे आकर्षण का केंद्र

**रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी:**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में जिले के 2615 बूथों पर होने वाले मतदान के दौरान आधा दर्जन बूथों के इर्द-गिर्द गुलाबी रंग का खास प्रभाव दिखेगा। 20 मई को होने वाले मतदान ऑल वूमेन पोलिंग बूथ (पिंक बूथ) बनाए गए हैं। इन बूथों पर नियुक्त अधिकारी, कर्मचारियों सहित चुनावी प्रक्रिया की देखरेख महिलाओं के जिम्मे होगी। इन आधा दर्जन पिंक बूथों पर गर्भवती महिला के लिए खास सुविधाएं होंगी।


सत्येंद्र कुमार

पांचवें चरण में जिले में 20 मई को वोटिंग होनी है। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे छह बूथों को पिंक बूथ का दर्जा दिया गया है। इन बूथों पर कर्मचारी से लेकर पुलिस कर्मियों तक सब महिलाएं ही होंगी। इन बूथों के इर्द-गिर्द सब कुछ गुलाबी रंग का होगा। पूरे बूथ को गुलाबी रंग के कपड़े व गुब्बारे से सजाया भी जाएगा। मतदान के दिन 20 मई को ऑल वूमेन बूथ पर करीब दस हजार से अधिक मतदाताओं को वोटिंग का मौका मिलेगा। किसी भी तरह की जानकारी, सुरक्षा की देखरेख की भी जिम्मेदारी महिला कर्मियों पर रहेगी। महिलाओं की कार्यक्षमता और सशक्तीकरण के मद्देनजर पिंक बूथ की दिशा में पहल की गई है।


पिंक बूथ का प्रकीतात्मक चित्र। अमृत विचार

### गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सुविधा

सभी वर्ग के मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने और मताधिकार का प्रयोग करने से कोई पीछे न रह जाए, इस लिहाज से पिंक बूथ पर गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सुविधा होगी, ताकि वोटिंग के दौरान गर्मी में उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो।

### यहां होंगे पिंक बूथ

| | |
|---|---|
| वि.स.कुर्सी | 216 पूर्व माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर के कमरा नंबर-3 |
| वि.सं. | रामनगर- 239 प्रा.वि. प्रथम रामनगर कमरा नंबर-2 |
| वि.स. | बाराबंकी- 394 आनंद विहार इंटर कॉलेज लखपेडाबाग- क.न.-1 |
| वि.स. | जैदपुर- 94 प्रा.वि. रसौली- कक्ष स.-1 |
| वि.स. | दरियाबाद- 311 पटेल पंचायती इंटर कॉलेज आरएसघाट-क.न.-3 |
| वि.स. | हैदरगढ़- 245 उ.प्रा.वि. हैदरगढ़ मध्य भाग-2 |

### यह बूथ होंगे दिव्यांग

| | |
|---|---|
| वि.स.कुर्सी | 454 प्र.वि.गंगौली क.नं.-2 |
| वि.सं. | रामनगर- 204 उ.प्रा.वि. मलौली क.नं. -2 |
| वि.स. | बाराबंकी- 385 प्रा.वि.बडेल द्वितीय- क.न.-1 |
| वि.स. | जैदपुर- 79 कंपोजिट वि.फतेहसरांय- कक्ष स.-2 |
| वि.स. | दरियाबाद- 305 प्रा.वि. मालिनपुर क.न.-2 |
| वि.स. | हैदरगढ़- 265 उ.प्रा.वि. घरकुइयां क.सं.-2 |

### युवा बूथ भी देंगे अलग पहचान

| | |
|---|---|
| वि.स.कुर्सी | 44 रा.इ.का.बेलहारा क.नं.-5 |
| वि.सं.-रामनगर | 164 प्रा.वि. बरियारपुर क.नं. -2 |
| वि.स.-बाराबंकी | 334 जीजीआईसी- क.न.-20 |
| वि.स.-जैदपुर | 281 उ.प्रा.वि. सतरिख- कक्ष स.-1 |
| वि.स.-दरियाबाद | 375 प्रा.वि. गोरपुर क.न.-2 |
| वि.स.- हैदरगढ़ | 311 प्रा.वि. सुबेहा द्वितय क.सं.-1 |


**नोट :** इसके अलावा कुर्सी विधानसभा में 10, रामनगर में 3, बाराबंकी और जैदपुर विधानसभा में नौ-नौ तथा दरियाबाद और हैदरगढ़ में 10-10 मॉडल बूथ भी बनाए गए हैं।

"महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए चुनाव आयोग ने पिंक बूथ बनाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में एक-एक पिंक बूथ बनेंगे। इन बूथों की कमान महिलाएं संभालेंगी। पिंक बूथ अच्छे ढंग से सजाए जाएंगे। महिलाएं दूसरी महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान करने को प्रेरित करें, यही पिंक बूथ बनाने का मकसद है। इसके साथ ही दिव्यांग बूथ भी बनाए जाएंगे।"

**-सत्येंद्र कुमार,** जिला निर्वाचन अधिकारी

## अमृत विचार की मुहिम

# पहचान पत्र से संबंधित सवाल का जवाब कलाकृति से दिया



मतदाता के सवाल का कलाकृति के माध्यम से जवाब।

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा की प्रवक्ता कंचन दुबे ने प्रवासी मतदाताओं के वोटिंग करने के दौरान इस्तेमाल किये जाने वाले पहचान पत्र से संबंधित सवाल का जवाब अपनी कलाकृति के माध्यम से दिया है। अगर आपके मन में भी मतदान से जुड़ा ऐसा कोई सवाल हो तो आप हमें sveepbarabanki2024@gmail.com व amritvicharbarabanki@gmail.com पर लिखकर भेजें। अमृत विचार ऐसी ही सुंदर कलाकृतियों के माध्यम से आपका सवाल और उसका जवाब प्रकाशित करेगा। मुहिम खत्म होने पर इस प्रतियोगिता के तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को अमृत विचार व जिला प्रशासन सम्मानित भी करेगा। तो आइये लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने की मुहिम से जुड़कर मत प्रतिशत बढ़ाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। जिससे जनपद इस चुनाव में मतदान के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़कर एक नया कीर्तिमान गढ़ सके।

### दहेज हत्या के मामले में 12 वर्ष का कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** दहेज हत्या के मामले में न्यायालय ने मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के सोनहरा निवासी राममोहन बाजपेयी पुत्र देवीसरन को शुक्रवार को बारह वर्ष के कठोर कारावास व पन्द्रह हजार रूपये की सजा सुनाई। पूरा मामला छह साल पहले का है गोण्डा जिले नयापुरवा थाना क्षेत्र कटरा बाजार के निवासी मेवालाल ने अपनी पुत्री को दहेज के मामले में प्रताड़ित कर हत्या करने के मामले मे राममोहन बाजपेयी, देवीसरन, राजकुमारी के खिलाफ मुहम्मदपुर खाला थाने में दहेज हत्या का केस दर्ज कराया। तहरीर में मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि दहेज न दे पाने की वजह से उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई। तत्कालीन विवेचक दिनेश कुमार सिंह ने मामले की पूरी जांच कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। जघन्य अपराधों में पीड़ित पक्ष के जल्दी न्यायालय दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह द्वारा बनाये गए मानीटरिंग सेल व अभियोजन टीम ने पूरे मामले को गम्भीरता से लेते हुए सबूतों व ठोस गवाहों को न्यायालय में पेश करने मे तेजी दिखाई।

## सार-संक्षेप

### भाजपा का सूपड़ा होगा साफ: पीएल पुनिया



**बाराबंकी, अमृत विचार :** पूर्व राज्यसभा सांसद एवं कांग्रेस के स्टार प्रचारक डॉ पीएल पुनिया ने शुक्रवार को कहा कि पहले चरण की वोटिंग होने के बाद पूरी तरह स्पष्ट हो गया है कि बीजेपी का पूरी तरह सूपड़ा साफ है। पहले फेज से ज्यादा बेहतर दूसरे चरण में रिजल्ट आने की उम्मीद है। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सभी सीटों पर आगे हैं। बीजेपी को दोनों चरणों के चुनाव में जबरदस्त मुंह की खानी पड़ी। पीएल पुनिया ने दावा करते हुए कहा कि 4 जून के नतीजों में बीजेपी का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

### सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मानित


सम्मान समारोह में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में हैदरगढ़ की ब्लॉक इकाई का गठन एवं सेवानिवृत्ति शिक्षकों का सम्मान समारोह राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हैदरगढ़ में आयोजित किया गया। जिला उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता एवं ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य पूनम कनौजिया, वरिष्ठ ज़िला उपाध्यक्ष डा0देवेंद्रकुमार द्विवेदी, त्रिवेदीगंज ब्लॉक अध्यक्ष शिव सागर सिंह द्वारा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज चौबीसी भारत लाल विश्वकर्मा एवं प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज जरमऊ रजनी अग्रवाल को सम्मानित किया गया तो वही वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष देवेंद द्विवेदी द्वारा विगत वर्षों में सेवानिवृत हुए शिक्षक सिद्धनाथ त्रिपाठी, सुकई प्रसाद, सूर्यपाल, राम नेवाज पांडे का माल्यार्पण कर एवं प्रभु श्री राम का चित्र भेंट करके उनके दीर्घायु की कामना की गई।

### वार्डों में गंदगी, नहीं हो रही फॉगिंग

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** नगर पंचायत के वार्डों में साफ सफाई न होने के साथ फॉगिंग भी नहीं की जा रही है। जिसको लेकर एक दर्जन से अधिक सभासदों ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर प्रतिदिन साफ सफाई व फॉगिंग कराने की मांग की है। नगर पंचायत फतेहपुर में सीमा विस्तार के बाद दशरथपुर, देवखरिया, लहसी खपुरवा कटघरा वार्ड बनाये गये थे। जिसके पश्चात अब नगर पंचायत में 19 वार्ड हैं। नए सृजित वार्डों के सभासदों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों को नगर पंचायत में शामिल तो कर लिया गया लेकिन साफ-सफाई की व्यवस्था सुदृढ नहीं करायी गयी है। सप्ताह में एक बार ही सफाई करने के लिए सफाई कर्मचारी आते हैं व खानापूर्ति करके चले जाते हैं। जिसके कारण इन वार्डों की नालियां गन्दगी से पटी पडी हैं व रास्तों पर पानी बह रहा है। बढती गर्मी के चलते मच्छरों का प्रकोप भी काफी हद तक बढ गया है लेकिन नगर पंचायत द्वारा फॉगिंग नंही कराई जाती है। इसी तरह कस्बे के सभासद अरविन्द कुमार, बानों, आलिया खातून, अजय कुमार, नरेन्द्र कुमार, प्रतिभा वर्मा, राहिल, पूजा, रामऔतार, आसिया आदि सभासदों ने एसडीएम से शिकायत की है कि रोस्टर के अनुसार सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कर फॉगिंग करायी जाये जिससे संक्रमित बिमारियों से लोगों को बचाया जा सके। इनका कहना है कि सफाईकर्मी अपने मन मुताबिक कार्य करके खानापूर्ति करते है।

### विकास की नहीं, बदले की राजनीति करती है भाजपा: रामसागर


चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते राम सागर रावत। अमृत विचार

**संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** पूर्व सांसद राम सागर रावत ने शुक्रवार को सिविल लाइन रोड स्थित मोहसिना किदवई की कोठी में इंडिया गठबन्धन के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की झूठ फरेब की कहानी जनता के सामने आ गयी है। देश की जनता को विश्वास हो गया है कि भाजपा विकास की नहीं बदले की राजनीति करती है। भाई से भाई के बीच नफरत की दीवार खड़ी करने वालों को सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है। पिछले दस सालों से भाजपा सबका साथ सबका विकास का राग अलाप रही है। लेकिन हकीकत में दस सालों मे भाजपा ने अपने पूंजीपति मित्रों को ही लाभ पहुंचाया है और किसानों, नौजवानों मजदूरों सभी के अरमानों का गला घोटने का काम किया है। वहीं कार्यालय उद्घाटन के दौरान सपा विधायक सुरेश यादव, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दिकी, पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, पूर्व सांसद रामसागर रावत, पूर्व सांसद पीएल. पुनिया समेत दोनों पार्टियों के तमाम नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इंजन में फंसी साड़ी, महिला की गई जान

**सूरतगंज, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** पंपिग सेट (इंजन) को बंद करते समय साड़ी फंसने से महिला किसान की दर्दनाक मौत हो गई। वह पति के साथ खेत पर लगें मेंथा (पिपरमिंट) की फसल पर पानी की सिंचाई करवा रही थी। हादसा उस समय हुआ है। जब वह इंजन को बंद करने गई हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


मृतका पप्पी देवी।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सूरतगंज कस्बे के मौसंडा गांव निवासी तिलकराम पत्नी पप्पी के संग खेत में मेंथा फसल की सिंचाई कर रहे थे। तभी सिंचाई पूरी होते देख, पत्नी पप्पी देवी को इंजन बंद कर देने की हांक दी। तो पप्पी इंजन को बंद कर रही थी। इस दौरान अचानक से उसकी साड़ी का पल्लू इंजन में लगें पंखे में जा फंसा। पप्पी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद घर वाले उसे सीएचसी सूरतगंज ले गए। यहां डॉक्टर वी.पी. सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालीस वर्षीय मृतका पप्पी ब्लॉक पर गठित लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह में सदस्य के पद पर कार्य करते हुए कुछ वक्त पूर्व वह सामुदायिक संदर्भ व्यक्ति के पद पर कार्यरत हुई थी।


घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### दुर्घटना में वृद्ध की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। जानकारी के अनुसार बारा गांव निवासी अमरनाथ पुत्र राम हरख 65 वर्ष शुक्रवर की सुबह लगभग 5 बजे गांव स्थित घर से लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे के किनारे स्थित अपनी बाग में महुआ बीनने आ रहे थे कि तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा घायल वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा वृद्ध को मृत घोषित कर दिया गया।

# विवाहिता ने लगाई फांसी पति समेत पांच पर केस

**सतरिख, बाराबंकी: अमृत विचार :** दहेज प्रताड़ना से परेशान एक विवाहिता ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज़ करते हुए पति सास -ससुर,ननद समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

देवा कोतवली क्षेत्र के मचौटी गांव निवासी विनीता यादव का विवाह सतरिख थाना क्षेत्र के दुल्हीपुर मजरे छत्रपालन गांव के मुकेश यादव के साथ करीब 11 माह पूर्व हुआ था। गुरुवार को विवहिता की मौसी की पुत्री का विवाह था। पति, पत्नी विवाह में चले गए थे। रात में घर वापस आने के बाद पति और पत्नी में कुछ विवाद हो गया। जिसके बाद विवाहिता ने घर के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

सूचना पर सीओ सुमित त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया आदि पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। इसके बाद मौके पर फरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की। मामला दहेज हत्या से जुडा होने के कारण मौके पर मजिस्ट्रेट ने पहुंच कर बयान भी दर्ज़ किए।

# गांव में खराब हैं हैंडपंप तो कंट्रोल रूम को दें सूचना

▸▸ ब्लॉक प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी को देखते हुए जनमानस को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के लिए विकासखंड के गांवों में लगे खराब हैंडपंप और रिबोर करवाने के लिए अब ग्रामीणों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। इसकी शिकायत के लिए कंट्रोल रूम बनाकर हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।

ग्रामीण अब घर बैठे नल को सही करवाने के लिए अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। शिकायत होने के उपरांत विकास विभाग के द्वारा अति शीघ्र दुरुस्त किया जाएगा। इस संबंध में प्रभारी एडीओ पंचायत अभय शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास खंड क्षेत्र के किसी भी ग्राम पंचायत में इंडियामार्का हैंडपंप खराब है या उसमें गंदा पानी आ रहा है तो उसकी शिकायत विकास खंड में बनाए गए कंट्रोल रुम के दूरभाष नंबर 8707515637 व 9454925548 पर दर्ज करवाने के उपरांत ग्राम पंचायत से संबंधित सचिव के द्वारा तत्काल इंडिया मार्का पंप की मरम्मत व रिबोर अति शीघ्र करवाया जाएगा। जिससे आमजन मानस को पेयजल की सुविधा मिल सके।

### करें शिकायत तो बन जाएगा आपका नल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार:** हैदरगढ़ विकासखंड स्तर पर शिकायत हेतु कंट्रोल रूम बनाकर हेल्पलाइन नंबर जारी किये गये है। ग्रामीण अब घर बैठे नल को सही करवाने के लिए अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। शिकायत होने के उपरांत विकास विभाग के द्वारा अति शीघ्र दुरुस्त किया जाएगा। एडीओ पंचायत संजय कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत में इंडियामार्का हैंडपंप खराब है या उसमें गंदा पानी आता है तो उसकी शिकायत विकास खंड में बनाए गए कंट्रोल रूम के दूरभाष नंम्बर 7408147560,9792907010 व 9956013100 पर दर्ज करवाएं।

# रोगों की रोकथाम को चला अभियान

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** नगर के सत्यप्रेमीनगर वार्ड में संचारी रोगों के रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में क्षेत्रीय सभासद मुक्त सिंह ने अपनी देखरेख में अभियान की शुरुआत की। जिसमें पूरे वार्ड की नालियों की समुचित सफाई कराकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव तथा नाली के किनारे चूना, मैलाथियान पाउडर व ब्लीचिंग ब्लीचिंग की भी छिड़काव कराया गया। खाली पड़े प्लाटों की विशेष सफाई कराई गई। सफाई निरीक्षक अधूलिका सिंह ने बताया अप्रैल व मई के माह में मच्छरों के लार्वा भारी संख्या में पैदा होते हैं। इसकी वजह से मच्छर भारी संख्या में उत्पन्न हो जाते हैं। यह लार्वा उत्पन्न न हों इसके लिए नालियों में लगातार एंटी लार्वा कीटनाशक का छिड़काव कराया जा रहा है। अभियान में सभासद मुक्ता सिंह व उनके पति पूर्व सभासद देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू, सफाई निरीक्षक अधूलिका सिंह तथा सफाई नायक वीरेंद्र यादव उपस्थित रहे।


सत्य प्रेमी नगर वार्ड में चला सफाई अभियान।

**परेशानी** रिबोर तो दूर की कौड़ी, हैडपम्म की मरम्मत पर भी नहीं जा रहा प्रशासन का ध्यान

# रामसनेही घाट पर खराब पड़े हैं सौ से अधिक हैंडपंप

**रिशू गुप्ता, रामसनेहीघाट, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** नगर पंचायत के 14 वार्डों में लगभग दो सौ हैंडपंप लगे हुए हैं, मगर आधे से ज्यादा हैंडपंप मरम्मत के अभाव में सूखे हैं। प्रशासन स्तर पर गर्मी में पेयजल की स्थिति सुधारने के निर्देशों के बावूजद जिम्मेदार उदासीन हैं। 30 हजार से अधिक आबादी इन्ही हैडपंपों के सहारे है। गर्मी में पशु-पक्षियों की प्यास की व्याकुलता को देखते हुए लोग नांद व घरों की मुंडेर पर पात्रों में पानी भरकर रख रहे हैं ताकि उनकी प्यास बुझ सके। लेकिन नगर पंचायत प्रशासन के जिम्मेदारों की संवेदनहीनता के चलते अप्रैल माह के अन्तिम सप्ताह तक हैडपम्पों की मरम्मत नहीं हो सकी। बाशिंदों को रोजाना पेयजल संकट से दो चार होना पड़ रहा है।

"पेयजल संकट से निजात दिलाने के लिए खराब हैंडपंपों को ठीक कराया जा रहा है। जिस मोहल्ले में हैडपम्प खराब होने की शिकायत मिल रही है। उसे भी ठीक कराया जा रहा है। जल्दी ही सभी हैंडपंप पानी देने लगेंगे।"

**-धीरज सिंह,** अधिशासी अधिकारी, रामसनंहीघाट

**हाल**

**1**


सुमेरगंज वार्ड में खराब पड़ा हैंडपंप

सुमेरगंज वार्ड में बूढ़े हनुमान मंदिर के बाहर हैंडपंप का हत्था गायब है। यहां सोमवार व शुक्रवार को बाजार लगता है। बड़े मंगल का मेला लगने की वजह से हजारों लोगों की आवाजाही रहती है।

**2**


धरौली वार्ड का खराब हैंडपंप।

आबादी के बीचोंबीच बने धरौली वार्ड में चार हैडपम्म खराब पड़े हुए हैं। आसपास बसी आबादी को हैंडपंप खराब होने के कारण पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

**3**


भिटरिया वार्ड के सूखे हैंडपंप।

भिटरिया वार्ड नपं रामसनेहीघाट का हृदयस्थल बड़ी आबादी के बीच राहगीरों के निरन्तर आवागमन होने वाले इस क्षेत्र में पीपल के पेड़ के पास व थोड़ी ही दूर पर एक और हैंडपंप खराब पड़ा है।

**4**


सुमेरगंज वार्ड का हैंडपंप।

सुमेरगंज वार्ड की आबादी लगभग पन्द्रह सौ से ऊपर है। यहां के अधिकतर लोग हैंडपम्पों पर ही निर्भर हैं। इसके बावजूद इयहां दो हैंडपंप सालों से खराब पड़े हैं।

## एक नजर

### 15 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही

**बाराबंकी।** आसन्न लोकसभा चुनावों को शांति पूर्वक कराये जाने को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने पन्द्रह वांछित व पन्द्रह अभियुक्तों के खिलाफ शांति भंग की आशंका को देखते हुए सम्बन्धित धाराओं में कार्यवाही की।

### स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**बाराबंकी।** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को देवा पुलिस टीम ने देवा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लालापुर कस्बा निवासी मो. मेराज व मो. अजीम को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गए अभियुक्तों के पास से पुलिस ने अस्सी ग्राम स्मैक बरामद किया। अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### तमंचे के साथ दो गिरफ्तार

**बाराबंकी।** संदिग्ध व्यक्तियों व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को बदोसराय पुलिस टीम ने ग्राम नटपुरवा मजरे मैलारायगंज निवासी ललित व ग्राम शेरअली पुरवा निवासी प्रमोद चौहान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से दो तमंचा व कारतूस बरामद कर लिया। अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

**बाराबंकी।** न्यायालय के आदेश पर जिला बदर किये गए अभियुक्त को शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने नियमों का उल्लघंन कर जिले की सीमा में प्रवेश करने के मामले में अपराधी मनोज जायसवाल को कोतवाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर गुण्डा एक्ट में केस दर्ज कर लिया।

### शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहरीली शराब की बिक्री और उसके निर्माण पर रोक लगाने को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को जनपद के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। फतेहपुर पुलिस टीम ने 18 लीटर कच्ची शराब के साथ एक व मुहम्मदपुर खाला पुलिस टीम ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया।

### परिषदीय विद्यालयों के समय में आज से बदलाव

**बाराबंकी।** शिक्षा निदेशक (बेसिक) के आदेश पर भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों के संचालन की समय सारणी में शनिवार से बदलाव किया गया है। 27 और 28 अप्रैल को परिषदीय विद्यालयों व मान्यता प्राप्त सभी विद्यालयों के खुलने का समय सुबह 7:30 से 11:30 तक रहेगा। जबकि 29 अप्रैल से विद्यालय खुलने का समय 7:30 से 1:00 बजे तक रहेगा।

# भीषण अग्निकांड में लाखों की गृहस्थी राख

## अज्ञात कारणों से लगी आग की जद में आये सत्रह घर, मौके पर फायर ब्रिगेड गाड़ी में खत्म हुआ पानी

**दरियाबाद, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** भीषण अग्निकांड में 17 घरो की गृहस्थी जलकर राख हो गई। शुक्रवार को रामसनेही घाट कोतवाली क्षेत्र के मुरारपुर मजरे शोलापुर में लगी आग की लपटें इतनी तेज थी कि आस पास के 17 घरो को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में 27 परिवार प्रभावित हुए हैं। आग की लपटों को बुझाने का ग्रामीणों ने बहुत प्रयास किया लेकिन असफल रहे। सूचना पर आधे घंटे बिलम्ब से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम काफी मशक्कत के बाद आग बुझाने में कामयाब रही। लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाती तब तक प्रभावित घरों में लाखों का नुकसान हो चुका था। आग को बुझाते वक्त ही दमकल में पानी खत्म हो गया। जिसके लिए आसपास में बने तालाब से पंप द्वारा पानी खींचने में आधे घंटे फायरकर्मी मशक्कत करते रहे। एक तो आधे घंटे देरी से पहुंचना और दूसरा तकनीकि जानकारी के अभाव में तालाब से पानी न खींच पाने की वजह के करीब एक घंटे का समय जाया हुआ। यह आग मुरारपुर ग्राम पंचायत के मजरे शोभापुर गांव में शुक्रवार की शाम सुंदर के घर में लगी। आग तेज हवा के कारण सुंदर के घर के आस पास रहने वाले सभी घरों को पलक झपकते अपनी जद में ले लिया। उपजिलधिकारी राम आसरे वर्मा लेखपाल अश्वनी मिश्रा ने पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और पूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार को राशन सामग्री आदि वितरित करने के निर्देश दिए।


आग के बाद गांव में मची भगदड़। अमृत विचार


आग बुझाते फायरकर्मी।


आग की घटना का जायजा लेते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

### इन लोगों का हुआ नुकसान

अग्निकांड में बिन्धे ,कल्लू, दौलत राम, परिदीन काशीराम, रामअचल, वंशराज ,चंदा सुरेश हरिनाम अमृत लाल, उर्मिला दुर्पता, जीत बहादुर, मीना देवी रेशमा लक्ष्मी, कुसमा, रोशनी, सर्वजीत, दिन दयाल, प्रेम चंद्र, तेज बहादुर, शांति देवी, चौधरी सोना पति, फुलाना, हनुमान के घर में रखे अनाज कपड़े नगदी व गृहस्थी का समान जल कर राख हो गया वही इस अग्नि में एक मवेशी भी झुलस गया।

### हवा का रूख बदलते ही थमी रह गई सांसें

अग्निकांड के वक्त पछुआ हवा चल रही थी तेज वेग से चल रही हवा ने थोडी.ही देर में आस पास के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। अचानक दक्षिण दिशा की तरफ हवा ने रूख किया तो सबकी सांसे थम गई। और गांव में हाहाकार मच गया। नियति ने ऐसा खेल खेला कि सब की जुबान से बस एक ही बात निकली 'भगवान् हम गरीबन का बचाय लेव' अचानक से पछुआ हवा चली तो ग्रामीणों ने थोड़ी राहत की सांस ली।

### तालाब से भरा पंप में पानी

फायर बिग्रेड के पास सस्टैटिक पम्प टैंक न होने से जब दमकल की गाड़ी में पानी खत्म हुआ तो तालाब के किनारे लाकर पानी भरा गया। तालाब के किनारे रखे गए पंप में फायर कर्मी और ग्रामीण पंप का कंप्रेशर खत्म किए बिना स्टार्ट कर रहे थे। यही कारण था कि पंप स्टार्ट नहीं हो रहा था। मौके पर मौजूद अमृत विचार संवाददाता ने फायर कर्मियों से पंप स्टार्ट करने की अनुमति ली। और एक ही बार में पंप स्टार्ट कर लिया। बता दें कि नोएडा स्थित ग्रीन पावर इंटरनेशनल कंपनी में 16 हेड और दो मेगा वाट के इलेक्ट्रानिक व सेंसरराइज इंजन के आपरेटर रह चुके संवाददाता की सूझ बूझ काम से आग पर काबू पाया गया।

### दिया आश्वासन

मौके पर पहुंचे राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और हर तरह की मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने मौके पर पहुंकर एक-एक घर का जायजा लिया। साथ ही संबंधित आलाधिकारियों को पीड़ितों की हर संभव मदद का निर्देश दिया।

### अमृत विचार ने पहले ही किया था आगाह

समय से चेते होते तो शायद इतना बड़ा हादसा होने से बचाया जा सकता था। अमृत विचार ने 22 तारीख के अंक में ' एक दमकल व एक कैम्पर पर है आग बुझाने की जिम्मेदारी कालम में खबर को प्रकाशित कर जिम्मेदारों को आगाह किया था। आग बुझाने गई दमकल गाड़ी में अचानक पानी खत्म हो गया लेकिन घरों में आग की लपटें बनी हुई थी। पानी को भरने के लिए पास के तालाब से फायर ब्रिगेड कर्मी व ग्रामीणों ने पम्प से प्रयास किया लेकिन पूरी तरह फेल रहे। दमकल गाड़ी से दूसरा पम्प लाया गया लेकिन वह भी बड़ी देर तक स्टार्ट नही हो सका तब तक आग की लपटें फिर से अपना रौद्र रूप धारण कर चुकी थी।

# दीक्षांत समारोह में दिया शिक्षा के महत्व पर जोर

**सतरिख, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** स्कूल चलो अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत बच्चों का दीक्षांत समारोह का आयोजन शिक्षा व बाल विकास विभाग के द्वारा किया गया। समारोह में बच्चों ने अपनी शिक्षा पूरी कर विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियाँ दीं।

हरख ब्लॉक के भानमऊ स्थिति प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को स्कूल चलो अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत बच्चों का दीक्षांत समारोह में खण्ड शिक्षा अधिकारी अर्चना यादव ने कहा है कि बच्चों और उनके परिवारों को संबोधित किया,और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया है,और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की,यह समारोह शिक्षा के प्रति समुदाय के योगदान और सामूहिक प्रयासों के महत्व को उजागर करता है। सीडीपीओ इंदुलता यादव ने कहा है कि इस तरह के कार्यक्रम हमारे समाज में अधिक आयोजित किए जाएंगे, जिसमे छोटे बच्चों ने अपनी शिक्षा पूरी कर विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियाँ दीं। इस मौके पर कुलदीप, संतोष, मनोज समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।


दीक्षांत समारोह के दौरान शिक्षक व बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों ने ली सेल्फी


फोटो खिंचवाते छात्र।

वहीं सिरौलीगौसपुर में भी स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत 6 वर्ष पुर्ण करने वाले बच्चो का दीक्षांत समारोह कराया गया। जिसमें आंगनवाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों को परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कराए जाने के बारे में चर्चा की गई। समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी संजय राय, बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चो को रोली टीका लगाकर अभिभावक को बच्चो का मूल्यांकन कार्ड खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा वितरित किया गया त। बच्चों ने उत्साह पूर्वक सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी खिंचवाई।

## दूल्हे ने शादी से किया इनकार, मुकदमा दर्ज

**मसौली, बाराबंकी: अमृत विचार:** दहेजलोभियों ने गाड़ी व एक लाख इक्यावन हजार नकद की मांग पूरी न करने पर बरीक्षा से दो दिन पहले शादी से इंकार कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर मसोली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर निवासी युवती की शादी अभिषेक कुमार मौर्य निवासी परसपुर रोड निकट बस स्टाप करनैलगंज गोंडा से तय हुई थी। वर पक्ष के लोगों ने शादी में गाड़ी और डेढ़ लाख रुपये की मांग करते हुए शादी से इनकार कर दिया। 27 दिसंबर को करनैलगंज कोतवाली में हुए समझौते के बाद अब फिर से वर पक्ष के लोगों ने और दहेज के लिए विवाह करने से इनकार कर दिया।

# नामांकन के साथ बढ़ी निगरानी

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:**

**अमृत विचार :** पांचवें चरण के मतदान के लिए शुक्रवार से शुरु हुए नामांकन प्रक्रिया के साथ ही चुनाव में धनबल और प्रतिबंधित सामग्री को लेकर 21 चेकपोस्टों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। सभी चेकपोस्टों में तीन-तीन शिफ्टों में स्टैटिक टीमें तैनात की गई है। जो आने-जाने वाले वाहनों की बारिकी से जांच कर रही है। अभी तक एक स्टैटिक टीम ने चेकपोस्ट पर छह लाख से अधिक की धनराशि पकड़ी जा चुकी है।

लोकसभा चुनाव को लेकर बाराबंकी लोकसभा सुरक्षित सीट के लिए नामांकन का दौर शुरु हो गया है। इसी के साथ जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए चेकपोस्टों में निगरानी भी बढ़ा दी गई है। इसके लिए 21 चेकपोस्टों पर तैनात की गई स्टैटिक टीमों के कर्मचारी तीन शिफ्टों में वाहनों की जांच कर रहे हैं। तथा प्रतिदिन की सूचना प्रभागिय वन निदेशक के कार्यालय में बने उड़नदस्ता व स्टैटिक कंट्रोल में ली जा रही है। डीएफओ को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। हालांकि करीब एक हफ्ते पहले हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चेकपोस्ट पर स्टैटिक टीम ने चार पहिया वाहन से करीब छह लाख से अधिक की धनराशि जब्त की थी। संबंधित द्वारा धनराशि के संबंध में कोई प्रमाण नहीं दिखाया गया था।



चेकपोस्ट पर चेकिंग करती पुलिस। अमृत विचार

## सास-ससुर की पिटाई कर जेवर ले गई बहू

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी: अमृत विचार:** सास ससुर की पिटाई कर बहू नगदी व जेवर लेकर मायके वालों के साथ फरार हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली बदोसरांय कस्बा निवासी इन्द्रजीत ने आरोप लगाया है कि खरीदा गया प्लाट बहू के नाम न करने से नाराज मायके वाले उसके घर आ धमके और उनकी जमकर पिटाई की। कोतवाली कस्बा बदोसराय के रहने वाले इंद्रजीत ने पुलिस से शिकायत कर कहा है कि विगत 4 अप्रैल को बहू किरण देवी के मायके से आए परिजनों ने अभद्रता करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी मारने पीटने लगे। इसके बाद बहू व अन्य लाखों के जेवर व नकदी लेकर चले गए।

# विद्युत चोरी रोकने पहुंची टीम पर किया हमला

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी: अमृत विचार:** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर कटरा में विद्युत चोरी रोकने पहुंची विद्युत विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। जिसमे अवर अभियंता को चोटे आई हैं। ग्रामीणों ने टीम का मोबाइल भी तोड़ दिया है। अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

दरअसल विद्युत उपकेंद्र मसौली के अवर अभियंता लालजी सिंह को सूचना मिली कि रामपुर कटरा में कुछ लोग डायरेक्ट कटिया बांध कर लूम चला रहे हैं। जांच के लिए मौके पर पहुंची विद्युत विभाग की टीम ने देखा कि अतीक उर रहमान पुत्र महफूज उर रहमान का लूम विद्युत चोरी से चलाया जा रहा है।जिसके बाद अवर अभियंता लालजी सिंह के निर्देश पर विद्युत चोरी का विद्युतकर्मी वीडियो बनाने लगे। जिसपर आक्रोशित अतीक उर रहमान, अबू सूफियान, अबू सहमा पुत्र महफूज उर रहमान व अदनान पुत्र अतीक उर रहमान ने अपने अन्य साथियो के साथ विद्युत टीम पर हमला कर दिया और वीडियो बनाने वाले शख्स का मोबाइल छीन कर तोड़ दिया और मारने पीटने लगे। जिसमें अवर अभियंता लालजी सिंह चोट हिल हो गये। अवर अभियंता की तहरीर पर सफदरगंज पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

**चुनाव** | निर्धारित मुहूर्त में दाखिल किया पर्चा, 29 अप्रैल को जनप्रतिनिधियों संग एक सेट और करेंगी दाखिल

# भाजपा प्रत्याशी ने किया नामांकन, असलहों की हैं शौकीन

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार से शुरू हुए नामांकन के पहले दिन भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नामांकन स्थल के आस-पास पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था दिखाई दी।

जिले की सुरक्षित लोकसभा सीट पर नामांकन प्रक्रिया का कार्य शुक्रवार 26 अप्रैल से प्रारंभ हो गया। नामांकन के पहले दिन भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल पर पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान पार्टी का कोई भी मंत्री, विधायक, नेता या कार्यकर्ता मौजूद नहीं था। पार्टी जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या के अनुसार राजरानी रावत 29 अप्रैल को कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह की मौजूदगी में पार्टी के अन्य जनप्रतिनिधियों व नेताओं के साथ जुलूस की शक्ल में नामांकन का एक और सेट दाखिल करेंगी। जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने वीडिया ग्राफी के बीच भाजपा प्रत्याशी का नामांकन पत्र स्वीकार किया। गठबंधन प्रत्याशी द्वारा 1 मई को नामांकन करने की बात कही जा रही है।


नामांकन पत्र दाखिल करतीं भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत। अमृत विचार


सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम और एसपी।

### इंटर पास हैं राजरानी

भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत इंटरमीडिएट पास हैं। जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किए गए शपथ पत्र के माध्यम से उन्होंने इसकी पुष्टि की है। किसी भी थाने में उनके ऊपर कोई मुकदमा पंजीकृत नहीं हैं। उनके पास हाथ में 40 हजार तो पति के पास 36 हजार रुपये नकद हैं।

### रिवाल्वर और है राइफल

बीजेपी की लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत असलहों का भी शौक रखती हैं। इनके पास रिवाल्वर और रायफल है। इन दोनों लाइसेंसी असलहों की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये दर्शायी गई है।

### करोड़पति हैं पति-पत्नी

इनके ऊपर बैंकों का लगभग 32 लाख रुपये की कर्जदार हैं। इनकी कुल चल संपत्ति 22 लाख और पति के पास 21 लाख रुपये है। जबकि अचल संपत्ति राजरानी रावत के पास दो करोड़ 91 लाख और पति के पास एक करोड़ 31 रुपये की संपत्ति है।

### इन लोगों ने भी खरीदा पर्चा

निर्दलीय बाबूराम, रामलखन और राम अनुज, स्वतंत्रता अभिव्यक्ति पार्टी से आशादेवी, डॉ.भीमराव आंबेडकरदल से संतोष रावत, राष्ट्रीय विकल्प पार्टी से सुधा गौतम और आवामी समता पार्टी से महेंद्र कुमार ने भी पर्चा खरीदा है।

## सार-संक्षेप

### पुलिस के हाथ लगे मोबाइल टॉवरों पर चोरी के आरोपी

**सतरिख बाराबंकी, अमृत विचार :** मोबाइल के टावरों पर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सतरिख थाना क्षेत्र के मोबाइल टावरों पर चढ़कर बैटरी लोहा सहित कुछ अन्य कीमती सामान कर चोर चोरी कर फरार हो रहे थे। पुलिस लगातार इस पर नजर बनाए हुए थी, सतरिख थाने के साथ ही मानपुर राह चौकी प्रभारी राज करन सिंह के द्वारा चोरी करने के आरोप में कुछ आरोपी हाथ लगे हैं। पुलिस इनको हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, पुलिस को इनसे भारी मात्रा में चोरी का समान बरामद होने की उम्मीद है। सतरिख प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को पीटकर भगाया

**अमृत विचार त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** दहेज में मोटर साइकिल की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को शादी के एक महीने बाद ही ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से भगा दिया। थाना लोनी कटरा के रामीपुर की श्रीकान्ती पुत्री कालिका ने पुलिस से की गई शिकायत में कहा है कि लगभग दस महीने पहले मेरी शादी जनपद लखनऊ थाना गोसाईं गंज के अमेठी निवासी अनिल के साथ हुआ था।शादी के एक महीने बाद ही मोटरसाइकिल की मांग को लेकर पति अनिल, ससुर पूर्वीदीन,जेठ सुनील, जेठानी ज्ञानवती,सास राजकुमारी ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। थाना अध्यक्ष अंकित त्रिपाठी का कहना है कि शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।


कार्यकर्ताओं के साथ तनुज पुनिया। अमृत विचार

### लोकतांत्रिक प्रक्रिया खत्म करना चाहती है भाजपा : तनुज

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने शुक्रवार को ब्लॉक सिरौलीगौसपुर के ग्राम अमरा कटेहरा, शेषपुर टुटरु, सिरौलीगुंग, मदरापुर, बदोसराय सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क किया। इस अवसर पर गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि यह किसानों नौजवानों की आशाओं का गठबंधन है। इंडिया गठबंधन किसानों, नौजवानों और बेरोजगारों के सतत विकास का वादा करता है। भारतीय जनता पार्टी जनता की मूलभूत आकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी है। भाजपा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पूरे देश से खत्म कर देना चाहती है। उन्होंने ने कहा कि रामनगर विधानसभा के लोगों ने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास किया है। कांग्रेस नेता न्याय पंचायत किंतूर के प्रभारी बदरुद्दीन वारसी के संयोजन में आयोजित नुक्कड़ सभा को ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने कहा कि आज हमें एक साथ कई मोर्चों पर लड़ना है। संवैधानिक मूल्यों को बचाने के लिए आपको आगे आना होगा।

### राष्ट्रीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता का फाइनल आज


प्रतियोगिता के निर्णायकों को सम्मानित करते अतिथि।

**सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार :** शुक्रवार को सतरिख स्थित टीआरसी लॉ कॉलेज में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल तथा सेमीफाइनल राउण्ड आयोजित किया गया। मूटकोर्ट के दूसरे दिन प्रारम्भिक चरण के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। शनिवार को प्रतियोगिता का फाइनल चरण आयोजित किया जाएगा। फाइनल चरण के बाद सम्मान समारोह कार्यक्रम के साथ तीन दिवसीय राष्ट्रीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा। तीन दिवसीय राष्ट्रीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्वार्टर फाइनल चरण आयोजित किया गया। जिसमें कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। क्वार्टर फाइल को डा. आलोक पाण्डेय, अमित वी महाजन, डॉ. तृप्ला सिंह, आनन्द सिंह, आदित्य तिवारी, मुदिता त्रिपाठी, डा. नितेश चतुर्वेदी, रुदांश सिंह ने जज किया। क्वार्टर फाइनल चरण के प्रतिभागियों को विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार गुप्ता द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं निर्णय देने वाले जजों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। जिसके बाद राष्ट्रीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल चरण आयोजित किया गया। जिसमें कुल चार टीमों ने प्रतिभाग किया। सेमीफाइनल में टीम 11 और टीम 18 विजयी रहीं। जिनके बीच शनिवार को फाइनल चरण की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।


बैठक में दिशा निर्देश देते प्रेक्षक व्यय अतुल रामदास गोखले। अमृत विचार

### व्यय प्रेक्षक ने की चुनाव कार्यों की समीक्षा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरु हो गई और प्रेक्षक व्यय अतुल रामदास गोखले का भी जनपद में आगमन हो गया। प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव व्यय सम्बंधी किसी भी शंका या भ्रम की स्थिति नहीं बननी चाहिए। किसी भी समस्या के समाधान के लिए उनसे किसी भी समय सम्बंधित अधिकारी सम्पर्क कर सकते हैं। वह लोक सभागार में चुनाव व्यय सम्बंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, जिला वन अधिकारी आकाशदीप बधावन, अपर ज़िलाधिकारी अरुण कुमार सिंह सहित अन्य समस्त सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने प्रेक्षक को जनपद में अब तक चुनाव की तैयारियों की पूरी रूप रेखा से अवगत कराया। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से जनपद बाराबंकी की भौगोलिक स्थिति तथा अन्य आवश्यक कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। जिला मजिस्ट्रेट ने प्रेक्षक, व्यय को बताया कि नामांकन शुरू हो गया है और प्लाइंग स्क्वायड टीमें लगातार पूरी चौकसी से काम कर रही हैं।

### 29 को होगा हज पर जाने वाले यात्रियों का टीकाकरण

**बाराबंकी : अमृत विचार :** जिले से जाने वाले हज यात्रियों की ट्रेनिंग एवं टीकाकरण कार्यक्रम 29 अप्रैल 2024 को नगर पालिका परिषद हॉल में सुबह 9 बजे आयोजित किया गया जाएगा। जिसमें हज ट्रेनर्स द्वारा हज यात्रियों को यात्रा से संबंधित ट्रेनिंग दी जाएगी। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा गठित पुरुष व महिला डाक्टरों की टीम द्वारा हज यात्रियों को क्वाड्रीवेलेन्ट, मेनिंगोकॉकल, मैनिजाईटिस व सीजनल इन्फ्लूएन्जा मैक्सिन का टीकाकरण किया जाएगा और ओरल पोलियो ड्रॉप पिलाया जाएगा। यह जानकारी ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने दी। ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने कहा कि जनपद बाराबंकी से 2024 में हज यात्रा पर जाने वाले सभी हज यात्रियों को 29 अप्रैल को अपने साथ पासपोर्ट, आवेदन फार्म, दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, ब्लड ग्रुप जांच रिपोर्ट एवं कोविड सार्टिफिकेट लाना होगा। किसी भी असुविधा अथवा जानकारी के लिये मो. राशिद 9956783535, मो. इरफान हाजी 7905235377, मो. महमूद 8795943063, हाजी अयाज अहमद 9918100573 एवं विकास भवन में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय के दूरभाष 05248 297687 से सम्पर्क करें।

### मजदूरी का पैसा मांगने पर पिटाई का आरोप

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** मजदूरी का पैसा मांगने गए एक दलित मजदूर की पिटाई कर दी गई। पिता की तहरीर पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।कोतवाली हैदरगढ़ के कादीपुर मजरे शाहपुर निवासी पुत्ती रावत ने बताया कि उनका पुत्र हेमराज कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मजरे बारा गांव में शुक्रवार की शाम गेहूं की मड़ाई का पैसा मांगने के लिए गया हुआ था जहां पर ओमप्रकाश व उनके भतीजे सुनील ने बुरी तरह पिटाई कर दी इस घटना में मेरे बेटे का सिर फट गया है।

### खेत में गिरी हाई टेंशन लाइन से चिंगारी, फसल जली

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख थाना क्षेत्र के दियानत नगर गांव के किसान रमेश कुमार सिंह तथा रघुराज सिंह के खेत में शुक्रवार की देर शाम खेत के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन की शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। शिकायत पर भी देर रात तक दमकल नहीं पहुंच पाई।

# लोकसभा चुनाव : कड़ी सुरक्षा के बीच नामांकन प्रक्रिया शुरू

## पहले दिन भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने दाखिल किया नामांकन पत्र

अयोध्या कार्यालय

- बगैर लाव-लश्कर पहुंचे, एक सेट में दाखिल किया पर्चा
- सीसीटीवी के सामने कराई जा रही प्रक्रिया, 21 लोगों ने 29 सेट में लिया नामांकन पत्र

**अयोध्या।** कड़ी सुरक्षा के बीच शुक्रवार को 54फैजाबाद लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने दोपहर एक बजे के बाद कलक्ट्रेट स्थित डीएम न्यायालय कक्ष में रिटर्निंग अफसर नितीश कुमार के सामने एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

भाजपा प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने बगैर किसी तामझाम और लाव-लश्कर के पहुंचे थे। नामांकन पत्र में उनके प्रस्तावक सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी है। नामांकन प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरे के सामने कराई जा रही है। नामांकन स्थल पर शुक्रवार को नामांकन फॉर्म प्राप्त करने वालों की भीड़ रही। इंडिया गठबंधन (सपा), भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी सहित विभिन्न दलों और निर्दल 21 प्रत्याशियों की ओर से कुल 29 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किए गए।

नामांकन प्रक्रिया शुरू होने डीएम नितीश कुमार, एसएसपी राज करन नय्यर सहित अन्य अफसरों ने नामांकन स्थल की व्यवस्था का जायजा लिया। कलक्ट्रेट परिसर में बैरीकेडिंग के साथ लोहे जालियां लगाई गईं हैं। इनमें से कोई अंदर घुस नहीं सकता। नामांकन करने वालों को गेट संख्या छह से प्रवेश दिया जा रहा है। पूरे रास्ते पर संगीनधारी सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं।

एआरओ व एसडीएम सदर आरके पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने एक सेट में नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही 21 लोगों ने 29 सेट में नामांकन पत्र भी लिया है। नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक चली।



नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले रामलला को साष्टांग प्रणाम कर आशीर्वाद लेते भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह।

### नामांकन से पहले लिया रामलला का आशीर्वाद

सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह शुक्रवार को नामांकन करने से पहले श्रीराम जन्मभूमि स्थित राममंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने रामलला को साष्टांग प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद प्रमुख संतों से भी मुलाकात कर उन्हें प्रणाम किया।

## 5.40 करोड़ के मालिक लल्लू 1.37 करोड़ रुपये के कर्जदार भी

अयोध्या कार्यालय

- आपराधिक इतिहास नहीं असलहों से दूर का रिश्ता



सांसद लल्लू सिंह

**अमृत विचार :** 54-फैजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने वाले सांसद लल्लू सिंह 5.40 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। वह विभिन्न वित्तीय संस्थानों के 1.37 करोड़ रुपये के बकाएदार भी हैं। कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। असलहों के भी शौक नहीं है। यह जानकारी नामांकन के दौरान दाखिल किए गए शपथ पत्र से मिली है।

एमए, एलएलबी तक की शैक्षिक योग्यता रखने वाले सांसद लल्लू सिंह और उनकी पत्नी सरिता सिंह की कुल संपत्ति 5.40 करोड़ रुपये है। वित्तीय साल 2022-23 में सिंह ने 13.90 लाख का व पत्नी सरिता सिंह ने 3.84 लाख रुपये का आयकर रिटर्न दाखिल किया। सांसद 1.70 लाख रुपये नकदी के साथ चुनाव मैदान में उतरे हैं। उनकी पत्नी के पास भी 1.25 लाख रूपये की नकदी है। लल्लू सिंह का पार्लियामेंट दिल्ली स्थित एसबीआई सहित कई बैंकों में और पत्नी का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व पीएनबी अयोध्या में खाता है। विभिन्न वित्तीय संसाधनों में 2.29 लाख के शेयर होल्डर हैं। पत्नी न्यू साकेत ट्रांसपोर्ट में 50 फीसदी की पार्टनर है। उनके पास टोयटा इनोवा के साथ रॉयल इनफील्ड बुलट व एक मोटरसाइकिल है। 3.36 लाख रूपये के जेवर और घरेलू सामान है। पत्नी के पास डेढ़ लाख रूपये मूल्य के जेवरात हैं। वह 1.05 करोड़ की चल और 3.09 करोड़ की अचल संपत्ति के मालिक हैं। जबकि पत्नी 83.73 लाख की चल, अचल संपत्ति की मालकिन हैं। लल्लू के पास अयोध्या के रायपुर, खरगपुर, कोटसराय, बल्लीपुर, मांझा कला, अब्बू सराय और भीखनपुर में कृषि की जमीन हैं। सहादतगंज में पैतृक मकान, लखनऊ के विराटखंड और ट्रांसपोर्ट नगर में आवासीय प्लाट के साथ एडीए से आवंटित मकान है। जमीनें पैतृक और स्वयं से खरीदी गई भी है।

सांसद लल्लू सिंह और उनकी पत्नी विभिन्न वित्तीय प्रतिष्ठानों के 1.37 करोड़ रुपये के कर्जदार भी हैं। इनमें पीएनबी सिविल लाइन, एचडीएफसी, राजधानी लखनऊ और सहकारी समिति कोटसराय से लिए गए ऋण है। उन्होंने 4.85 लाख रुपये को कर्ज दूसरों को भी दिया है। पत्नी ने भी राजधानी नगर सहकारी बैंक गोमतीनगर से साढ़े 22 लाख रुपये का कर्ज ले रखा है।

### अधिसूचना के साथ चुनाव प्रक्रिया शुरू

जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि 54 लोकसभा फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन कक्ष में तीन मई तक पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक नामांकन सम्बंधी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, उप जिलाधिकारी सदर राजकुमार पांडेय सहित नामांकन एवं अन्य चुनावी प्रक्रिया में लगे अधिकारी मौजूद रहे।

## सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** रुहानी इलाज के लिए विश्व विख्यात दरगाह किछौछा शरीफ आई युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के हस्तक्षेप के बाद बसखारी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बिहार की रहने वाली जायरीन महिला ने बताया कि उसकी पुत्री का स्वास्थ्य खराब रहता है। दरगाह किछौछा में आस्था के कारण अपनी पुत्री को झांड़-फूंक व दुआ कराने के उद्देश्य से सलमा पत्नी कलाम दरगाह किछौछा के मकान में किराए पर रहती थी। 18 अप्रैल को जब वह सामान लेने कमरे से बाहर गई हुई थी तभी सलमा ने अपने पति और चार अज्ञात लोगों को बुलाकर उसकी पुत्री के साथ सामूहिक दुष्कर्म करवाया और वीडियो भी बना लिया। किसी को बताने पर दोनों को जान से मारने की धमकी दिया। पीड़िता की मां ने एसपी को बताया कि जब उसकी पुत्री ने उसे रो-रो कर पूरी घटना बताई तो वह बसखारी थाने पर गई, लेकिन पुलिस ने वहां पर मुकदमा दर्ज नहीं किया। बसखारी पुलिस ने कलाम व 04 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपित सलमा और उसके पति सैफ अहमद को गिरफ्तार कर लिया है।

### फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** भीटी थाना क्षेत्र के गोशाईं का पूरा गांव में महिला का शव घर की छत से लगे कुंडे के सहारे लटकता मिला। नीलम (30) का पति गणेश कुमार दिल्ली में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करता है। घरवालों ने बताया कि नीलम ने फोन पर पति से काफी देर तक बात की। इसके बाद वह अपने कमरे में चली गई। कुछ देर बाद जब परिवार के सदस्य उसके कमरे के सामने से गुजरे तो वहां का दृश्य देखकर सन्न रह गए। नीलम का शव छत में लगे कुंडे के सहारे लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## गेहूं की फसल और गौशाला जलकर हुई राख

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अज्ञात कारणों से लगी आग थोड़ी ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग से काट कर मड़ाई के लिए रखी गई एक बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। वहीं एक व्यक्ति की गौशाला भी आग की चपेट में आ गया। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अधिकतर फसलों के पहले से कट जाने से किसानों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। बता दें कि जहांगीरगंज के शहाबुद्दीनपुर में गांव की सीमा पर सबसे पहले आग नर्वदेश्वर तिवारी के खेत में मौजूद पाराली में लगी। देखते ही देखते यह अन्य खेतों को अपने चपेट में लेते हुए नजदीकी गांव कल्याणपुर तक पहुंच गई। गांव के ओंकार तिवारी के खेत में एक बीघा गेहूं की फसल काटकर मड़ाई के लिए रखी थी। वह आग की चपेट में आने से जलकर राख हो गई। इसी आग की चपेट में गांव के निवासी सानू मिश्रा की गौशाला भी आ गई और वह भी जलकर नष्ट हो गई। गांव निवासी संतराम तिवारी का 10 बिस्वा गेहूं की फसल भी जलकर राख हो गई। तेजी से फैल रही आग ने एक बाग को भी अपनी चपेट में ले लिया। वहां करीब चार पेड़ भी जल गए। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों के सहयोग से करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही की ज्यादातर फसलें कट चुकी थी, जिससे भारी नुक्सान होने से बच गया।

## छुट्टी के बाद सहारनपुर के मदरसे जा रहे थे बच्चे

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डबल डेकर बस में मिले कुल 97 बच्चों में से 95 सहारनपुर स्थित मदरसे में तालीम हासिल करने के लिए जा रहे थे। दो बच्चे अपने अभिभावक के साथ बतौर सवारी बस में सवार थे। चाइल्ड हेल्प लाइन की सुनीता यादव ने बताया कि बच्चे साफ-साफ कुछ नहीं बता पा रहे थे। उनका कहना है कि परिवार ने उनको मौलाना और हाफिज के हवाले कर दिया। वो गुरुवार रात नौ बजे बिहार के अररिया में बस पर सवार हुए थे। बताया कि कोई भी बच्चा 15 साल की उम्र का नहीं मिला है। मामले की गहराई से जाँच की जरूरत है।

- इनमें 15 पुराने और बाकी को इस सत्र में लेना था प्रवेश

बच्चों के साथ मौजूद सहारनपुर के जामिया रफ़ीकिया तहफीजुल मदरसा के प्रबंधक तौसीफ अली का कहना है कि हरिद्वार रोड पर उनका मान्यता प्राप्त मदरसा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वह नया सत्र शुरू होने के बाद बच्चों को उनके माता-पिता की मर्जी से लेकर जा रहे थे। शिक्षक शजद अली और रिजवान ने बताया कि 15 ऐसे बच्चे हैं जो उनके यहां पहले से पढ़ रहे हैं, 80 बच्चों को उनके माता-पिता ने पढ़ाई के लिए साथ भेजा है। एएचटी थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार से बताया कि पूछताछ और पड़ताल कराई जा रही है। एसएसपी राजकरन नय्यर का कहना है कि मामला बाल कल्याण समिति से जुड़ा है। शिकायत मिलने पर रिपोर्ट दर्ज करवा कार्रवाई की जाएगी।

### बस में सवार यात्री भी फंसे

संयुक्त टीम की कार्रवाई में बस में सवार आठ यात्री भी फंस गए। खबर लिखे जाने तक सभी पुलिस लाइंस में बैठे थे। इन्हीं में से एक दिल्ली निवासी शकीकुल ने बताया कि पत्नी की मौत होने के बाद वह निकाह के लिए लड़की देखने बिहार गया था। ट्रेवल एजेंट ने उसको एसी बस बता दिल्ली तक का 1700 रुपया वसूल लिया और साधारण बस में बिठा दिया। इसी तरह अन्य लोग भी बिहार के अररिया से दिल्ली के लिए सवार हुए थे।

### स्थानीय लोग भी पहुंचे सिविल लाइंस

बच्चों और मदरसा के प्रबंधक समेत शिक्षकों को पुलिस लाइंस में बैठाने की सूचना पर शहर के कई लोग पहुंचे। बच्चों से भोजन व जलपान की जानकारी ली। पूरे घटनाक्रम को जाना। इस दौरान सराय कोफ्ता के मौलाना जियाउद्दीन, जमील, हाफिज इरफ़ान, तौहीद, जहीर अब्बास, हाजी अनीस आदि मौजूद रहे।

### चार डॉक्टरों की टीम ने किया परीक्षण

एक साथ 95 बच्चे मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल पहुंचे तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात स्टाफ में हलचल मच गई। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक अरुण प्रकाश श्रीवास्तव ने अधीक्षक विपिन वर्मा को सभी का मेडिकल कराने की जिम्मेदारी सौंपी। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ. आशीष पाठक, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल वर्मा और डॉ. शिशिर श्रीवास्तव व ईएनटी के डॉ. एसएन तिवारी ने तीन घंटे से ज्यादा समय में सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान जिला अस्पताल के दोनों गेट बंद कर दिए गए।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से हुई महिला की मौत

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने एक महिला को टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल महिला की मौत हो गई। नगर पंचायत कुमारगंज क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन अकमा निवासी एकता पाण्डेय पति राम केवल पाण्डेय के साथ सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज से इलाज करा घर जा रही थी। अयोध्या रायबरेली हाईवे 330- ए स्थित विद्युत उपकेंद्र कुमारगंज के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई। सौ शैय्या अस्पताल के डॉ. अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि एकता पाण्डेय के सिर में गंभीर चोटे थीं। उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जहां उसकी मौत हो गई।




## यूपी में सभी सीटें जीतेगी भाजपा : उपमुख्यमंत्री

अयोध्या कार्यालय

- स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक बोले- कन्नौज में अखिलेश के मंसूबे नहीं होंगे सफल
- सड़क मार्ग से सिद्धार्थनगर व संतकबीर नगर के लिए किया प्रस्थान

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में भाजपा की मोदी की लहर चल रही है। भाजपा सभी सीटें जीतेगी। कन्नौज में अखिलेश यादव के मंसूबे सफल नहीं होंगे। कन्नौज के लोग भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ जिताएंगे। सपा की जमानत जब्त होगी। ये बातें शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहीं। वो अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।



एयरपोर्ट पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

उन्होंने उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा के प्रथम चरण और आज द्वितीय चरण के मतदान में सभी आठ के आठ लोकसभा क्षेत्र में हमारे कार्यकर्ताओं ने मेहनत की है। वहां के आम जनमानस से हमारी बात हुई है। भाजपा के पक्ष में लोग अपने घरों से निकलकर पोलिंग बूथ पहुंच रहे हैं। मोदी की जो गरीब कल्याण योजनाएं हैं जन-जन तक पहुंची हैं। लोगों का भरोसा भाजपा पर लगातार बढ़ा है। एयरपोर्ट पर कुछ समय रुकने के बाद उपमुख्यमंत्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सड़क मार्ग से सिद्धार्थनगर व संतकबीर नगर के लिए प्रस्थान कर गए।

## डबल डेकर बस में मिले 97 बच्चे

- एनजीओ की बाल तस्करी की शिकायत पर संयुक्त टीम ने हाईवे पर पकड़ा

अयोध्या, कार्यालय

- अभिभावकों को सूचना देकर बुलाया, सभी बच्चों को संरक्षण गृह भेजने की तैयारी

**अमृत विचार :** दिल्ली के एक स्वयंसेवी संस्था की शिकायत पर राज्य बाल आयोग के निर्देश पर जिले की बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, डीपीओ, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना व जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को डबल डेकर पकड़ी। बस में 97 बच्चे सवार मिले। टीम ने बस को लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में देवकाली स्थित एक होटल के सामने से पकड़ा है। बस में अन्य सवारियां भी थीं। बच्चों की काउंसलिंग के बाद सभी का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद अब बाल संरक्षण गृह भेजवाने की तैयारी है।



पुलिस लाइन में खड़ी कराई गई बस। अमृत विचार

दिल्ली की एनजीओ मुक्ति फाउंडेशन ने राज्य बाल आयोग से शिकायत की थी कि बिहार के अररिया जिले से काफी बच्चों को अरुणांचल प्रदेश में पंजीकृत बस एआर 16 बी 1551 से गोरखपुर और लखनऊ के रास्ते सहारनपुर ले जाया जा रहा है, जिसके बाद आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी ने जिले के बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, डीपीओ, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना समेत जिला पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई के लिए कहा।

इसके बाद सक्रिय हुई संयुक्त टीम ने अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में देवकाली स्थित एक होटल के सामने संबंधित डबल डेकर बस को शुक्रवार दोपहर रोका लिया। बस में अन्य सवारियों के साथ चार साल से 12 साल उम्र के कुल 97 बच्चे सवार मिले। इनके साथ सहारनपुर जिला स्थित एक मदरसा के प्रबंधक और शिक्षक भी थे। सभी को पुलिस लाइंस लाकर काउंसिलग और पूछताछ की गई। छानबीन में संयुक्त टीम को केवल दो बच्चों के अभिभावक मौके पर मौजूद मिले हैं। अन्य बच्चों की ओर से काउंसलिंग में स्पष्ट बात न बता पाने और साथ मौजूद लोगों के पास बच्चों के अभिभावकों का सहमति पत्र न होने के चलते संयुक्त टीम की ओर से बच्चों के अभिभावकों को सूचना देकर बुलाया गया है। फ़िलहाल अभी तक की जाँच में बाल तस्करी की बात साबित नहीं हो पाई है। बच्चों के साथ मौजूद सहारनपुर के जामिया रफ़ीकिया तहफीजुल मदरसा के प्रबंधक तौसीफ अली का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वह मदरसे का नया सत्र शुरू होने के बाद बच्चों को उनके माता-पिता की मर्जी से लेकर मदरसे जा रहे थे।

### कोई अधिकार पत्र नहीं दिखा पाए

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी ने बताया कि 95 बच्चों के अभिभावक मौके पर मौजूद नहीं मिले। इनके साथ मौजूद लोग बच्चों को अपने साथ ले जाने का कोई अधिकार पत्र नहीं दिखा पाए। जिसके चलते बच्चों का मेडिकल करवा देखेरख के लिए लखनऊ स्थित बाल संरक्षण गृह भेजवाया जा रहा है। अभिभावकों के आने और उनकी काउंसिलग के बाद स्वेच्छा से भेजे जाने की बात सामने आएगी तो बच्चों को उनके हवाले कर दिया जाएगा अथवा विधिक कार्रवाई कराई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### झाला खरीदने आए, 100 ग्राम सोना ले उड़े



ज्वैलरी की दुकान में सीसीटीवी में कैद हुए दो संदिग्ध।

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही के सत्ती चौरा पुलिस चौकी अंतर्गत एक सर्राफ की दुकान में शुक्रवार दोपहर खरीदारी करने आए दो युवक लगभग 100 ग्राम सोने का सामान पार कर फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी के जरिए युवकों की पहचान करने में पुलिस जुटी है। पीड़ित दुकानदार ईश्वर लाल वर्मा निवासी पूरे कीरथ ने बताया कि दो युवक सोने का कान का झाला खरीदने आए थे। इस दौरान उन्होंने अन्य सामान दिखाने को कहा। इसी दौरान झाले का पैकेट लेकर फरार हो गए। चौकी प्रभारी गोविंद अग्रवाल ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की मदद से टप्पे बाज युवकों की खोजबीन कराई जा रही है।

### अमेठी डिपो का बुकिंग क्लर्क निलंबित

**अयोध्या, अमृत विचार :** रोडवेज के अमेठी डिपो के बुकिंग क्लर्क सूर्य भान सिंह को रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक ने विमल राजन निलंबित कर दिया है। क्लर्क पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से अशिष्टतापूर्वक व्यवहार का आरोप है। आरएम राजन ने बताया कि 19 अप्रैल से अनुपिस्थित चल रहे चालकों/परिचालकों की समीक्षा के दौरान क्लर्क ने एआरएम से अशिष्टतापूर्वक व्यवहार कर अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया था। उस पर व्यवस्था पटल पर तैनाती के बाद चालकों/परिचालकों को अनावश्यक रूप से परेशान कर निगम का संचालित को प्रभावित करने, निगम क छवि धूमिल करने, निगम निर्देशों के विपरीत कार्य करने का भी आरोप है।

### शूटिंग खिलाड़ी श्रीलंका में करेंगे प्रतिभाग

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी के शूटिंग खिलाड़ी अब श्रीलंका अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में निशाना साधेंगे। भवदीय शूटिंग अकादमी की अयोध्या शूटिंग रेंज के चार खिलाड़ी श्रीलंका में 29 जून से होने वाली अंतरराष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में जिले के डिप्टी एसपी डॉ. राजेश कुमार तिवारी, सहायक बेसिक शिक्षा निदेशक रामसागर पति त्रिपाठी, देवेश कुमार व डॉ. डीआर भुवन शामिल हैं।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दो बकरियां जलीं



आग लगने से फैला धुंआ और जला सामान।

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** बीकापुर तहसील क्षेत्र के शाहगंज बाजार स्थित मुकीमपुर में बिजली की शार्ट सर्किट से लगी आग में गरीब का आशियाना जलकर राख हो गया। इसके साथ ही दो बकरियां भी जिंदा जल गईं। ग्राम मुकीमपुर निवासी राधेश्याम के घर छप्पर में शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने के कारण दो बकरी, एक मोटरसाइकिल, दो साइकिल, दो चारपाई एवं अन्य सामान जलकर राख हो गए। यह आग शुक्रवार को दोपहर लगभग 12 बजे लगी। बताया कि घर के छप्पर के ऊपर से बिजली की केबल गई हुई थी। जिसमें स्पार्किंग हो जाने के कारण भीषण आग लग गई। इसी के साथ-साथ बगल में रामकरन सोनी के घर के ऊपर रखी पानी की टंकी भी जल गई। मौके पर ग्राम प्रधान लल्लन दुबे, पूर्व प्रधान विजय गुप्ता एवं ग्राम वासियों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

व्यवसाय

**अयोध्या में जनवरी में 1.28 करोड़ लीटर बिक्री, मार्च में हुई 1.63 करोड़ लीटर डीजल की खपत, डीजल बिक्री में हुआ 27 फीसदी का इजाफा**

## श्रद्धालुओं के बढ़ने से पेट्रोलियम कंपनी की बल्ले-बल्ले

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद मानो पेट्रोलियम कंपनियों को संजीवनी मिल गई है। डीजल की बिक्री में जबरदस्त उछाल आया है। जनवरी माह में 1.28 करोड़ लीटर डीजल की बिक्री करने वाला जिला मार्च में रिकॉर्ड 1.63 करोड़ लीटर डीजल की बिक्री की है। इससे पंप संचालकों के चेहरे खिले हुए हैं। एक अनुमान है कि अयोध्या जिले के शहरी क्षेत्र में संचालित पेट्रोल पंपों की आमदनी लखनऊ, वाराणसी जैसे महानगरों की तर्ज पर पहुंचने लगी है।

### 22 लाख से सीधा 31 लाख लीटर पहुंच गया पेट्रोल

जिला आपूर्ति विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) के पेट्रोल की खपत भी बढ़ी है। जनवरी में 22.80 लाख लीटर, फरवरी में 28.34 लाख लीटर व मार्च में 31.27 लाख लीटर पेट्रोल की जिले में खपत हुई है। कुछ इसी तरह हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) व भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) में भी पेट्रोल की खपत रही।



रीडगंज ओवरब्रिज के बगल स्थित पेट्रोल पंप।

शुक्रवार को डीजल व पेट्रोल के दाम: 95.03 रुपये लीटर पेट्रोल | 88.21 रुपये लीटर डीजल

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश की तमाम नामचीन हस्तियां अयोध्या पहुंची थीं। इसके बाद दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन शुरू हुए तो श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। फरवरी और मार्च महीने में रामपथ, जन्मभूमि पथ व धर्मपथ पर पैर रखने की जगह नहीं रही। देश के कोने-कोने से आने वाले रामभक्त कुछ तो अपने वाहनों से आ रहे थे कुछ ने बसों व अन्य साधनों का प्रयोग किया। आलम यह रहा कि डीजल की बिक्री में 27 प्रतिशत का इजाफा हो गया।

| कंपनी | माह जनवरी | मार्च |
|---|---|---|
| आईओसी | 5026000 | 6303000 |
| एचपीसीएल | 1631000 | 2131000 |
| बीपीसीएल | 6221000 | 7932000 |

नोट- आपूर्ति विभाग से मिले यह आंकड़े लीटर में हैं।



### तीन माह में आए 1.5 करोड़ श्रद्धालु

पर्यटन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद से राम मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ी है। तीन माह में लगभग डेढ़ करोड़ राम भक्तों ने अयोध्या में पहुंचकर दर्शन-पूजन किया है।

### 148 पंप, पेट्रोल पर तीन, डीजल पर दो रुपये 10 पैसा कमीशन

पेट्रोल पंपों पर मिलने वाली सुविधाएं या फिर घटतौली की शिकायत का आपूर्ति विभाग संज्ञान लेता है। जिले में कुल 148 पेट्रोल पंप संचालित हैं। संचालकों को पेट्रोल पर करीब तीन रुपये व डीजल पर दो रुपये 10 पैसे की बचत होती है। इसी बचत को लेकर पंप कर्मियों के चेहरे खिले हुए हैं।

> अयोध्या में दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ने से डीजल की बिक्री में उछाल आया है। इससे न सिर्फ राजस्व बढ़ेगा बल्कि प्रदेश की इकोनॉमी में भी मजबूती आएगी। -बृजेश मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी

# प्रेम प्रसंग में विवाहिता की गला दबाकर हत्या

## मृतका की बेटी बोली- डब्लू ने मां को मारा, पति ने दी नामजद तहरीर, पुलिस कर रही मामले की जांच-पड़ताल

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** हलियापुर थाना क्षेत्र के जरई कला में विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। घटना के समय मृतक महिला का पति घर पर नहीं था। हत्याकांड से गांव में हड़कंप मच गया है। सीओ बल्दीराय सौरभ सावंत ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग में हत्या किए जाने की बात सामने आई है। वहीं, मृतका के पति ने नामजद तहरीर थाने पर दी है।

हलियापुर थाना क्षेत्र के जरईकला निवासी दिनेश पासी ने लगभग 14 वर्ष पहले गांव से दो किमी दूर गौहनिया की रहने वाली सुनीता (35) के साथ प्रेम विवाह किया था। सुनीता के दो लड़के और एक लड़की है। परिवार में सब कुछ ठीक चल रहा था। इसी बीच पड़ोस के डब्लू पासी की दोस्ती दिनेश से हुई। उसका दिनेश के घर आना-जाना बढ़ गया। ग्रामीणों की मानें तो कुछ ही दिनों में सुनीता और डब्लू में काफी नजदीकियां हो गई। जिसकी चर्चा गांव क्षेत्र में होने लगी। डब्लू भी शादीशुदा था। काफी चर्चाओं के बाद जब बात डब्लू की पत्नी के कानों तक पहुंची तो वह मायके चली गई है। बीती रात दिनेश अयोध्या के अरकुना गांव में मामा के घर गया हुआ था। यहां घर पर पत्नी सुनीता तीनों बच्चों के साथ थी।



मामले की जांच करते हुए सूचना पर पहुंची पुलिस व इनसेट में सुनीता की फाइल फोटो।

सुनीता की 12 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी ने बताया कि गुरुवार की रात डब्लू घर में आया। किसी बात को लेकर दोनों में हाथापाई हुई तो डब्लू ने मां की दुपट्टे से गला दबा कर हत्या कर दी। उसके बाद बच्चों को डरा धमका कर फरार हो गया। सुबह साढ़े छह बजे दूध वाले के दरवाजा पीटने पर लक्ष्मी ने रोते हुए दरवाजा खोला। तब लोगों को हत्या का पता चला। सूचना पर पहुंची पुलिस को दिनेश के घर के आंगन में चूड़ियों के टूटे पड़े होने के साथ, दुपट्टा तथा दो मोबाइल टूटा पड़ा मिला है। ग्रामीणों ने दिनेश को सूचना दिया। वह घर पहुंचा तब तक सीओ बल्दीराय व एसओ हलियापुर भी मौके पर पहुंच चुके थे। अधिकारियों ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम में भेजा है। दिनेश ने डब्लू के विरुद्ध नामजद तहरीर पुलिस में दी है। वहीं, मृतका की पुत्री लक्ष्मी 12, पुत्र दुर्गा प्रसाद 7 व आयुष्मान 6 वर्ष का है।

> मृतका के बेटी के बयान, घटना स्थल पर मिले साक्ष्य के आधार पर हम जांच कर रहे हैं। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। –**सौरभ सावंत**, क्षेत्राधिकारी बल्दीराय

### दोस्त ने उजाड़ा दोस्त का घर

**बल्दीराय:** मृतका सुनीता का मायका रामतीरथ पुत्र राम दुलारे निवासी गौहनिया मजरे हलियापुर के यहां है। स्थानीय लोगों के बताने के अनुसार लगभग 14 वर्ष पूर्व दिनेश पासी व सुनीता की लव मैरिज हुई थी, जिससे मायके वाले भी नाराज रहते थे। डब्लू पासी व दिनेश पासी की मित्रता काफी दिनों से थी, जिससे डब्लू का दिनेश के यहां आये दिन आना जाना व साथ खाना पीना लगा रहता था। इसी का फायदा उठाकर घटना के दिन डब्लू दिनेश के घर पहुंचा था।

### एक नजर

### पेमापुर हत्याकांड के आरोपियों की जमानत

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के पेमापुर गांव में हुए बहुचर्चित विकास यादव हत्याकांड के आरोपी अकबाल व नौशाद को पुलिस ने जेल भेजा था। आरोपी के वकील शेख नजर अहमद ने बताया कि जेल में बंद आरोपियों अकबाल और नौशाद की जमानत हाईकोर्ट ने मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। 20 नवंबर 2023 की सुबह दो पक्षों में हुई चर्चित घटना में विकास यादव की मौत हो गई थी। घटना में क्रास केस भी दर्ज कराया गया था।

### जरूरतमंदों को कराया गया भोजन

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ प्रत्येक गुरुवार की रात जरूरतमंदों को भोजन खिलाता है। गुरुवार को संघ के मार्गदर्शक निजाम खान के नेतृत्व में जिला/महिला अस्पताल में 292 और रेलवे स्टेशन पर 60 कुल 352 नि:शुल्क भोजन थाली का वितरण किया गया। मौके पर मेराज, विजय निगम, सुहेल सिद्दीकी, राज कुमार यादव, नफीसा बानो, डॉ शादाब खान, सरदार गुरप्रीत सिंह, संतोष चौरसिया आदि मौजूद रहे।

### जामिया इस्लामिया खैराबाद में आयोजित हुई शोक सभा

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** इमाम अहलुस सुन्नत के उत्तराधिकारी हजरत मौलाना अब्दुल अलीम साहब फारुकी लखनवी के निधन पर जामिया इस्लामिया खैराबाद सुल्तानपुर में शोक सभा आयोजित की गई। जामिया इस्लामिया खैराबाद के शाहगंज मस्जिद के इमाम और खतीब हजरत मौलाना मुहम्मद उस्मान साहब कासमी ने हजरत रहमतुल्लाह अलैह के जीवन और उनकी धार्मिक और राष्ट्रीय सेवाओं का वर्णन किया।

### दहेज हत्या में सास को राहत

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के किठांवां में बीते माह दहेज उत्पीड़न कर बहू की हत्या करने की आरोपी सास नीलम तिवारी की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह के मुताबिक वादी राजकुमार ने अपनी पुत्री ज्योती का विवाह किठांवा निवासी रमाशंकर तिवारी से दो साल पूर्व में किया था। आरोप था दहेज की खातिर बीते माह पांच मार्च को बहू की हत्या कर दी तथा मायके में सूचना दी कि उनकी पुत्री ने फांसी लगाकर जान दे दी है। जेल में निरुद्ध सास नीलम की जमानत पर हुई सुनवाई में कोर्ट ने आरोपी सास की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है।

# बेकाबू पिकअप ने बाइक सवार को रौंदा, दो की मौत

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

अखंडनगर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गुरुवार की आधी रात के बाद निमंत्रण से लौट रहे व्यवसायी की बाइक को सामने से आ रही बेकाबू डीजे बनी पिकअप ने रौंद दिया और पलट गई। हादसे में व्यवसायी समेत 2 लोगों की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य घायलों को अंबेडकरनगर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पिकअप वाहन को कब्जे में लिया है।

अखंडनगर थाना क्षेत्र में कादीपुर से अखंडनगर मार्ग पर गिधौना के पास गुरुवार की रात एक बजे पिकअप ने बाइक सवार को ज़ोरदार टक्कर मार दी। अनियंत्रित होकर डीजे लगी हुई पिकअप सड़क के किनारे गड्ढे में पलटी। जिससे बाइक सवार नरेंद्र प्रसाद उर्फ छोटे मिश्र (55) निवासी अलीपुर अखंड नगर तथा पिकअप पर सवार संजय कुमार (19) निवासी थाना पवई आजमगढ़ की मौके पर हुई मौत।



संजय व नरेंद्र की फाइल फोटो।

मृतक के भाई राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि बीती रात लगभग एक बजे मैं अपने भाई के साथ दूसरी बाइक से कनकपुर, अखंडनगर से निमंत्रण देकर लौट रहा था, कि सामान से लहराते हुए तेज गति से कादीपुर से अखंड नगर की ओर आ रही पिकअप ने मेरे भाई की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उन्हें गम्भीर चोटें आईं एवं पिकअप भी अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना पर एंबुलेंस 108 के द्वारा घायलों को सीएचसी अखण्डनगर लाया गया। डॉ. सुधीर कुमार बरनवाल ने दो को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह सीएचसी अखण्डनगर में पहुंचकर शव को कब्जे में लिया तथा प्राथमिक उपचार के पश्चात अन्य 4 घायलों को जिला अस्पताल अम्बेडकर नगर रेफर किया गया है।



थाने में खड़ी दुर्घटना में शामिल पिकअप। अमृत विचार


# पुलिस मुठभेड़ में लुटेरा गिरफ्तार

- जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में लगी गोली

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लूट की वारदात को फिर से अंजाम देने पहुंचे लुटेरे से जयसिंहपुर पुलिस की शुक्रवार की सुबह करीब 4:30 बजे मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी है। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई में पुलिस जुटी है।

सीओ जयसिंहपुर ने बताया कि सुबह सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्त नौशाद निवासी धौरहरा थाना जीएनपुर जनपद आजमगढ़ जो जनपद आजमगढ का हिस्ट्रीशीटर है तथा थाना कोतवाली जयसिंहपुर क्षेत्र के राघवपुर शुक्ल स्थित पेट्रोल पंप पर हुई लूट की घटना का 20,000 रुपये का ईनामिया वांछित अभियुक्त है। वह फिर से किसी घटना को अंजाम देने आ रहा है। इस सूचना पर थाना जयसिंहपुर की पुलिस द्वारा घेराबंदी की गयी। अभियुक्त द्वारा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया, जिसमें अभियुक्त नौशाद को पैर में गोली लगी। अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी जयसिंहपुर में भर्ती कराया गया। अभियुक्त के पास से 01 तमंचा, 03 कारतूस व 8500 रुपये बरामद हुए। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश। अमृत विचार

# डीएम ने लिया नामांकन स्थल का जायजा

- अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 38-सुलतानपुर के लिये नामांकन कक्ष, न्यायालय कक्ष जिलाधिकारी सुलतानपुर के आस-पास की गयी वैरीकेडिंग, छाया हेतु टेन्ट, साफ-सफाई, आने जाने के लिये रूट डायवर्जन प्लान, सुरक्षा व्यवस्था आदि के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया गया।



जिलाधिकारी ने एसपी के साथ नामांकन केंद्रों का किया निरीक्षण। अमृत विचार

डीएम ने नामांकन कक्ष, न्यायालय कक्ष जिलाधिकारी का भौतिक निरीक्षण कर लोनिवि द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगायी जाने वाली बैरिकेडिंग, टेन्ट आदि के विषय में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने लॉ एंड आर्डर के संबंध में पुलिस अधीक्षक के साथ चर्चा करते हुए पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाबलों की तैनाती हेतु माइक्रो प्लान बनाने व सही स्थान का चयन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने न्यायालय कक्ष में कम्प्यूटर सिस्टम लगाने, वेब कास्टिंग, वीडियोग्राफी आदि सभी आधारभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में सभी संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## माकपोल के तहत कराया गया चुनाव

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः** प्राथमिक विद्यालय लम्भुआ प्रथम में स्वीप कार्यक्रम के तत्वावधान में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर विद्यालय के बच्चों द्वारा निर्वाचन में माकपोल की प्रक्रिया करते हुए चुनाव कराया गया। प्रधानाध्यापक लीला यादव के नेतृत्व में शिक्षक वागीश त्रिपाठी, राकेश सिंह आदि ने निर्वाचन प्रक्रिया का अभिनय करते हुए कक्षा 4 व 5 के बच्चे- पीठासीन अधिकारी शुभ बरनवाल , प्रथम, द्वितीय, तृतीय मतदान अधिकारी क्रमशः श्रीकांत बरनवाल, नव्या, उत्कर्ष एवं अभिकर्ता आयशा, शुभम, सुरक्षा कर्मी - शिवम, तथा मतदान कर्ता के रूप में श्रेयांश, शगुन, आराध्या आदि मौजूद रहे ।

# पूर्व विधायक संतोष पांडेय के मामले में सुनवाई 7 को

- पूर्व सपा विधायक समेत 12 के खिलाफ आदर्श आचार चुनाव संहिता के उल्लंघन का मामला

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** लंभुआ विधानसभा से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत 12 आरोपियों के खिलाफ आदर्श आचार चुनाव संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट रिक्त होने के कारण सुनवाई के लिए 7 मई की तारीख नियत की गई है।

बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि लंभुआ के पूर्व सपा विधायक सन्तोष पांडेय व उनके दर्जन भर साथियों पर फरवरी 2022 में दो मुकदमे बीते विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे वीडीओ संदीप सिंह ने कोतवाली देहात थाने में दर्ज कराया था । आरोप है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की। आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन किया। वही एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह में 7 मई , पूर्व विधायक अनूप सण्डा के केस में 9 मई की तारीख और हर्ष फायरिंग में पूर्व विधायक सोनू सिंह की बहन अर्चना सिंह के केस में सुनवाई के लिए 7 मई की तारीख नियत की गई है।

## सार-संक्षेप

### सुलतानपुर का सम्मान और विकास प्राथमिकता: मेनका

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने शुक्रवार को चुनावी कैंपेन के 22 वें दिन लंभुआ विधानसभा में दो दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया ।उन्होंने बताया कि पांच वर्षों में 70 से 80 हजार लोगों की समस्याओं का समाधान कराया है ।उन्होंने कहा हमारी ताकत लोगों के न्याय दिलाने व रक्षा करने में इस्तेमाल होती है । उन्होंने कहा कोई भी मुश्किल हो हम बिना भेदभाव सबकी मदद करते हैं । सुल्तानपुर का विकास व सम्मान हमेशा हमारी प्राथमिकताओं में होता है । श्रीमती गांधी ने महमूदपुर में सभा को संबोधित करते हुए कहा हमने लोगों से मदद लेकर बहुत सुंदर डोप मंदिर बनाया है आप वहां पर काफी संख्या में पर्यटक आते हैं । हमने महिला समूहों को धोपाप ब्रांड से अगरबत्ती, साबुन,मेहंदी समेत अन्य कई चीजों को सिखवाया गया है ।



कार्यक्रम में मौजूद अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के पदाधिकारी।

### मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

**सुलतानपुर, अमृत विचार ।** कुलदेवी शाकुम्भरी देवी के मंदिर निर्माण के लिए बाबा बरियार शाह स्मारक स्थल जमुआवां रामगंज के प्रांगण में शुक्रवार को भूमिपूजन कर शिलान्यास किया गया । अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के संरक्षक अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा, पूर्व बार अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर सिंह, रमाशंकर सिंह, वीरेन्द्र सिंह, सुरेश सिंह, दिनेश सिंह, समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

### आग लगने से वनराजा बस्ती हुई राख

धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के टीकर गांव की वनराजा बस्ती मे बीती देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग में चार घर जलकर राख हो गए । अब पीड़ितों को खुले आसमान के नीचे गुजर बसर करना होगा । गांव के बाहर एक बाग में वनराजा समाज के कुछ परिवार घास फूस की झोपडी मे रहकर जीवन बसर कर रहे थे । जीविकोपार्जन के लिये बुधई वनराजा का कहना है कि लोग पेड़ के पत्तों से दोना पत्तल बना कर बेचते थे । अचानक बीती रात झोपड़ी मे आग .लग गयी । हम .लोग कुछ समझ पाते तब तक लाला, सुमेरे, मगरू वनराजा के छप्पर वाले मकान भी आग की जद मे आ गये । आग .बुझाने के लिये कहीं आस पास कोई जल स्रोत भी नही था । हमारी बस्ती का इकलौता हैंड पम्प भी जलती झोपडी के निकट था जिससे पानी निकाल पाना सम्भव . नहीं हो सका । ऐसे में हमारी आंखों के सामने ही सब कुछ जलकर राख हो गया । अब पेड़ के नीचे ही गुजर बसर करना होगा । खाने के लिये भी कुछ नहीं बचा है । प्रधान की तरफ से राजस्व टीम को सूचना दी गयी है ।

# कॉलेज जा रही छात्रा से मनचलों ने की अश्लीलता

- ग्रामीणों ने मनचले को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह कॉलेज जा रही छात्रा के साथ बाइक सवार मनचला अश्लील हरकत करने लगा। शोर शराबा सुनकर लोग दौड़े तो आरोपी बाइक से भागने लगा। ग्रामीणों ने बाइक सवार मनचले को पकड़ लिया। घटना से आक्रोशित स्कूल स्टाफ व परिजनों ने थाने पहुंचकर नाराजगी जताई।

क्षेत्र में संचालित विद्यालयों तक छात्र छात्राओं को पहुंचने के लिए के लिए कई ऐसे स्थान पड़ते हैं, जहां का रास्ता सुनसान है। जिस वजह से बेखौफ मनचले कॉलेज आने-जाने वाली छात्राओं पर फब्तियां कसते हैं। शुक्रवार की सुबह कॉलेज जा रही एक छात्रा के साथ सरेराह सड़क मनचले ने अश्लीलता शुरू कर दी। विरोध करते हुए छात्रा ने शोर मचाया। शोर शराबा सुनकर राहगीर दौड़ पड़े। यह देख बाइक सवार मनचला भागने लगा। लोगों ने बाइक सवार मनचले को दौड़ाकर पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को पकड़ कर थाने ले गई। घटना से आक्रोशित परिजन व कालेज के शिक्षक थाने पहुंच गए और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज सख्त कार्रवाई होगी।

# सरकारी दुकान की जगह बाग में उतारा जा रहा राशन

- डोर स्टेप डिलिवरी की कागजी व्यवस्था से कालाबाजारी को बढ़ावा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भदैंया के 76 पंचायतों की सरकारी राशन दुकानों पर राशन पहुंचने की डोर स्टेप डिलिवरी व्यवस्था लागू है। अधिकारियों की लापरवाही व ठेकेदार की नियम विरुद्ध कार्य से दुकानों के बजाय चौराहे व बाजारों में राशन उतारकर व्यवस्था को तार-तार किया जा रहा है।

नियमों की अनदेखी कर राशन पहुंचाने वाले ठेकेदार द्वारा एमडीएम, आगनबाड़ी राशन तथा चीनी को राशन दुकानों पर न पहुंचाकर संयुक्त रूप से दस से पंद्रह राशन दुकानों को बुलाकर बाग बगीचे, चौराहे पर राशन उतारकर उनको सुपुर्द किया जाता है। इससे कोटेदार द्वारा राशन कालाबाजारी की आशंका भी बनी रहती है। पूर्ति विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही व मिलीभगत से राशन पहुंचाने वाला ठेकेदार द्वारा विकवाजितपुर की मेला वाली बाग मे कंधईपुर बाजार में, शंभूगंज व छतौना में ट्रक खड़ी कर दस से पंद्रह राशन दुकानदारों को एक साथ राशन उतारकर सुपुर्द कर देता है। डोर स्टेप डिलिवरी की व्यवस्था को कागज पर ही संचालित कर रहा है।



भदैंया में बाग में उतारा जा रहा सरकारी राशन।

> इस तरह का मामला मेरे संज्ञान में नहीं आया है । यदि ऐसा हो रहा है तो मैं जांच कर कार्रवाई करूंगा । इस तरह बिलकुल नहीं होने दिया जाएगा । –**जीवेश कुमार**, जिला पूर्ति अधिकारी सुलतानपुर

**पूर्ति निरीक्षक और एसडीएम का नहीं मिला जवाबः** मामले की जानकारी को भदैंया पूर्ति निरीक्षक आशुतोष सिह और एसडीएम दीपक वर्मा के मोबाइल पर बार बार फोन मिलाया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

### विकवाजितपुर बाग में 10 गांवों का उतारा गया राशन

भदैया के विकवाजितपुर स्थित मेला वाली बाग मे शुक्रवार को हनुमानगंज, विकवाजितपुर, सेमरी पुरुषोत्तमपुर, ऊंचहरा, भपटा, पूरेबाघराय, लोदीपुर मजिलेगांव सहित दर्जन भर गांव की राशन दुकानों का आंगनबाडी केन्द्रों का राशन ट्रक से उतारा गया। राशन दुकानदार मौके पर ई रिक्शा व छोटे वाहनों से राशन को सरकारी दुकान तक ले गये है। राशन दुकानदारों में इस व्यवस्था से काफी नाराजगी है लेकिन पूर्ति विभाग के अधिकारियों के दबाव व ठेकेदार की मनमर्जी के आगे वे बेबस है।

उपलब्धि — विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने जताई खुशी

# जेईई मेन्स में सनबीम स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



वैभवराज द्विवेदी श्रेयाश तिवारी देवांश श्रीवास्तव अंशुमान दुबे कृष्णा गुप्ता।

सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सनबीम स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से जेईई मेन्स की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रबंधक अनिरुद्ध गुप्ता और विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शरणजीत कौर ने खुशी जताई है। प्रधानाचार्य ने बताया कि जेईई मेन्स की परीक्षा में श्रेयस तिवारी ने 99.75 परसेंटाइल तथा वैभव तिवारी ने 99.31 परसेंटाइल प्राप्त किया है। इसके अलावा तेजस्व पांडेय ने 98.25 देवांश श्रीवास्तव ने 97.26, कृष्णा गुप्ता ने 94.01तथा अंशुमान दूबे ने 91.74 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में तीन बच्चों का चयन

**बल्दीराय, सुलतानपुर :** उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे तुलसीराम तिवारी की छात्राओं ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में विद्यालय का नाम रोशन किया है । प्रियांशी, निधी, मंजुला को सरकार की तरफ से छात्रवृत्ति दी जाएगी । यह परीक्षा जिले स्तर पर कराई जाती है । प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि इंटर तक की पढ़ाई करने के लिए आगे के चार साल बच्चों को 1000 रुनसे प्रतिमाह छात्रवृत्ति मिलेगी । प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार मिश्र, सहायक अध्यापक संजीव कुमार सिंह ने बच्चों की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की है ।



मंजुला प्रियांशी निधि

### सुमित यादव ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**कूरेभार, सुलतानपुर :** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ( एनटीए ) इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई–मेन्स सत्र 2 के लिए रिजल्ट की घोषणा कर दी गई है । जेईई मेन्स सत्र 2 रिजल्ट 2024 में विकास क्षेत्र कूरेभार के भटवारा प्रधान प्रतिनिधि संदीप यादव के पुत्र सुमित यादव 99 .33 प्रतिशत स्कोर प्राप्त किया है । जेईई मेन्स टॉपर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कर यूपी का परचम लहराया है ।



सुमित यादव

## कुंवर नीरज सिंह बने कार्यवाहक प्रधानाचार्य

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** जवाहर लाल स्मारक इंटर कालेज गरएं के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अरविंद सिंह की कुर्सी छिन गई है। समाजसेवी सत्यनाथ पाठक की शिकायत पुष्ट होने पर प्राधिकृत नियंत्रक पल्लवी सिंह ने उन्हें कार्यमुक्त कर दिया है। उनकी जगह विद्यालय प्रवक्ता कुंवर नीरज सिंह कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनाए गए हैं। अरविंद सिंह विद्यालय में प्रवक्ता बने रहेंगे। वे माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री भी हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि शासन के आदेश पर यह कार्यवाही की गई है। विद्यालय में द्वितीय नंबर के वरिष्ठ प्रवक्ता भी विवादित है तो तीसरे नंबर को कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनाया गया है।



राणा प्रताप महाविद्यालय में मिड टर्म परीक्षा देते विद्यार्थी। अमृत विचार

### राणा प्रताप पीजी कालेज में हुई स्नातक मिडटर्म परीक्षा

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं की मिड टर्म परीक्षा शुक्रवार को सकुशल सम्पन्न हो गई । पांच दिन चली इन परीक्षाओं में लगभग ढाई हजार विद्यार्थी शामिल हुए । परीक्षा नियंत्रक डॉ धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि बीए द्वितीय सेमेस्टर में लगभग 650 , चतुर्थ सेमेस्टर में लगभग 600 ,छठवें सेमेस्टर में लगभग 500 ,बीएससी द्वितीय सेमेस्टर में लगभग 130, चतुर्थ सेमेस्टर में 120 , छठवें सेमेस्टर में 90 तथा बीकाम द्वितीय सेमेस्टर में 80, चतुर्थ सेमेस्टर में 94 व छठवें सेमेस्टर में 87 विद्यार्थियों ने मिड टर्म परीक्षाएं दीं । वोकेशनल कोर्स कम्प्यूटर एप्लीकेशन की परीक्षा में स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के 450 व चतुर्थ सेमेस्टर के 325 विद्यार्थी शामिल हुए । कालेज के मीडिया प्रभारी ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि यदि किसी कारणवश विद्यार्थी मिड टर्म परीक्षा नहीं दे पाये हैं तो चिंता की कोई बात नहीं है । छूटे हुए विद्यार्थियों की परीक्षाएं विभाग अपने स्तर से आयोजित करायेंगे । एमए की मिडटर्म परीक्षा भी विभागों द्वारा शीघ्र ही आयोजित की जायेगी ।

# पहले जगदीशपुर में लोग नहीं कर पाते थे पूजा-पाठ : स्मृति

## केन्द्रीय मंत्री ने विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ता सम्मेलन में लिया हिस्सा

संवाददाता अमेठी

**अमृत विचार।** लोशुक्रवार को सांसद स्मृति ईरानी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाहगढ़ विकास क्षेत्र के टोपरी, कौहार, शाहगढ़ और सेवई समेत आधा दर्जन ग्राम पंचायतों में जाकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

इस बीच उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अमेठी में अपनी कुटिल भाषा का जाल फैलाकर राज किया। उनके समय में जगदीशपुर में लोग खुलकर पूजापाठ भी नहीं कर पाते थे। एक समय ऐसा भी था कि वहां पर बेटियां स्कूल जाने में अपने को सुरक्षित नहीं महसूस करती थी। जब कोई अपने घर में शंख बजाता था तो इनके लोग उसके घर जाकर धमकाने का काम करते थे।

लेकिन आज भाजपा के समय में ऐसा नहीं है मोदी सरकार आपकी सुरक्षा में सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस की तरह भाषा का जाल नहीं बल्कि अपने पांच साल में कराए गए कार्यों का हिसाब लेकर आपके मध्य आई हूं। इस अवसर पर पूर्व विधायक तेजभान सिंह, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, वी के सिंह गहलोत, गोविंद सिंह, अवधेश पांडे, राधेश्याम चौहान, राघवेंद्र सिंह, उमाशंकर शुक्ल, रवींद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में संबोधित करती अमेठी सांसद। अमृत विचार

### आरक्षण देकर मोदी ने बढ़ाया नारी शक्ति का मान



कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री का फूल मालाओं से स्वागत करती महिलाएं।

**गौरीगंज, अमेठी अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा महिला सम्मेलन जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा वाजपेई की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सम्मेलन में स्मृति इरानी को फिर से एक बार भारी बहुमत से सांसद बनाने का संकल्प लिया गया। महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अमेठी स्मृति ईरानी ने कहा कि मोदी ने महिलाओं को 33% आरक्षण देकर नारी शक्ति का मान बढ़ाया। सदन में महिलाओं की संख्या को बढ़ाने का काम किया और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी काम किया है नारी शक्ति बंधन अधिनियम देकर के मोदी जी ने नारी शक्ति का एक अलग ही स्थान प्रदान किया है। महिला सम्मेलन को प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद श्रीमती प्रियंका रावत ने संबोधित करते हुए कहा कि महिला बहनों के लिए मोदी ने जो अभूतपूर्व कार्य किया है वह हम बहनों को गौरवान्वित करता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक तेजभान सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री महिला मोर्चा एवं प्रभारी अमेठी श्रीमती बबीता तिवारी, श्रीमती गीता सिंह जिला महामंत्री श्रीमती निमिषा त्रिपाठी जिला महामंत्री श्रीमती पूनम पांडे श्रीमती रचना कोरी श्रीमती उपमा सरोज जिला उपाध्यक्ष भाजपा डॉक्टर रीता वर्मा जी डॉ प्रज्ञा बाजपेई सहित सभी प्रमुख महिला मोर्चा की कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# झूठ की जननी हैं स्मृति, जनता को कर रही भ्रमित : अनिल सिंह

अमेठी

**अमृत विचार।** स्मृति ईरानी लगातार कांग्रेस के मैनिफेस्टो को लेकर झूठ बोल रही हैं पहले मुस्लिम लीग की छाप बता रही थी जब वो नहीं चिपका तो अब दूसरा जुमला बोलना शुरू कर दिया है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति और पैसा लेकर बाँट देगी। यह बातें जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने लगाया है। उन्होंने कहा कि झूठी सांसद की यह बेतुकी बात एक कोरा झूठ है।

कांग्रेस के मैनिफेस्टो में ऐसा कहीं नहीं लिखा है, ग़रीबी हटाने और लोगों की भलाई के लिए ना किसी की संपत्ति ली जाएगी, न किसी की आय कम करेंगे, ना किसी के ज़ेवर गहने लेंगे। बदलाव सही नीतियों से करेंगे लंबी लकीर खींचेंगे। अमेठी कोरोना काल का वो ख़ौफ़नाक मंजर आज भी दिल दहला देता है जब याद आता है कि कैसे भाजपा सरकार ने इस देश के ग़रीबों को चिलचिलाती धूप में चलाया, ऑक्सीजन और इंजेक्शन के लिये दर दर भटकाया। अमेठी में कांग्रेस लगातार सेवा व मदद में लगी रही वहीं स्मृति इरानी घर बैठकर सिर्फ वीडियो कॉन्फ्रेंस तक सीमित रही। उन्होन कहा कि स्मृति ईरानी, आप पूरा दम लगा कर झूठ बोलिये, ग़रीबों के ख़िलाफ़ जो साज़िश करनी है कीजिए, जितना अपमान करना हो कर लीजिये। कांग्रेस की जन कल्याणकारी योजनाओं पर भ्रमित करना है, कीजिए - फिर भी कांग्रेस पार्टी पूरी ईमानदारी से, पूरी लगन से और पूरी शिद्दत से इस भयावह आर्थिक असमानता को सही नीतियों से ठीक करके ही दम लेगी, कांग्रेस नेतृत्व का संकल्प है कि हम ग़रीबों को मुख्य धारा में लाकर ही मानेंगे, और इसके लिए ना किसी की संपत्ति ली जाएगी, ना किसी की आय कम करेंगे, ना किसी के ज़ेवर गहने लेंगे। बदलाव सही नीतियों से होता है, लगातार आप द्वारा सम्मानित अमेठी की जनता का अपमान किया जा रहा है। सम्मानित जनता आपको जवाब देगी।

# मुसाफिरखाना में वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मुसाफिरखाना अमेठी

**अमृत विचार।** शुक्रवार को स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हाईवे पर स्थित रामपुर लोकराय गांव के पास बाइक सवार को टक्कर मारकर भाग रही ट्रक में आग लग गई और घंटो तक हाईवे पर दोनो तरफ जाम लगा रहा।

शुक्रवार की करीब चार बजे तक क्षेत्र के शारदा सहायक नहर पर हाईवे को पार कर रहे बाइक सवार को ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार ओम प्रकाश यादव पुत्र श्याम लाल लवलेश पत्नी ओम प्रकाश व पुत्र नितिन पुत्र ओम प्रकाश निवासी कल्याणपुर थाना जामो गंभीर रूप से घायल हो गए वही एक पुत्र नैतिक उम्र 05 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश की दर्दनाक मौत हो गई। वही दुर्घटना के बाद ट्रक में बाइक फंस गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रामपुर लोकराय गांव के पास हाईवे पर ट्रक में आग लग गई और ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

हाईवे पर ट्रक में आग लगने से दोनो तरफ लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह एसआई अंबिका सिंह ने मय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच कर व्यवस्था को नियंत्रित किया। फायर कर्मियों ने किसी तरह आग को काबू में किया और करीब साढ़े पांच बजे हाईवे पर आवागमन शुरू हुआ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**शुकुल बाजार, अमेठी।** थानांतर्गत ग्राम अंदीपुर मजरे बूबूपुर निवासी ललित सरोज का शव रस्सी के सहारे पेड़ से लटकता पाया गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया।

ललित कुमार सरोज जो रोजाना मजदूरी करके किसी तरह से अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बीती रात उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई अब उसके न रहने से उसके परिवार को सहारा देने वाला ओर कोई नही है। मृतक की पत्नी ने बताया कि उसका पति सांय करीब 9 बजे घर मजदूरी करके वापस आए उसके बाद हम सब बच्चो के साथ खाना खाकर लेट गए और ललित शौच के लिए बाहर गए जब काफी देर वापस नही आए तो मैं ढूंढने निकली तो देखा कि घर के बगल कुछ दूरी पर रस्सी के सहारे मेरे पति का शव पेड़ पर लटकता पाया गया जिसे देखमै जोर जोर से रोने लगी जिसकी आवाज सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गए उसके बाद ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व पुलिस को सूचित किया थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कोई कार्यवाही की जायेगी।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली का आयोजन



मतदाता जागरूकता रैली निकालते लोग। अमृत विचार

अमेठी

**अमृत विचार।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशों के क्रम में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद अमेठी में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के स्लोगन एवं बैनर के द्वारा आगामी 20 मई को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु आमजन मानस को जागरूक किया जा रहा है एवं बुलावा टोली के माध्यम से ऐसे नागरिकों जो प्रथम बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे उनकी सूची तैयार करते हुए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## अमेठी से नहीं घोषित हुआ बसपा प्रत्याशी

**अमेठी, अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों की आठवीं सूची जारी हुई है। इस सूची में रायबरेली से ठाकुर प्रसाद यादव को टिकट दिया गया है। अमेठी के प्रत्याशी की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। बहराइच सु सीट से बृजेश कुमार सोनकर और अम्बेडकर नगर से कमर हयात अंसारी को टिकट दिया गया है। अमेठी के कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी की घोषणा का बेसब्री से इंतजार है।

गुरुवार को पार्टी के जिला प्रभारी रवि प्रकाश मौर्य ने जिले का दौरा कर पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात की। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बसपा अमेठी से किसी ब्राह्मण अथवा मुस्लिम समाज के नेता को प्रत्याशी बनाने की तैयारी में है। शुक्रवार को कई लोगो ने पूर्व एम एल सी दिनेश चन्द्रा के साथ बसपा सुप्रीमो मायावती से लखनऊ में मुलाकात भी की है।

# राष्ट्रीय आय एव योग्यता आधारित परीक्षा में खुशबू को छठवां स्थान

तिलोई, अमेठी

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आय एव योग्यता आधारित परीक्षा में पूर्व प्राथमिक विद्यालय सातनपुरवा की छात्रा खुशबू ने छठवां स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

एआरपी के साथ ही इन विद्यालयों के शिक्षकों ने मेधावी बच्चों को बधाई देते हुये उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विकास खण्ड सिंहपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय सातनपुरवा के तीन बच्चे राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा के लिये चयनित हुये हैं जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय सातनपुरवा की छात्रा खुशबू पुत्री हनुमान ने जनपद में छठवा स्थान, मोहिनी पुत्री शत्रोहन ने आठवां, दुर्गेश कुमार पुत्र इन्द्र कुमार ने छियालिसवां स्थान हासिल किया। एआरपी ओंकार नाथ पाण्डेय ने बताया कि इन बच्चों को राजकीय विद्यालयों में कक्षा नौ में नामांकन कराने पर एक हजार रुपया प्रति माह इंटर उत्तीर्ण होने तक मिलेगा।

# फसल को आग से बचाव के लिए सतर्क रहें किसान

संवाददाता अमेठी

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि गर्मी के मौसम में तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है एवं वर्तमान समय खेतों में खड़ी गेहूँ की फसल लगभग पक कर तैयार होने पर गर्म वातावरण में किसी भी कारण यथा बिजली के तारों के आपसी रगड़ से उत्पन्न हुई चिंगारी, खेतों में लगे हुए बिजली के ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी अथवा धूम्रपान के कारण लगने वाली आग से विकराल रूप धारण कर लेती है, जिसके कारण व्यापक फसल क्षति एवं जनहानि की संभावना रहती है।

इन घटनाओं से बचने के लिए जिला आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा किसानों को विभिन्न उपायों का पालन करने की सलाह दिया गया है जिसके तहत जहां खेतों में ट्रांसफार्मर लगे हुए है, उसके अगल-बगल लगभग 10 मीटर की लम्बाई चौड़ाई में सुरक्षा की दृष्टि से गेहूं की कटाई अन्य खेतों की अपेक्षा पहले कर लेनी चाहिए, जिससे विद्युत् स्पार्क होने पर खेत में आग नही फैल सके तथा खेतों के ऊपर से गुजरने वाले बिजली के जर्जर तारों के आपसी रगड़ से उत्पन्न होने वाली चिंगारी से बचाव के लिए बिजली विभाग के सम्बन्धित उपकेंद्र के अभियंता को समय से सूचित करते हुए तारों को कसने अथवा बदलने के लिए से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि काटे गये फसल के गट्ठर को एक साथ न रखते हुए अलग रखे, जिससे किसी भी तरह की आग लगने की घटना होने पर सम्पूर्ण फसल के जलने की संभावना कम होगी तथा फसल काटते समय साथ काम करने वाले श्रमिकों को धूम्रपान करने के लिए अनिवार्य रूप से मना किया जाए।

## अमेठी में नामांकन आज से, तैयारियां पूरी

**अमेठी, अमृत विचार।** अमेठी लोकसभा क्षेत्र में पांचवें चरण नामांकन 26 अप्रैलसे प्रारंभ होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि निर्वाचन नाम निर्देशन तीन मई तक दाखिल किए जा सकेंगे। नाम निर्देशन की जांच 4 मई को होगी। मतदान का द 20 मई व मतगणना का 4 जून को होगी। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवारों के साथ आने वाले वाहन एवं काफिले को नामांकन कक्ष से 100 मीटर के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी।

नामांकन कक्ष में आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवार के साथ चार अन्य व्यक्ति उम्मीदवार सहित कुल पांच व्यक्ति ही प्रवेश कर सकते हैं।

# दवा लेने गई किशोरी के साथ छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

जगदीशपुर, अमेठी

**अमृत विचार।** बीमार पिता के लिए दवा लेकर लौट रही किशोरी के साथ युवक ने छेड़खानी करते हुए शादी करने के लिए दबाव बनाया इस दौरान शोरगुल होने पर लोगों के बीच-बचाव पर युवक भाग खड़ा हुआ। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन मे जुटी हुई है।

थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी किशोरी के साथ गांव का ही एक युवक ने उस समय जोर जबरदस्ती करने का प्रयास किया जब किशोरी बीमार पिता के लिए दवा लेकर घर लौट रही थी रास्ते में पहले से ही घात लगाकर बैठे युवक ने किशोरी को पकड़कर छेड़खानी करने लगा।

किशोरी ने आरोप लगाया कि उसी गांव का रहने वाला युवक यह कह रहा था कि तुम मेरे साथ शादी कर लो नहीं तो तुम्हारी व तुम्हारे परिवार की खैर नहीं है यह कहते हुए जब वह किशोरी को घसीटने लगा तब उसकी पुकार सुनकर दौडे आसपास के लोगो ने बीच बचाव किया इसी बीच मौका पाकर युवक वहां से रफू चक्कर हो गया। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसकी तलाश जारी है जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पहले दिन 14 लोगों ने खरीदा नामांकन पत्र

**गौरीगंज, अमृत विचार।** नामांकन के पहले दिन 26अप्रैल को प्रथम दिवस कलेक्ट्रेट में कोई नामांकन नहीं हुआ। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सहित चौदह लोगों ने 22 सेट नामांकन पत्र खरीदें। स्मृति ईरानी ने दो सेट नामांकन पत्र खरीदें है। राष्ट्रीय मानव सम्मान पार्टी, बहुजन मुक्ति पार्टी, मौलिक अधिकार पार्टी, जन प्रगति पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय दल सहित तेरह लोगों ने नामांकन पत्र खरीदें है।

## तमंचा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी, अमृत विचार।** जगदीशपुर थाने की पुलिस ने देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त महेन्द्र कुमार सिंह पुत्र लल्लू कुमार निवासी ग्राम गौरीपुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष को रामगंज अन्डरपास लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे के पास से समय करीब 22.45 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 1 अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

## स्कूल का ताला तोड़ सामान उड़ाया

**अयोध्या, अमृत विचार :** गोसाईगंज कोतवाली इलाके के जैता गांव में गुरुवार रात चोरों ने कंपोजिट विद्यालय के कमरों व ऑफिस का दरवाजा तोड़कर उसमें रखे सामान को पार कर दिया। प्रधानाचार्य शिवानन्द तिवारी जब विद्यालय पहुंचे तो जानकारी हुई। उन्होंने बताया कि चोरों ने दो कमरों का ताला व एक कमरे का दरवाजा तोड़ डाला। उसमें रखे राशन, बर्तन, कंप्यूटर का माउस, कैमरा डांगल, वाई-फाई व जरूरी कागजात उठा ले गए। एसएचओ परशुराम ओझा ने बताया कि जांच की जा रही है।

## वर्ग पहेली-52

**बाएं से दाएं**

4. 1. किसी कला विशेष का विशेषज्ञ 2. कलापूर्ण ढंग से काम करने वाला व्यक्ति 3. विधिवत शिक्षा प्राप्त गायक, गवैया 4. गाने-बजाने का काम करने वाली एक प्राचीन जाति।

5. 1. पैदल चलने से या बैलगाड़ी आदि के पहिए से भूमि पर बनी रेख, पगडंडी 2. लकीर, रेखा 3. मर्यादा 4. लोकरीति, पुरानी परंपरा, रूढ़ि। (मु.)-पीटना : किसी पुरानी चली आई हुई प्रथा या रीति का बिना सोचे-समझे अनुकरण करते चलना।

7. 1. वन में विचरण करने और रहने वाला 2. जंगली पशु।

8. पुराने विचारों वाला, रूढ़िवादी।

**ऊपर से नीचे**


1. शराब, दारू, मद्य।

2. 1. भूतकाल या बीते हुए समय से संबंधित 2. ऐतिहासिक, अतीत का 3. गत, गुज़रा हुआ 4. पौराणिक 5. पिछला 6. प्राचीन, विगत।

3. सर्पराज, शेषनाग।

4. कुरान शरीफ़, कलामे मजीद।

6. एक तरह का नमक, काला नमक।



## वर्ग पहेली-51 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झु | टं | ग | ■ | 2 ख | रों | 3 ट |
| र | ■ | ■ | 4 अं | ■ | ■ | क |
| मु | ■ | ■ | ध | ■ | ■ | टो |
| ट | ■ | 5 दु | का | न | दा | र |
| ■ | 6 लाँ | ग | र | ■ | ■ | ना |
| ■ | ■ | ना | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 ले | ला | ■ | 8 भा | र | शि | व |

## सुडोकू-131

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | | | 2 |
| 9 | | 1 | | | | 8 | | |
| | | 2 | | | 1 | | | |
| | | 5 | | | 6 | | 3 | |
| | 7 | | | | 8 | | 2 | |
| | 1 | | 6 | | | 6 | | |
| 1 | | | | | | 9 | | |
| 8 | | | | | | 2 | | 6 |
| 4 | | | | | 2 | | 7 | |

## सुडोकू-130 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 1 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 08.17 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-ज्येष्ठा 28 अप्रैल 04.28 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** – आज नए कार्यों की शुरुआत करने से बचें। यात्रा के दौरान थकान महसूस होगी। अपने काम को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। व्यापार में आपको नुकसान हो सकता है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। परिवार के लोग आपसे अपेक्षा रखेंगे। इस कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**वृष** – आज दांपत्य जीवन में सामन्जस्य बेहतरीन रहेगा। आपकी कला की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यापार में बड़ी डील हो सकती है। नया वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंध का आनंद उठायेंगे। शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर लेंगे।

**मिथुन** – आज आप दूसरों की समस्याओं को सुलझाने में काफी प्रभावी हो सकते हैं। मन में कुछ नया करने का विचार बनेगा। आपके बातचीत करने के तरीके से लोग प्रभावित रहेंगे। कठिन कार्य के पूरा होने से आप उत्साहित रहेंगे। सोशल मीडिया में आपकी सक्रियता बढ़ेगी।

**कर्क** – आज संतान को शिक्षा और करियर में बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। पढ़ाई में आ रहे अवरोध दूर होंगे। बच्चों की जरूरतों का सामान खरीदने के लिए बाजार जा सकते हैं। आमतौर पर आपकी सेहत काफी अच्छी रहेगी। धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे।

**सिंह** – आज पुरानी समस्या आपको सुलझती हुई नजर आयेंगी। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। व्यवसाय में आय वृद्धि होगी। जीवनसाथी का उत्तम सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – आज व्यापार में साझेदारी करने के लिए दिन शुभ है। आपके काम में स्थिरता आयेगी। व्यापार में लाभ होने से मन बेहद प्रसन्न रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बेहद सक्रिय रहेंगे। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें। दिन आपके लिए नई संभावनाओं को जन्म देगा।

**तुला** – आज आपको कुछ कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ेगा। धन का ज्यादा लालच न करें। बैंकिंग से जुड़े कार्यों में व्यवधान आ सकता है। आय से अधिक खर्च होने से आपको नुकसान होगा। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। दुष्टजन आपको हानि पहुंचा सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं का भरपूर आनंद लेंगे। जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण अवश्य करें। नई परियोजनाओं में आप धन निवेश कर सकते हैं। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहेगी।

**धनु** – आज परिवार के किसी सदस्य का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। अपनी भावनाओं को संयमित रखें। आज कर्ज बिल्कुल भी न लें। आपकी बातें लोगों को बुरी लग सकती है। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र के महत्वपूर्ण अवसर मिलेंगे। आपकी जीवनशैली में सुधार आयेगा। परिवार में सुख-शान्ति बनी रहेगी। पुराने स्वास्थ्य विकार दूर होंगे। उच्च अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। यात्रा से बड़ा धन लाभ हो सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

**कुंभ** – आज आपके कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। व्यापार को लेकर नए विचार मस्तिष्क में आयेंगे। प्रेम संबंधों को आप काफी महत्व देंगे। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं।

**मीन** – आज विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से कुछ उचट सकता है। एसिडिटी और गैस के कारण समस्या होगी। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पिता की सलाह से आपको लाभ मिलेगा। अपने काम के प्रति उदासीन न रहें। फोन पर रिश्तेदारों के साथ बात हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
जुर्म – सुबह : 08.39
सिंबा – शाम : 06.11

&pictures
तारा रम पम – सुबह : 09.36
बेल बॉटम – रात : 09.08

Sony Pix
स्पाइडर-मैन 2 – सुबह : 09.55
रैमपेज – शाम : 05.00

Zee Cinema
ये साली आशिकी – सुबह : 08.40
ऊंचाई – रात : 09.30

Colors Cineplex
रंगून – सुबह : 09.23
ओएमजी 2 – रात : 09.31

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर पर रात :09.08 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दो आदमी शराब के नशे में धुत्त होकर रेल की पटरियों के बीचों-बीच जा रहे थे।

पहला – हे भगवान, मैंने इतनी सीढ़ियां पहले कभी नहीं चढ़ीं

दूसरा – अरे सीढ़ियां तो ठीक हैं, मैं तो इस बात को लेकर हैरान हूं कि हाथ से पकड़ने के लिए रेलिंग कितने नीचे लगी हुई हैं।

टीचर- मैं जो पूछूं उसका जवाब फटाफट देना।
छात्र- जी सर
टीचर- भारत की राजधानी बताओ?
छात्र- फटाफट
टीचर अभी तक संजू को पीट रहा है।

यस्य कृत्यं न विघ्नन्ति शीतमुष्णं भयं रतिः ।
समृद्धिरसमृद्धिर्वा स वै पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति सरदी-गरमी, अमीरी-गरीबी, प्रेम-धृणा इत्यादि विषय परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होता और तटस्थ भाव से अपना राजधर्म निभाता है, वही सच्चा ज्ञानी है ।

## संपादकीय

# चीन पर दबाव

अमेरिका रूस की मदद रोकने के लिए लगातार चीन पर दबाव बना रहा है। इसके चलते दोनों देशों के बीच रिश्ते फिर से बिगड़ गए हैं। अमेरिका के विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अन्य वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलाकात अमेरिका और चीन के बीच विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विवादों को दूर करने की कोशिश के तहत हुई है। ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने चिनफिंग से चीन द्वारा रूस को की जा रही आपूर्ति को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया। चीन मशीन और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक की आपूर्ति कर रहा है जिसका इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस रक्षा पंक्ति को मजबूत करने में कर रहा है। चिनफिंग से मुलाकात के बाद ब्लिंकन ने संवाददाताओं से कहा अगर चीन मदद न करे तो रूस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने में मुश्किल का सामना करेगा। गौरतलब है कि हाल ही में चीन और रूस ने आर्थिक और व्यापार सहयोग को बढ़ाने का फैसला लिया है। इस पर अमेरिका ने एतराज जताते हुए कहा रूस के रक्षा उद्योग को आपूर्ति करना न केवल यूक्रेन की सुरक्षा को खतरा पैदा करता है बल्कि यूरोप की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। परंतु अमेरिका के एतराज को चीन ने सिरे से खारिज कर दिया। अमेरिका ने कहा था कि अगर रूस को यूक्रेन में बढ़त मिलती है तो वह चीन को जिम्मेदार ठहराएगा।

इस पर चीन ने कहा कि वह रूस के साथ अपने संबंधों पर आलोचना या दबाव स्वीकार नहीं करेगा। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति व अमेरिका के विदेशमंत्री की मुलाकात खास अहमियत रखती है। दोनों देशों के बीच मतभेदों के बढ़ने के बावजूद हाल के महीनों में बातचीत के दौर में वृद्धि हुई है। फिर भी दोनों देशों के नेताओं की टिप्पणी मतभेदों की एक लंबी सूची का संकेत देती है जिसमें ताइवान और दक्षिण चीन सागर, व्यापार और मानवाधिकार, रूस के लिए चीन का समर्थन और 'सिंथेटिक ओपिओइड प्रीकर्सर' का उत्पादन और निर्यात शामिल है। उधर चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन की मांग सुसंगत है और वह हमेशा एक-दूसरे के मूल हितों का सम्मान करने की वकालत करता है। अमेरिका को चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, चीन के विकास को दबाना नहीं चाहिए, और जब चीन की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की बात आती है तो चीन की लाल रेखाओं पर कदम नहीं उठाना चाहिए। यानि दोनों देशों के बीच मतभेद अधिक गंभीर होते जा रहे हैं और वैश्विक सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहे हैं। चीन और अमेरिका को द्वेषपूर्ण प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के बजाय साझा आधार तलाशना चाहिए।

# जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612–1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला।

> संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

हमारी महान संस्कृति की तरह हमारा जनतंत्र भी महान और उदार है। परंपरावादी, अतीतजीवी, भविष्यदर्शी, सर्व-समावेशी सब कुछ एक साथ है। कितने एहतियात से उसने राजतंत्र, सामंतवाद, पूंजीवाद, बुर्जुआ जनतंत्र और जनता के जनतंत्र सबको अपने सीने से लगा रखा है। मिलेगी कहीं ऐसी मिसाल?

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला। यह अपने पूर्ववर्ती राजतंत्र के गुणों-अवगुणों से सर्वथा मुक्त नहीं हो सकता था, नहीं हुआ।

राजतंत्र में सत्ता पाने और सत्ता में बने रहने के लिए इस देश में षड्गुणों की अहम भूमिका होती थी-संधि, विग्रह (नुक़सान पहुंचाना), यान (आक्रमण करना), आसन (उपेक्षा करना), संश्रय (आत्म-समर्पण करना) और द्वैधीभाव (संधि और विग्रह के छद्म भाव में बने रहना)। जनतंत्र में लगभग सभी राजनीतिक दल चुनावों के पूर्व घोषणा-पत्र (एक बड़ा दल अंग्रेजी के मैनीफ़ेस्टो शब्द का 'राष्ट्रवादी' तरजुमा कर उसी को 'संकल्प-पत्र' कहता है) जारी करते हैं। उसमें बहुत उदात्त, कभी-कभी यथार्थ और संभाव्य के बंधनों से मुक्त लोक-लुभावन कार्यक्रमों का सुमधुर समावेश होता है। घोषणा-पत्र / संकल्पपत्र जारी करने की रिवायत है, इसलिए जारी किया जाता है। कोई भी चलते पुर्जे वाला दल उसके भरोसे नहीं बैठा रहता। वे तो सत्ता-प्राप्ति/ सत्ता-संरक्षण के उपरोक्त षड्गुणवादी उपायों में निरंतर, अहर्निश लीन रहते हैं। माने, जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार है।

जनतंत्र का जन्म उस समय हुआ जब उद्योग-व्यापार से अर्जित संपत्ति के चलते अस्तित्व में आया एक ऐसा 'मध्य वर्ग' (आज का मध्यवर्ग नहीं) विकसित हो गया था जो उच्च (सामंत) वर्ग से सत्ता छीनना चाहता था। इस बुर्जुआ मध्य वर्ग के वर्चस्व से भी जनतंत्र कभी मुक्त नहीं हो सका। होता क्या है कि राजनीतिक दल बुर्जुआ मध्यवर्ग से प्रकट या गुप्त चंदा वसूलते हैं और उसी के सहारे सामान्य जनता का वोट बटोरने की जुगत भिड़ाते हैं। यह समीकरण चल गया तो सरकारी ख़ज़ाने से चक्रवृद्धि ब्याज के साथ चंदे को काइंड में लौटा देते हैं। फिर सामान्य जनता के कल्याण लिए भी कुछ करना ही पड़ता है। इसके लिए वे काम करने का एक विकल्प निकाल लेते हैं। बातें करने की कला का नाम ही (बुर्जुआ) जनतंत्र है। कभी-कभी बाय डिफ़ॉल्ट कुछ काम भी हो जाता है, बाक़ी रिक्ति पूर्ति बातों से ही करनी पड़ती है। लिहाज़ा, व्यवहार में जनतंत्र के धनतंत्र में अंतरित होने की संभावना लगातार बनी रहती है।

इसी के समाहार के लिए साम्यवादी व्यवस्था प्रकाश में आई जिसका लक्ष्य बुर्जुआ जनतंत्र की जगह जनता का जनतंत्र लागू करना था। किंतु दुरूह और अकाट्य मानव स्वभाव की सीमाओं से टकराकर वह चूर-चूर हो गई।

जैसे किसी धर्म या वाद को जिस तरह के अनुयायी मिलते हैं, व्यवहार में वह वैसे ही हो जाता है, उसी तरह किसी संविधान को अमल में लाने के लिए जिस तरह के लोग मिलते हैं, संविधान भी वैसा ही हो जाता है। भारतीय संविधान की प्रारूप-समिति के अध्यक्ष डॉ. आंबेडकर को संविधान-सभा की समापन बहस में इस रहस्य का खुलासा करना पड़ा था। तो जनतंत्र के विचलन के विरुद्ध संविधानवाद भी बहुत असरदार कवच साबित नहीं होता, मानव-स्वभाव की बाध्यकारी सीमाओं के सामने वह भी हाथ जोड़ लेता है।

गांधी के नेतृत्व में देश के आजादी की जो लड़ाई लड़ी गई थी, उसके बाद आजाद भारत संसदीय लोकतंत्र की आवश्यकता भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था में मौलिक परिवर्तन लाने के लिए एक सशक्त विकल्प के रूप में महसूस की गई थी। आजादी के रजत जयंती वर्ष तक आते आते जनसामान्य यह स्पष्टतः महसूस करने लगा था कि जिस व्यवस्था में वह जीने के उपक्रम में है, क्या वह लोकतांत्रिक है? क्या संसद और विधानसभा लोकतंत्र के वाहक रह गए हैं? आम आदमी की रोटी और आजादी राजनीती की शिकार होती चली गई। जो राजनीति आम आदमी की भाषा हो सकती थी वह मात्र एक तरकीब बन कर रह गई। इस व्यवस्था के बदलाव के लिए एक नायक की तलाश थी।

जनतंत्र के संचालन में पुराने यूनान के प्रत्यक्ष जनतांत्रिक युग की परंपरा-सॉफ़िज़्म-का भी कुछ तत्व हमेशा बना रहा। सॉफ़िस्ट्स का एक दार्शनिक स्कूल था। बाद में वह दर्शन के उद्देश्य-ज्ञान से प्रेम-से फिसलकर सत्ता की युक्ति बन गया। सॉफ़िज़्म का प्रशिक्षण देने के स्कूल खुल गए। सॉफ़िज़्म का केंद्रीय तत्व वाक्चातुर्य से सही को ग़लत और ग़लत को सही की प्रतीति उत्पन्न करने की कला बन गया। यूनान के प्रत्यक्ष जनतंत्र में अपना करियर बनाने के इच्छुक नवयुवक इन स्कूलों में प्रशिक्षण प्राप्त करने लगे। राजनीतिक दलों के नेता आज भी उन स्कूलों में दी गई शिक्षा का समुचित पालन कर रहे हैं। बिना स्कूल का मुंह देखे। नेतागण सॉफ़िज़्म में जितने माहिर होते हैं चुनाव-प्रचार में उतना ही उनका सिक्का चलता है। बस उन्हें एक नई संज्ञा से सुशोभित कर दिया गया है-स्टार प्रचारक। राजनीतिक दलों में एक अजूबा देखने में आता है। वे अपनी गलतियों के लिए तो परिस्थितियों को ज़िम्मेदार बताते हैं और दूसरों की ग़लतियों के लिए उन्हें धूर्त, मक्कार और बदमाश कहते हैं। कोई भी पैमाना पहले अपने ऊपर लागू करना चाहिए न? यह तो सीधे-सीधे दोमुंहापन हुआ।

अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के साथ उसके इस भीड़तंत्री या भेड़तंत्री संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली बताया था। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध कर देना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर अपने अपने क्षेत्र में रहे। घर पर दरबार लगाने या डाक बंगले में आराम करने नहीं, लगातार भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने के लिए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

## प्रसंगवश

# अद्वैत दर्शन के प्रणेता



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

आद्य शंकराचार्य सनातन धर्म की विश्व व्यापी महानता के उदार प्रवक्ता थे। उन्होंने वैदिक धर्म को अनंत युगों का स्थायित्व देकर उसे अत्यंत सुदृढ़ नींव प्रदान की। हिंदू धर्म का दर्शन चिरस्थायी है और सम्पूर्ण विश्व के लिए मंगलकारी है।

वैदिक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना करने वाले महान दार्शनिक आदि शंकराचार्य आचार्य शंकर का आविर्भाव ऐसी विषम परिस्थिति में हुआ, जब सनातन हिंदू धर्म बलहीन, विध्वंश और विच्छिन्न हो गया था तथा विदेशी आक्रमण हो रहे थे। उन्होंने अपनी विद्वता एवं तप बल से बौद्ध विद्वानों को पराजित किया। श्री मंडन मिश्र जैसे विद्वानों को भी उन्होंने शास्त्रार्थ में पराजित कर शिष्य बनाया। उन्होंने 16 वर्ष की आयु में महान कार्यों को संपादित किया।

वे 32 वर्ष के संक्षिप्त जीवन काल में भारत वर्ष के सुदूर जनपदों का भ्रमण कर सुप्त प्राय समाज को जागृत किया। अपने जीवन काल में उन्होंने अनेक ग्रंथ लिखे तथा मंदिरों का जीर्णोद्वार कराया। धर्म की सत्ता निरंतर बनी रहे और आध्यात्मिक मूल्यों का उत्कर्ष होता रहे इस दृष्टि से महान भविष्य दृष्टा ने भारत वर्ष के चार धार्मिक केंद्रों में मठों की स्थापना की। अल्पायु में ही संपूर्ण भारतवर्ष का तीन बार पैदल भ्रमण कर बख़ूबी समझा और निरंतर साधना के बल पर प्रत्यक्ष अनुभव किया था। संभवतः यही कारण रहा कि वे राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के स्थाई, मान्य एवं व्यावहारिक सूत्र और सिद्धांत देने में सफल रहे। पूरब से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक राष्ट्र को एकता एवं अखंडता के सुदृढ़ सूत्र में पिरोने में उन्हें सफलता मिली। सुदूर दक्षिण में जन्म लेकर भी वे संपूर्ण भारतवर्ष की रीति, नीति, प्रकृति एवं प्रवृत्ति को भली-भांति समझ पाए।

वेदों, उपनिषदों, पुराणों एवं महाकाव्यों में बताया गया है कि ईश्वर सृष्टि के कण-कण में विद्यमान हैं। भारतीय दर्शन के अनुसार आत्मा, परमात्मा एवं संपूर्ण ब्रह्मांड एक-दूसरे से गहरे जुड़े हैं। जड़-चेतन, चर-अचर सभी प्राणियों में एक ही परम तत्व को देखने और पाने की दृष्टि भारतवर्ष में सदा से रही है।

आद्य शंकराचार्य ने इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया था। इस ज्ञान, अनुभव एवं साधना के बल पर ही वे समय की धारा में स्वाभाविक रूप से आए भ्रम एवं भटकाव तथा भेद एवं संघर्ष आदि को पहचानकर, उसे दूर कर पाए। उन्होंने उस समय प्रचलित विभिन्न मत, पंथ, जाति आदि के बीच समन्वय स्थापित कर अद्वैतवाद का दर्शन दिया। उनका अद्वैत दर्शन सब प्रकार के भेद, संघर्ष, अलगाव व दूरी को मिटाकर आत्मा को परमात्मा, जीव को ब्रह्म तथा व्यक्ति-व्यक्ति को प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने का माध्यम है।

उन्होंने मनुष्य को छोटे-छोटे स्वार्थों एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठाया तथा उसकी संवेदना को विस्तार दिया। उन्होंने बताया और समझाया कि मनुष्य यदि स्वार्थ एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठ जाए तो वह संपूर्ण सृष्टि के साथ गहरा आत्मिक संबंध स्थापित कर सकता है। उनके विचारों ने मनुष्य की चेतना को ऊपर उठाकर उसे उदार एवं श्रेष्ठ बनाने का कार्य किया। उनके अनुसार बाहरी संसार में जो भेद या अलगाव दिखाई देता है, वह अज्ञानता के कारण है। सत्य का साक्षात्कार हो जाने या सच्चा ज्ञान जान लेने पर यह भेद-बुद्धि अपने-आप समाप्त हो जाती है और सारा संसार उसी परम ब्रह्म का अभिव्यक्त स्वरूप जान पड़ता है, जिसे आध्यात्मिक भाषा में नाम रूपात्मक जगत कहते हैं। सही मायने में उनका अद्वैत दर्शन देश, काल, परिस्थिति आदि सब प्रकार की मानव निर्मित सीमाओं से परे एक विश्व-दर्शन है, जिसमें संपूर्ण धरती एवं मानवता के कल्याण का भाव निहित है।

आद्य शंकर के समन्वयकारी दर्शन ने उस समय प्रचलित भिन्न-भिन्न वैचारिक एवं धार्मिक धाराओं को भी सनातन धारा में सम्मिलित कर लिया। बौद्ध एवं जैन मतावलंबियों को भी वे सनातन के साथ लाने में लगभग सफल रहे। उन्होंने ऐसा राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक बोध दिया कि दक्षिण के कांची-कालड़ी-कन्याकुमारी-श्रृंगेरी आदि में पैदा हुआ व्यक्ति कम-से-कम एक बार अपने जीवन में उत्तर के काशी-केदार-प्रयाग-बद्रीनाथ की यात्रा करने की इच्छा रखता है तो वहीं पूरब के जगन्नाथपुरी का रहने वाला पश्चिम के द्वारकाधीश-सोमनाथ की यात्रा कर स्वयं को धन्य समझता है। देश के चार कोनों पर चार मठों एवं धामों की स्थापना कर उन्होंने एक ओर देश को एकता एवं अखंडता के मजबूत सूत्रों में पिरोया तो दूसरी ओर विघटनकारी शक्तियों एवं प्रवृत्तियों पर लगाम लगाया।

# जेल में मुलाकात का एक दिन



अमिता शरीन
प्रयागराज

> खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

आज एक बार फिर से जेल जाना हुआ। लखनऊ सेंट्रल जेल। बिंदा, अनिता, कृपा शंकर और बृजेश से मिलने। सुबह 8 बजे से लाइन में लगे लगे साढ़े 9 बजे मुलाकात की पर्ची कटी। जेल का सर्वर डाउन था। मोबाइल से कनेक्शन लेकर काम चल रहा था। खैर, पर्ची कटी किसी तरह। हमारे ठीक आगे एक महिला खड़ी थी। उन्होंने आधार को दोनो तरफ फोटोकॉपी नहीं कराया था। उसकी पर्ची नहीं कटी वह मिन्नतें करती रह गई कि वह बहुत दूर से आई है। लेकिन नहीं सुनना था तो नहीं सुना। क्या आधार नंबर से उसका वेरिफिकेशन नहीं किया जा सकता।

फिर शुरू हुआ अपनी बारी का इंतज़ार। मुलाकात की पहली पर्ची आई 11.30 पर। हमारा नाम उसमें नहीं था। विडंबना यह कि पर्ची में जो नाम पुकारे जा रहे थे उनमें बहुतायत मुस्लिमों का था। दलित ओबीसी भी थे। चंद नाम शुक्ला तिवारी के भी थे। इंतज़ार जारी रहा। पहली मुलाकात कर के लोग वापस आ गए। पर्ची फिर भी नहीं आई। 5 साल का एक बच्चा बार बार अपनी मां से पूछ रहा था कि पापा कब मिलेंगे? वहां एक तरफ ऑनलाइन पर्चियां कट रही थी वहीं मुलाकातियों से अंगूठा लगवाया जा रहा था। एक साथ सौ साल आगे और सौ साल पीछे। कन्फ्यूज्ड भारत का एक और नमूना। 42 डिग्री तापमान। गरमागरम लू के थपेड़े गाल, आंख और दिमाग तीनों को जला रहे थे। अपनों से पलभर मिलने का तनाव अलग से था।

आखिर इंतज़ार ख़त्म हुआ। तकरीबन 12.40 दोपहर में हमारी पर्ची आई। मुलाकात कक्ष में पहुंची तो अनिता और बिंदा आ चुकी थीं। उधर पुरुषों की गैलरी में कृपा और बृजेश भी थे। जब हम जेल में थे तो पहले मुलाकात कक्ष में जेल की भाषा में अडगड़े लगे थे। हम हाथ बढ़ा कर अपनों से हाथ मिला सकते थे। यह स्पर्श अगली मुलाकात तक बना रहता। हमारे रहने के दौरान ही उस पर एक जाली लगा दी गई। फिर भी हम एक उंगली निकाल कर अपनों को छूने की कोशिश करते और उंगलियों के पोरों पर स्पर्श ले कर जाते। अब जब इनसे मिलने आए तो देखा कि उस जाली के एक फीट बाद एक और जाली लगा दी जेल प्रशासन ने। आलम ये कि गला फाड़ कर चिल्ला चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। पुरुषों की गैलरी में इतना शोर होता है कि सारी आवाज़ें आपस में टकरा कर वहीं फैल जाती। कोई बात करना संभव नहीं। जेल में सुधार का मतलब होता है बंदियों और उनके परिजनों की मुश्किलें और बढ़ा देना। ये स्टेट का सेडिस्ट एप्रोच है। अनिता और बिंदा की तकलीफें भी बढ़ गई हैं। पहले दोनों सहेलियां साथ में एक बैरक में थीं। अब उन्हें अलग-अलग हातों में डाल दिया गया है। और अब दोनों हातो के लोग एक दूसरे से नहीं मिल सकते। दोनो ही वहां स्वास्थ्य की परेशानियों से जूझ रही हैं। कृपा शंकर और बृजेश दोनो को अतिसंवेदनशील वार्ड में तन्हाई में रखा गया है। उन्हें किसी से मिलने की इजाज़त नहीं है। ऐसा क्यों है इसका जवाबदेह कोई नहीं। शायद एटीएस के निर्देश पर ऐसा किया गया होगा। कोर्ट कचहरी की अपनी तकलीफें अलग है। अव्वल तो वकील तय करना मुसीबत का काम है। वकील है तो डेट नहीं, डेट है तो सुनवाई नहीं, सुनवाई है तो भी हमारी कोई सुनवाई नहीं।

इसी बीच 15 मिनट बीत गए। न जी भर के देख पाए, न ही सुकून से बात हुई। चलो चलो का शोर मचने लगा। हम भारी मन से वहां से चल दिए। बाहर निकलते वक्त कुछ औरतें ज़ार ज़ार रो रही थीं। एक युवती की आंखें नम थी। गोद में बच्ची थी। मैंने उससे पूछा कौन है आपका जिससे आप मिलने आई थी तो कहा ' मानो तो बहुत कुछ है न मानो तो कुछ भी नहीं'। दुख की सियाही उसके चेहरे पर पुत गई। न जाने क्या बात हुई होगी दोनों में। मैंने आगे पूछना उचित नहीं समझा। हमारे ये चारों साथी इंसानियत को प्यार करने वाले राजनीतिक सामाजिक बंदे हैं, जेल में उन्हें महज एक बंदी में रिड्यूस कर दिया गया है, जिनके कोई अधिकार नहीं। फिर उनके सामानों का झोला जमा करने की एक और लाइन।

धधकती लू में फाइनली हम ढाई बजे बाहर निकले। 15 मिनट की मुख्तसर सी मुलाकात के लिए सुबह 8 बजे से 3 बजे तक जेल कैंपस में रहे। मन कसैला हो गया। पिछली बार बिंदा ने पोस्ट से किताब भेजने को कहा था। होली के दो तीन दिन पहले हमने 3 किताबें मय डिक्शनरी स्पीड पोस्ट की थी जो आज तक डिलीवर नहीं हुई। दूसरे राउंड की पोलिंग है हो चुकी है। खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

## सोशल फोरम

# बेचने की कला



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

बेचने की कला हो तो आप गाय का मूत्र बेच दें। बाबा बेच ही रहे हैं। पर सब इतने कलाकार नहीं होते। सब इतने चतुर होते तो दुनिया कैसे चलती। बाज़ारों में रौनक कहां से आती। दुकानदारी में दो पक्ष होते हैं। एक बेचने वाला एक खरीदने वाला। सौदा हो जाए इसलिए इनमें से एक का गधा होना ज़रूरी है और वो निश्चित रूप से ख़रीदार ही होता है। बेचने वाला लच्छेदार बाते बनाता है। यकीन दिलाता है खरीदने वाले को कि वो जो बेच रहा है वो उसके ज़िंदा रहने के लिए कितना ज़रूरी है। बेची जाने वाली चीज उसकी रूखी सूखी ज़िंदगी को कितना तर कर सकती है। वो जो बेच रहा है वो कितनी आरामदायक है और उसकी उपस्थिति ग्राहक की साख इज़्ज़त में कितना इज़ाफ़ा कर सकती है। जादूगर होता है बेचने वाला। सम्मोहन जानता है। ग्राहक जान ही नहीं पाता कि उसने अपना क्रेडिट कार्ड कब बेचने वाले के हाथ मे थमा दिया है। वो बस खरीदता है। खरीदी चीज को ढो कर लाता है घर और फिर यह सोचता है कि इसका क्या किया जाए। बाते बनाने में ,बेचने में उस्तादी हासिल हैं गुजरातियों को। अब बताइए, अहमदाबाद का एक चतुर आदमी गधी का दूध सात हज़ार रूपये लीटर बेच रहा है और लोग लाईन लगा कर खरीद भी रहे हैं। वही बातों की जलेबियां। बातें भी कैसी कैसी। गधी के दूध मे फलाने विटामिन है, एलर्जी दूर होती है इससे। बच्चों के लिए फायदेमंद है। मुमकिन है इनमें से कुछ बातें सही भी हों। यह भी पता है हमें कि क्लियोपेट्रा नहाती थी गधी के दूध से। पर गधी का दूध यदि गौ माता के दूध से महंगा बिकने लगे तो हम दुनिया को क्या मुंह दिखाएंगे। और फिर हमारे यहां कायदा यह कि जिसका दूध पिया जाता है वो हमारे लिए अम्मा जितनी सम्माननीय होती है। ऐसे मे हमें गधी और उसके सबसे नज़दीकी रिश्तेदार गधे को देखने का नज़रिया भी बदलना होगा। हालांकि मुश्किल वक्त में गधे को बाप बनाने का रिवाज है हमारे यहां, पर अब बाजार चाहता है कि हम यह बात सार्वजनिक रूप से भी मान लें। हमें जो बताना था बता चुके आपको। जहां तक हमारी बात है, राम राम कहिए।

-फेसबुक वॉल से

# विश्व के सबसे बड़े सांप का जीवाश्म



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

भारतीय सर्पविदों ने गुजरात के एक कोयले के खदान से ऐसे सांप का जीवाश्म खोज निकाला है जो विश्व में अब तक के सबसे बड़े सांप होने की दावेदारी में आ गया है। इसका वैज्ञानिक नाम भी पुराकथाओं के वासुकि सर्प पर रखा गया है जो शिव के गले का हार है और जिसके बारे में कहा गया है कि समुद्र मंथन के वक्त मंदराचल पर्वत को मथानी बनाने के लिए वासुकि को ही रस्सी के रुप में इस्तेमाल किया गया था। श्रीकृष्ण ने भी कहा है कि, "सर्पाणामस्मि वासुकिः।(श्रीमद्भगवद्गीता 10.28)। जाहिर है कि हमारी लोकस्मृति में ऐसे ही विशाल सांपों की छवि रची बसी हुई है जो कभी भारत भूमि पर विचरण करते थे। और इसलिए ही अनेक पुराकथाओं में उनका उल्लेख हुआ है। शोधकर्ताओं ने अभी पिछले हफ्ते ही पता लगाया कि भारत में यह प्राचीन बड़ा सांप एक टन वजन का रहा होगा जो एक स्कूल बस से भी लंबा रहा होगा। कोयला खदान के पास मिले जीवाश्मों के अनुसार इसकी लंबाई 36 फीट (11 मीटर) से लेकर 50 फीट (15 मीटर) तक है। यह सबसे बड़े ज्ञात उस सांप के समान है, जो मूल रूप से कोलंबिया में पाया गया था और लगभग 42 फीट (13 मीटर) लंबा था। यानि वासुकि से लंबाई में कम। कथित वासुकि भारतीय धरती पर यही कोई 4.7 करोड़ वर्ष पहले विचरता था। वैज्ञानिकों ने उचित ही इसका नामकरण वासुकि इंडिकस किया है। इसकी रीढ़ की हड्डी से पता चलता है कि यह 15 मीटर तक लंबा हो रहा होगा। हालांकि इसकी केवल कुछ रीढ़ की हड्डी ही बरामद की गई थी, लेकिन शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यह निश्चय ही 15 मीटर तक लंबा रहा होगा।

वर्ष 2005 में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के सुनील बाजपेयी सहित जीवाश्म विज्ञानी पश्चिमी भारत के गुजरात में एक कोयला खदान में जीवाश्मों की खोज कर रहे थे। बाजपेयी कहते हैं, 'हम वास्तव में इस इलाके में शुरुआती व्हेल के जीवाश्मों की खोज कर रहे थे, लेकिन हमें न केवल व्हेल बल्कि सांपों सहित कई अन्य कशेरुकी जीवाश्म मिले।' खोजे गये जीवाश्मों में 27 कशेरुकाओं का एक संग्रह था, जिनकी लंबाई 6 सेंटीमीटर और चौड़ाई 11 सेंटीमीटर थी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के देबाजी दत्ता कहते हैं कि उनके बड़े आकार और इस तथ्य के कारण कि उनकी शारीरिक रचना कुछ हद तक खदान की तलछट से अस्पष्ट थी, पहले माना जाता था कि ये किसी प्रकार के विलुप्त मगरमच्छ के हैं। किंतु करीब से विश्लेषण करने के बाद, दत्ता और बाजपेयी अब मानते हैं कि कशेरुकाएं मैड्सोइडे नामक एक विलुप्त परिवार के एक बहुत बड़े सांप की ही है। अब विलुप्त हो गयी एक अन्य प्रजाति टाइटेनोबोआ सेरेजोनेंसिस से इसकी कशेरुकाएं थोड़ी बड़ी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह संभवतः एक घात लगाने वाला शिकारी रहा होगा जो स्थलीय या अर्ध-जलीय वातावरण में रहता था, जैसे कि दलदलों में।

आज के कई बड़ी प्रजातियों के अजगरों की लंबाई भी 15 फीट पाई जाती है। आधुनिक समय के सांपों के डेटा का उपयोग करते हुए, जो उनके कशेरुकाओं के आकार की तुलना समग्र लंबाई से करते हैं, दत्ता और बाजपेयी का अनुमान है कि वासुकि इंडिकस 10.9 से 15.2 मीटर के बीच था। हालांकि यह संभावित रूप से टाइटेनोबोआ से अधिक लंबा है, लेकिन शोधकर्ता इस बात पर जोर देते हैं कि हमारे पास किसी भी मैड्सोईड सांप का पूरा कंकाल नहीं है, इसलिए यह जानना असंभव है कि उनकी लंबाई और कशेरुकाओं का आकार जीवित प्रजातियों के समान ही सहसंबंधित होगा या नहीं। न्यूयॉर्क के रोचेस्टर में नाज़रेथ विश्वविद्यालय में जैकब मैककार्टनी कहते हैं, 'जब भी आप उपलब्ध डेटा सेट से परे अनुमान लगा रहे हों, तो हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए।' लेकिन इस नई प्रजाति की कशेरुकाएं अपेक्षाकृत बहुत बड़ी हैं। चलिए, भारत ने अब सांपों के मामले में भी अपना सिक्का दुनिया में जमा दिया है।

# मां की सीख



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

केन्या के सुप्रसिद्ध धावक अबेल मुताई ओलंपिक प्रतियोगिता के अंतिम राउंड मे दौड़ते वक्त अंतिम लाइन से एक मीटर ही दूर थे और उनके सभी प्रतिस्पर्धी पीछे थे। अबेल ने स्वर्ण पदक लगभग जीत ही लिया था, इतने में कुछ गलतफहमी के कारण वे अंतिम रेखा समझकर एक मीटर पहले ही रुक गए। उनके पीछे आने वाले स्पेन के इव्हान फर्नांडिस के ध्यान में आया कि अंतिम रेखा समझ नहीं आने की वजह से वह पहले ही रुक गए। उसने चिल्लाकर अबेल को आगे जाने के लिए कहा लेकिन स्पेनिश नहीं समझने की वजह से वह नहीं हिला। आखिर में इव्हान ने उसे धकेलकर अंतिम रेखा तक पहुंचा दिया। इस कारण अबेल का प्रथम तथा इव्हान का दूसरा स्थान आया। पत्रकारों ने इव्हान से पूछा "तुमने ऐसा क्यों किया? मौका मिलने के बावजूद तुमने प्रथम क्रमांक क्यों गंवाया?" इव्हान ने कहा "मेरा सपना है कि हम एक दिन ऐसी मानवजाति बनाएंगे जो एक दूसरे को मदद करेगी ना कि उसकी भूल से फायदा उठाएगी। और मैंने प्रथम स्थान नहीं गंवाया। पत्रकार ने फिर कहा "लेकिन तुमने केनियन प्रतिस्पर्धी को धकेलकर आगे लाया। इसपर इव्हान ने कहा "वह प्रथम था ही। यह प्रतियोगिता उसी की थी।"

पत्रकार ने फिर कहा, "लेकिन तुम स्वर्ण पदक जीत सकते थे।" इव्हान ने कहा, "उस जीतने का क्या अर्थ होता। मेरे पदक को सम्मान मिलता? मेरी मां ने मुझे क्या कहा होता?

संस्कार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आगे जाते रहते हैं। मैंने अगली पीढ़ी को क्या दिया होता? दूसरों की दुर्बलता या अज्ञान का फायदा न उठाते हुए उनको मदद करने की सीख मेरी मां ने मुझे दी है।"

## एक नजर

### दो दिन तीन घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**नैनी, प्रयागराज :** औद्योगिक क्षेत्र के डेज मेडिकल तिराहे की समीप मरम्मत कार्य होने की वजह से शनिवार और रविवार को बिजली आपूर्ति तीन-तीन घंटे के लिए बंद रहेगी। संबंधित उपखंड अधिकारी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि 33/11 विद्युत उपकेंद्र भीरपुर और रामपुर उपकेंद्र से जुड़े समस्त फिडरों से संचालित बिजली आपूर्ति शनिवार एवं रविवार दोपहर बाद 2 :00 से लेकर शाम 5 :00 बजे तक के लिए बंद रहेगी। अवर अभियंता संतोष गौतम ने जनमानस से अपील की है कि बिजली आपूर्ति बंद रहने के दौरान वह अपनी ज़रूरतें समय से पूर्व कर लें।

### कूड़ी गांव बन रहा शराबियों का अड्डा, लोगों में रोष

**राजगढ़ (मिर्जापुर), अमृत विचार :** स्थानीय थाना अन्तर्गत कूड़ी गॉव में इन दिनो नशेड़ियो का अड्डा बन गया है। बताया जाता है कि गॉव की बस्ती में अवैध शराब भी बनाई जाती है। ग्रामीणो ने पुलिस प्रशासन से मॉग किया कि गॉव में बन रहे अवैध शराब पर रोकथाम लगाया जाय अन्यथा गॉव के युवा नशे के आदी हो जायेगे और उनका भविष्य अंधकारमय हो जायेगा।

### पुरा छात्र सम्मेलन में 1100 छात्र होंगे शामिल

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 27 और 28 अप्रैल को होने वाले पुरा छात्र सम्मेलन में 1996 या इससे पूर्व के बैच के छात्रों को बुलावा भेजा गया है। पुरा छात्र सम्मेलन में देश-विदेश से लगभग 1100 पुरा छात्र शामिल होंगे। समारोह में पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। वहीं, पुरा छात्र सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले शुक्रवार की शाम से शहर में आने लगेंगे। इविवि ने पुरा छात्रों को संगम घुमाने का प्रबंध किया है। उन्हें रविवार की सुबह संगम स्नान कराया जाएगा।

# शादी में दोस्तों के साथ आर्केस्ट्रा देखने गए किशोर की चाकू गोदकर हत्या

## कोरांव थाना क्षेत्र के पचेड़ा गांव में वारदात, पुलिस ने दोस्तों को हिरासत में लिया

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** कोरांव थाना क्षेत्र के पचेड़ा गांव में गुरुवार की रात आई बरात में आर्केस्ट्रा देखने गए एक किशोर की चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया गया। हत्या के बाद गांव में सनसनी फैल गयी। परिवार में कोहराम मच गया।

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में दोस्तों को हिरासत में ले लिया है। जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक कोरांव थाना क्षेत्र के मरहा मेजा गांव के रहने वाले नितिन मिश्र का बेटा रितेश मिश्र कोरांव क्षेत्र के मिश्रपुर लगी अपने ननिहाल में रहता था। उसके नाना कमला मिश्र जा पहले ही मौत हो चुकी है। घरवालों के मुताबिक गुरुवार की रात में पास के गांव पचेड़ा लगी लड़की की शादी थी। गांव में बरात आई थी। रितेश अपने दोस्तों के साथ शादी में गया हुआ था। वह दोस्तों के साथ आर्केस्ट्रा देख रहा था। इसी दौरान उसकी चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। हत्या किसने और हत्या की वजह क्या है। इसका पता नहीं चल सका है। बताया जाता है कि घटना



घटना के बाद लोगों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

के बाद रात में दोस्त उसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव लेकर गये। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस ने रितेश के दोस्तों को हिरासत में ले लिया और थाने उठा लाई, जिनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं मृतक की मां अर्चना मिश्रा और बहन अर्पिता मिश्रा बेसुध हो गये है।

# सड़क हादसे में दो की गई जान

**जेठवारा/रानीगंज प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पूरेसुखदेव (कुटी) जेठवारा निवासी राजमिस्त्री मनोज कुमार सरोज पुत्र अलगू बाइक से गुरुवार को सुबह राजमिस्त्री का कार्य करने जेठवारा क्षेत्र में गए थे। शाम को लौटते समय बाघराय थाना क्षेत्र के भिटारा नहर से उत्तर दिशा में थोड़ा आगे पहुंचे थे कि सामने (बाघराय) की ओर से आ रही बस ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर मारकर चालक बस लेकर भाग निकला। हादसे में गम्भीर रूप से घायल राजमिस्त्री दूर जा गिरा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल मनोज कुमार को इलाज के लिए सीएचसी बाघराय ले गई। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया। देर रात इलाज के दौरान मनोज कुमार की मौत हो गई। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक के पिता अलगू ,मां गुडहिन देवी, पत्नी सीमा देवी, बेटा पवन, बेटी प्राची, श्रेया का रो रो कर बेहाल रहे। पत्नी सीमा की तहरीर पर पुलिस ने बस और अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**रानीगंज प्रतिनिधि** के अनुसार फतनपुर थाना क्षेत्र के सुरवां मिश्रपुर गांव के ललई का पूरा निवासी 15 वर्षीय शिवम पटेल पुत्र रंग बहादुर पटेल शुक्रवार को सुबह 10 बजे अपने घर से बाइक से सुवंसा बाजार की ओर जा रहा था।

### बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक घायल

**हलिया (मिर्जापुर) :** लालगंज थाना क्षेत्र के कस्बा में शुक्रवार की दोपहर दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत होने से एक बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि दूसरा बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पंहुची एंबुलेंस सेवा वाहन 108 के ईएमटी व पायलट ने गंभीर रूप से घायल अधेड़ को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। भदोही जनपद के लालानगर निवासी 50 वर्षीय बाइक सवार रमाशंकर अपनी बाइक से कंही जा रहे थे कि जैसे ही लालगंज कस्बे में पहुंचे कि सामने से आ रहे बाइक सवार से आमने-सामने भिड़ंत हो जाने पर बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप घायल हो गया जबकि दूसरा बाइक सवार युवक मौके का फायदा उठाकर भाग निकला।

## भूसे में मिला लापता युवक का शव, हत्या की आशंका

**हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार :** जिले के ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र नौगवां के गुरुआन मुहल्ला में शुक्रवार की सुबह एक किसान के खलिहान में रखा गेहूं के भूसा में बारात में वर वधू पक्ष के बीच हुए विवाद के बाद से वधू पक्ष का लापता युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव को भूसा में देखकर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दिया उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पहुंचे थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह, थानाध्यक्ष लालगंज अजीत श्रीवास्तव ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए लेकर जाने का प्रयास किया लेकिन मृत युवक के परिजनों ने शव को पुलिस को उठाने नहीं दिया। मौके पर उच्च अधिकारियों को बुलाने पर अड़े मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओमप्रकाश सिंह व एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए लेकर जाने लगे जिस पर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ पुलिस को दौड़ा लिया विरोध करने पर पुलिस ने शव को मौके पर रख दिया घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने मृत युवक के परिजनों को समझाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए ड्रमंडगंज थाना पुलिस को भिजवाया मृत युवक के परिजनों को आश्वस्त किया कि मामले का जल्द से जल्द खुलासा करने के लिए टीम गठित की गई है। घटना से संबंधित आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है घटना को अंजाम देने वाले अपराधी पुलिस से बच नहीं पायेंगे। परिजनों ने युवक की हत्या करने का आरोप लगाया है मौके पर मृत युवक के शरीर में कई स्थानों पर चोट के निशान मिले हैं। घटना के संबंध में बताया गया कि बीते 24 अप्रैल को नौगवा के गुरुआन बस्ती में हलिया थाना क्षेत्र के मवई कला से बारात में वर वधू दोनों पक्षों के मध्य वाद विवाद हो गया था विवाद में वधू पक्ष का युवक 21 वर्षीय अजय कहार गायब हो गया था परिजनों द्वारा सूचना के आधार पर ड्रमंडगंज पुलिस ने युवक के गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दिया था। युवक का शव भूसा में मिला।

### डा. ऋषि पटेल को पीडीएम ने बनाया प्रतापगढ़ लोकसभा से प्रत्याशी

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** संसदीय क्षेत्र 39 प्रतापगढ़ के चुनाव को लेकर पीडीएम ने भी अपना प्रत्याशी शुक्रवार देर रात घोषित कर दिया। संगठन की तीसरी सूची में डा .ऋषि पटेल को प्रतापगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा गया है। वह मानधाता ब्लाक के रायपुर कला के रहने वाले हैं,प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं। प्रतापगढ़ से भाजपा और सपा पहले ही अपना प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। बसपा को लेकर कई नाम की चर्चा चल रही है। इसमें से भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी के पुत्र प्रथमेश मिश्रा के नाम की चर्चा जोरों पर है,जो कि अधिवक्ता हैं। उनको पार्टी ने हरी झंडी भी दे दी है लेकिन अधिकृत सूची अभी सार्वजनिक नहीं हुई है।

### तालाब में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**पट्टी, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** क्षेत्र के भैदपुर गांव के 18 वर्षीय नीरज गौतम शुक्रवार की दोपहर अपने कुछ साथियों के साथ गांव के तालाब में नहाने के लिए गया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया, जिससे वह डूबने लगा। उसके साथ मौजूद लोगों ने शोर मचाया तो ग्रामीण आए लेकिन तब तक वह गहरे पानी में डूब चुका था। शाम करीब चार बजे जब उसका शव उतराया तो ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला। हादसे की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

## श्रेयांश ने बढ़ाया जिले का मान



**जौनपुर, अमृत विचार:** जिले के के प्रख्यात ज्योतिष कर्मकांड के विद्वान स्वर्गीय पंडित बांके महाराज के पौत्र निसाकांत द्विवेदी के पुत्र श्रेयांश शेखर द्विवेदी ने आईआईटी में 93% अंक प्राप्त करके परिवार को तथा जनपद को गौरवान्वित किया है यह जनपद विख्यात कथा वाचक ज्योतिषी वास्तुविद आचार्य डॉ रजनीकांत द्विवेदी के भतीजे भी हैं उनकी प्राथमिक शिक्षा नगर के सेंट जॉन्स स्कूल से संपन्न हुई इस उपलब्धि पर परिवार तथा समस्त प्रसन्न हैं। जिले के लोगों ने उसे शुभकामनाएं दी हैं।

## बाइक की डिग्गी तोड़कर उड़ाए 65 हजार रुपये

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** नगर पंचायत गड़वारा बाजार में दुकान में पानी पी रहे शिक्षक की बाइक की डिग्गी का लॉक तोड़कर उचक्कों ने उसमें रखा 65 हजार रूपये उड़ा ले गए। घटना से बाजार में अफरा तफरी मच गई।

तिवारीपुर चन्द्रिकन निवासी अरविंद तिवारी गड़वारा बाजार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में शिक्षक हैं। वह शुक्रवार की दोपहर अपनी मां रामलली को लिवाकर एसबीआई की मुख्य शाखा से पैसा निकलवाने के लिए आये थे। वहां उन्होंने मां के खाते से 65 हजार रूपये निकाले गए। वापस लौटते समय वह गड़वारा बाजार में पुलिस चौकी के बगल एक जलपान की दुकान पर मां को पानी पिलाने के लिए रुक गए। वह दुकान में घुसे ही थे कि इतनी देर में उचक्कों ने उनकी मोटरसाइकिल की डिग्गी का लॉक तोड़कर बैग में रखा रुपया उड़ा ले गए। संदेह होने पर अरविंद जैसे ही मोटरसाइकिल के पास पहुंचे तो देखा कि डिग्गी का लाक देखकर वह अवाक रह गए इसके बाद शोर मचाया तो आसपास के दुकानदार पहुंचे। इधर उधर खोजबीन की लेकिन उचक्के का कहीं पता नहीं चला।पीड़ित ने पुलिस चौकी गड़वारा में पहुंच कर इसकी जानकारी दी। पुलिस बाजार की दुकानों में लगे सीसी टीवी कैमरे की फुटेज के सहारे जांच में जुट गई।

# हत्यारोपी के दरवाजे पर शव दफन करने पर अड़े रहे युवती के परिजन

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** एकतरफा प्यार में युवती की गोली मार कर हत्या किए जाने से नाराज युवती के परिजन आरोपी के दरवाजे पर शव को दफन करने पर अड़ गए। इससे वहां अफरातफरी मच गई। सूचना पर सीओ सिटी शिव नारायण वैश मौके पर पहुंचे। उनके आश्वासन परिजन अंतिम संस्कार को तैयार हुए। शव को गांव में दफनाया गया। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

अंतू के छतरपुर रघना की रहने वाली शालू से गांव का ही जयचंद्र एकतरफा प्यार करता था। शालू की सगाई के एक दिन पूर्व उसने गोली मार कर हत्या कर दी थी। युवती का शव आरोपी के भुसौली में बरामद हुआ था। जिसमें जयचंद्र,उसकी मां,चचेरा भाई, भाभी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। मृतका शालू का छोटा भाई सचिन गुजरात में पेपरमील में नौकरी करता है। घटना की जानकारी पर वह गुजरात से घर के लिए निकल पडा। बेटे के आने तक परिजन अंतिम संस्कार से मना कर दिया था। गुरुवार को भोर में छोटे भाई के घर आने के बाद अब परिजन आरोपी के घर शव दफन करने को लेकर अड गए। मृतका के भाई संतोष ने पुलिस प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने, पीडित परिवार की सुरक्षा,आरोपी के घर बुलडोजर चलाने, उसके दरवाजे पर शव दफन करने, मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करके शव दफन करने से मना कर दिया। सूचना पर एसओ अंतू जितेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे लेकिन पीडित परिवार नहीं माने। इसके बाद सीओ सिटी शिव नारायण बैश पहुंचे। उन्होंने पीडित परिवार से बात की कहा कि चार नामजद में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी करके उन्हें जेल भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रहीहै। जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

### सज्जनों के उद्धार के लिए अवतरित होते हैं ईश्वर

**जेठवारा, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** क्षेत्र रेड़ीपुर नौबस्ता में पं . श्रीकांत मिश्र के आयोजकत्व में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पं . रमेश चंद्र पांडेय महराज ने प्रभु के चौबीस अवतारों की कथा के साथ-साथ समुद्र मंथन की रोचक एवं सारगर्भित कथा सुनाई। प्रसंग में बताया कि यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है, यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न- भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं। जब-जब कोई अपने गलत कर्मो द्वारा इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है। तब- तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर सज्जनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार किया करते हैं। समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि मानव हृदय ही संसार सागर है। मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव द्वारा किया जाने वाला मंथन है। हमारे मन में कभी अच्छे व कभी बुरे विचार आते हैं।

# डीएम व एसपी ने किया थाने का निरीक्षण

**रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन,एसपी सतपाल अंतिल एवं सीडीओ नवनीत सेहारा ने शुक्रवार को रानीगंज थाने का निरीक्षण किया। डीएम एवं एसपी ने एसडीएम रानीगंज, सीओ रानीगंज से अति संवेदनशील बूथों पर होनी वाली घटनाओं व निर्वाचन के दृष्टिगत अब तक की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान गुण्डा एक्ट रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, लोकसभा चुनाव रजिस्टर आदि का अवलोकन किया एवं की गयी कार्यवाहियों के सम्बन्ध में जानकारी




रानीगंज थाने में रजिस्टरों का अवलोकन करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

ली। डीएम ने निर्देशित किया कि चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आपस में समन्वय स्थापित कर समय से प्लान बनाकार तैयारी करा ली जाये, जिससे मतदान दिवस के दिन किसी भी प्रकार की समस्यायें न उत्पन्न हो। उन्होने कहा कि मतदेय स्थलों पर ईवीएम मशीन, वेबकास्टिंग, वीडियोग्राफी, माइक्रो आर्ब्जबर आदि की व्यवस्था आवश्यकतानुसार पूर्ण कर ली जाये। मतदेय स्थलो पर बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय आदि की व्यवस्था देख लें यदि कहीं पर कोई कमी पाये जाये तो उसे पूर्ण करायें। एसडीएम रानीगंज एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन में बाधा उत्पन्न करने वाले अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखे, क्रिटिकल बूथों पर अतिरिक्त फोर्स की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। किसी भी अराजक तत्वों द्वारा निर्वाचन कार्य में बाधा डाले तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाये। क्षेत्रों में जाकर लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित करें। उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि तालाबों व ग्रामसभा की जमीनों पर किये गये अवैध कब्जां को हटवाया जाये, यदि अवैध कब्जा नही हटाया जा रहा है तो सम्बन्धित के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाये।

# पीएम मोदी बोल रहे राष्ट्रीय झूठ: प्रमोद

**लालगंज, प्रतापगढ़:** तीन दिवसीय चुनाव- प्रचार अभियान के पहले दिन राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में लोगों को सम्बोधित किया। कहा कि भाजपा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय झूठ बोल रहे हैं। भाजपा को सत्ता खोने का भय सताने लगा है। पीएम मोदी अब झूठ पर झूठ बोलने का रोज अनैतिक व अराजनैतिक आचरण पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान और दूसरे चरण के मतदान के रूझान को देखकर बीजेपी को यह लगने लगा है कि जनता उनके चुनावी चंदे जैसे करोड़ों के बड़े घोटाले और पूंजीपतियों के सोलह



लाख करोड़ के कर्जमाफी की नाराजगी के चलते सत्ता से बेदखल करने का मन बना चुकी है। उन्होंने क्षेत्र में विकास न करने का आरोप लगाते हुए सांसद संगम लाल गुप्ता को घेरा। अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व प्रमुख दृगपाल यादव ने किया। इस अवसर पर यशवंत यादव, विनोद शुक्ल, शिव कुमार साहू, त्रियुगी नारायण शुक्ल, पूर्व प्रधान हरीलाल, हरिप्रकाश यादव आदि रहे।

# छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**संवाददाता, जौनपुर:** स्थानीय राजा श्री कृष्ण दत्त इंटर कॉलेज के प्रबंधक की अध्यक्षता में कॉलेज की सभागार में एक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें वर्ष 2024 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रबंधक डा सत्य राम प्रजापति ने सभी छात्र छात्राओं को और अधिक परिश्रम करके जिले और प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया इंटरमीडिएट में खुशी कन्नौजिया ने 89% अंक प्राप्त करके विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया विज्ञान वर्ग में खुशबू मौर्य ने 80 प्रतिशत मनीष



प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

कुमार 77% और शिवम पाल ने 75% अंक प्राप्त किया। वाणिज्य वर्ग में पायल राय 75% अंक प्राप्त किया तथा इन्नमा फातिमा ने 71% अंक प्राप्त किया।मानविकी वर्ग में ज्योति मौर्य ने 73% तथा श्रुति बिंद ने 71% अंक प्राप्त किया। हाई स्कूल में मंतशा बानो ने 85% अंक प्राप्त करके सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया नितेश यादव ने 82% नेहा शर्मा ने 80% तनीषा बिंद ने 80% तथा कृति मोदनवाल ने 80% प्राप्त किया। उप प्रबंधक जियाराम यादव जी ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना किया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर संजय चौबे ने मेधावी छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

### अस्पताल में पिला रहे ओआरएस युक्त पानी

**जौनपुर, अमृत विचार :** लायंस क्लब क्षितिज द्वारा जिला अस्पताल में ओआरएस युक्त शीतल जल की व्यवस्था किया गया समाज सेवा में अग्रणी संस्था लायंस क्लब क्षितिज ने प्रचंड गर्मी को देखते हुए मरीज एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए ओआरएस युक्त शीतल जल की व्यवस्था जिला अस्पताल में धर्मेंद्र सेठ की अध्यक्षता में किया सर्वप्रथम मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल डॉक्टर के के राय ने ओआरएस युक्त जल ग्रहण करके इसका उद्घाटन किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लायंस क्लब क्षितिज जौनपुर में सदैव सेवा कार्य में अग्रणी रहती है। संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू ने कहा कि इस तपती गर्मी में ओआरएस युक्त शीतल जल से जिला अस्पताल में आने वाले सभी को राहत मिलेगी। जय किशन साहू, डॉ सतीश चंद मौर्य, अजीत सोनकर, हाफिज शाह, विनय बारोतिया आदि रहे।

## एसडीएम ने वसूल किया मंडी शुल्क

**हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार:** एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने शुक्रवार को एक ट्रक पर व्यापारी द्वारा बिना मंडी शुल्क जमा किए परिवहन कर रहे दो सौ कुंतल गेहूं को गेहूं खरीद केंद्र प्रभारी पगार की सूचना पर नायब तहसीलदार रामशंकर पांडेय, मंडी निरीक्षक आकांक्षा शुक्ला एडीओ कोआपरेटिव वरिष्ठ क्षेत्रीय विपणन अधिकारी दशरथ लाल के साथ गेंहू लदे वाहन को रोककर गेहूं से संबंधित मंडी शुल्क जमा करने के कागजात की मांग किया गया लेकिन ट्रक चालक द्वारा कोई कागजात नहीं दिखा पाने पर गेहूं लदे वाहन को थानाध्यक्ष लालगंज अजीत कुमार श्रीवास्तव को अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया। छापेमारी से गेहूं का परिवहन करने वाले व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। थाने पर पहुंचे व्यापारी ने मंडी शुल्क 4550 रुपए व शमन शुल्क 68250 रुपए कुल 75075 रुपए का शुल्क जमा किया है।जिस पर शुल्क जमा करने के बाद गेहूं लदे वाहन को व्यापारी को सौंप दिया गया है। एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि व्यापारियों द्वारा किसानों से सीधे गेहूं खरीद कर बिना मंडी शुल्क जमा किए गेहूं को ट्रक के माध्यम से बाहर भेजा जा रहा है जिस पर एक ट्रक से दो सौ कुंतल गेहूं बिना मंडी शुल्क जमा किए परिवहन करने की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार व मंडी निरीक्षक, वरिष्ठ क्षेत्रीय विपणन अधिकारी के साथ पकड़कर कार्रवाई करते हुए गेहूं लदे ट्रक को पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है।

### दुकान में लगी आग, सामान जलकर हुआ राख

**प्रयागराज, अमृत विचार :** करेली थाना क्षेत्र के असगरी मार्केट में एक बेकरी की दुकान में भीषण आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आसपास के दुकानदार भी अपनी दुकानों को बंद कर आग बुझाने में जुट गई। सूचना पाकर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। करेली के असगरी मार्केट में शुक्रवार च को दोपहर में डिलालाइट बेकरीशॉप में आग लग गई। शाहिद खान बिरयानी नाश्ता पानी समेत डिलाइट बेकरी के नाम से दुकान चलाते हैं। दोपहर करीब साढ़े ग्यारह बजे दुकान में अचानक आग लग गई। दुकान में मौजूद ग्राहक और दुकान मालिक ने बाहर भागकर अपनी जान बचाई। उधर पुलिस की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से सिर्फ दुकान में रखे सामान जले हैं। जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

# 24 घंटे में उजड़ी मांग, ट्रेन के आगे पति ने कूदकर दी जान

**प्रयागराज, अमृत विचार:** घर से खुशी-खुशी बेटे की बारात गई। बारात लौटी भी और 24 घंटे के अंदर ही बहू मांग उजड़ गयी। बेटे ने ट्रेन ने आगे कूद कर खुदकुशी कर ली। शादी वाले घर में बेटे की मौत से कोहराम मच गया। जानकारी होने पर परिवार सहित पूरे गांव में मातम छा गया। पूरा मामला करछना थाना क्षेत्र के खजुरी गोसाईं का नैनी का है। जानकारी के मुताबिक करछना थाना क्षेत्र के खजुरी गोसाईं का पूरा में निवासी हरिश्चंद्र के लड़के विशाल की शादी 22 अप्रैल को थी। बारात बारा थाना क्षेत्र में शम्भू नाथ के घर गयी थी। जहां रूपा से शादी हुई। 23 अप्रैल को हंसी-खुशी दुल्हन विदा होकर अपने ससुराल गोसाई का नैनी वापस आ गई। 24 अप्रैल की दोनो पति पत्नी अपने कमरे मे गये। रात क्या हुआ नव विवाहित जोड़े की बीच कि कोई जानकारी नहीं। 25 अप्रैल को सुबह विशाल बिना किसी को बताएं घर से बाहर निकला और उसी दिन देर शाम को विशाल करछना थाना क्षेत्र के समीप रेल लाइन पर ट्रेन के आगे छलांग लगा कर जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी होने पर हंसी-खुशी वाले घर में मातम छा गया। लोग भी नहीं समझ पा रहे हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि नव विवाहित जोड़े को इतना बड़ा कदम कैसे उठा लिया।

### देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं स्काउट

**जौनपुर, अमृत विचार :** स्काउट गाइड के विशेष परिचयात्मक पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह शुक्रवार को बी .एड . विभागाध्यक्ष डॉ पंकज सिंह के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि गांधी स्मारक इंटर कॉलेज समोधपुर के प्रधानाचार्य डॉ . अजेय प्रताप सिंह रहे। मुख्य अतिथि ने टेंट,भोजन,अनुशासन आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उन्होंने शिविरार्थियों से कैंप और उससे संबंधित बातों की जानकारी प्राप्त की। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्काउट देश की विषम परिस्थितियों में सहायता करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि स्काउट प्रकृति और मनुष्य के बीच सामंजस्य और समन्वय स्थापित करता है। स्काउट मनुष्य को प्रकृति से प्रेम करना सिखाता है। राष्ट्र के नागरिकों को देश के प्रति उनके उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के लिए तैयार करता है।

# घटिया सड़क निर्माण को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, अहरौरा (मिर्जापुर)

**अमृत विचार:** विकास खण्ड जमालपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनौली-ढेबरां में इन दिनों ढेबरां से ढेलवासपुर तक के संपर्क मार्ग पर सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है।जिसमें स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं हो रहा, पुराने मार्ग पर ही जगह-जगह गड्ढों में थोड़ा बहुत गिट्टी डालकर बिना कुटाई किये ही कोलतार की बहुत कम मात्रा डालकर बहुत पतला लेपन का कार्य किया जा रहा है। जगह-जगह सड़क की पुरानी गिट्टी भी दिखाई पड़ रही है,जो हल्का सा पैर लगते ही उखड़ जा रहा है।लोगों का कहना है कि जिस तरह से सड़क



घटिया सड़क निर्माण को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

का निर्माण किया जा रहा है, उसका दो महीने भी चलना मुश्किल है। बहुत दिनों से जर्जर सड़क के घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। कार्यदाई संस्था द्वारा सड़क निर्माण में घोर अनियमितता बरतने के कारण स्थानीय लोगों द्वारा मौके पर विरोध-प्रदर्शन किया गया और कहा गया कि यदि सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया तो हम लोग काम रुकवा देंगे। प्रदर्शन करने वालों में चैधरी रमेश सिंह, विश्वनाथ सिंह, जयप्रकाश सिंह, समशेर बहादुर सिंह, विनोद सिंह, राहुल सिंह, अरविंद सिंह, रणबीर सिंह, अतुल कुमार सिंह, मोती सिंह, गौरव कुमार सिंह, उमाशंकर सिंह आदि रहे।



इलेक्शन बायस्कोप




मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा हर तरह से प्रयास हो रहा है, इसी क्रम में राजधानी के काकोरी विकास खंड क्षेत्र में स्थित बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को जागरुक किया। अमृत विचार

## आचार संहिता के उल्लंघन पर कार्रवाई

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में अब तक 1,21,70,187 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1275 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामले में कार्रवाई की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों से 74,24,648 व निजी स्थानों से 47,45,539 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,13,466, पोस्टर के 34,35,430, बैनर के 20,91,697 व अन्य 10,84,055 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,43,341, पोस्टर के 21,82,652 बैनर के 11,72,845 व अन्य 7,46,701 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 99 एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# कांग्रेस को आज भी चुभती है वो हार

## रायबरेली ही नहीं, न्यायालय में भी इंदिरा को राजनारायण से मिली थी शिकस्त

दिलीप सिंह, रायबरेली

● 55, 202 मतों से हार गई थीं चुनाव

**अमृत विचार।** कांग्रेस के गढ़ रायबरेली को समझना इतना आसान नहीं है। यही वजह है कि अभी तक कांग्रेस की ओर से यहां पर प्रत्याशी नहीं घोषित किया जा सका है। इसकी वजह कहीं ना कहीं पूर्व में यहां पर हुए उठापटक और वर्तमान में सांसद बनने के बाद सोनिया गांधी की दूरी को भी देखा जा रहा है। इसके कारण पार्टी पूरी रणनीति के साथ मैदान में उतरना चाह रही है। कारण जो भी हो, लेकिन आज भी गांधी परिवार और कांग्रेस को 1977 में राजनारायण से मिली शिकस्त सालती है।

जी हां, हम बात कर रहे है उस चुनाव कि जब एक अप्रत्याशित परिणाम सामने आया था। 1977 वह साल था जब पहली बार कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका लगा था। जीत का आश्वस्त हर किसी को जब पता चला कि लोकसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की रायबरेली में हार का सामना करना पड़ा तो दांतों तले अंगुलियां दबाने को मजबूर हो गए। उन्हें 55,202 मतों से हार का सामना करना पड़ा था।

इस चुनाव में इंदिरा गांधी को सिर्फ 1,22,517 मत मिले थे, जबकि विपक्ष में उतरे राजनारायण पर स्थानीय जनता ने विश्वास जताया। उन्होंने 1,77,719 मत हासिल किया। यही वजह रही कि अपने जीवन में इंदिरा गांधी ने लोकसभा चुनाव में सिर्फ एक बार हारीं वह भी अपने गढ़ से।

### राजनारायण ने लगाया था धांधली का आरोप

ऐसी बात नहीं है कि राजनारायण और इंदिरा गांधी का कोई पहली बार चुनाव में मुकाबला हुआ था। 1971 के चुनाव में इसी रायबरेली में इंदिरा गांधी ने राजनारायण को भारी मतों से हरा दिया था। तब संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे राजनारायण को भरोसा था कि वे जीतेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। परिणाम देखकर उन्होंने कोर्ट का सहारा लिया। इसके बाद चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए राजनारायण ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। यहां पर इंदिरा जी के खिलाफ निर्णय आया।

### 1980 के चुनाव में जीत के बाद जिले से बनाई दूरी

1977 लोकसभा चुनाव में राजनारायण से मिली शिकस्त ने इंदिरा गांधी को पूरी तरह से झकझोर दिया था। इस चुनाव में कांग्रेस को आजादी के बाद सबसे करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। उस हार के महज तीन साल बाद ही 1980 में हुए चुनाव में जनता ने एक बार फिर कांग्रेस पर विश्वास जताया। इस चुनाव में रायबरेली की जनता ने इंदिरा गांधी को भारी मतों से जीत दिलाई थी। उन्हें 58 .30 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके बावजूद उन्होंने रायबरेली सीट से त्यागपत्र दे दिया था।



## इंडी गठबंधन को जनता ने शून्य पर बोल्ड कर दिया : स्वतंत्र देव

**अमृत विचार, लखनऊ :** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दावा किया है कि भ्रष्टाचारी और आतताई गठबंधन को इस चरण में भी जनता ने शून्य पर क्लीन बोल्ड कर दिया है। हाथी, हाथ और साइकिल चारों खाने चित हो चुके हैं। सपा और इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकार दिया है।

शुक्रवार को उप्र. भाजपा मुख्यालय में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। यहां स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के रुझानों से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए के पक्ष में चली लहर दूसरे चरण में और भी पुष्ट हो गई है। वहीं, जेपीएस राठौर ने कहा कि 2014 और 2019 की तरह फिर से पश्चिम यूपी और ब्रज में कमल का फूल खिलेगा और आने वाले चरणों में भाजपा को जनसमर्थन और भी पुष्ट होता जाएगा। हम 80 की 80 सीटों को जीतने में सफल रहेंगे।

# इलाहाबाद में दो उत्तराधिकारियों के बीच मुकाबला

- पांच विधानसभाओं में चार सीटों पर भाजपा का है कब्जा
- अपनी जीत का दावा कर रहे हैं भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी
- 1984 में इसी लोकसभा सीट से संसद पहुंचे थे अमिताभ बच्चन

मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज


**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश की लोकसभा की 80 सीटों में इलाहाबाद सीट का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। इस बार प्रदेश के दो दिग्गज नेताओं के पुत्रों के बीच चुनावी जंग की बिसात बिछी है। एक ओर भाजपा ने मौजूदा सांसद रीता बहुगुणा का टिकट काटकर पूर्व राज्यपाल व विधान सभा अध्यक्ष रहे भाजपा के कद्दावर नेता स्व. केशरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी चुनावी मैदान में उतारा है। तो दूसरी ओर सपा के बड़े नेताओं में शुमार एवं पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्जवल रमण सिंह इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर मैदान में है। दो दिग्गज नेताओं के पुत्रों ने इस चुनाव को रोचक बना दिया है। भाजपा इस बार इस सीट से चुनावी सिक्सर मारने के लिए पिच पर तैयार दिख रही है। तो दूसरी ओर उज्ज्वल रमण भी मजबूत दावा पेश करते हुए कह रहे हैं कि इस बार लोगों का हाथ कांग्रेस के साथ है। ऐसे में इस सीट पर दो उत्तराधिकारियों के बीच सीधे युद्ध होता नजर आ रहा है।

प्रयागराज में वोटिंग छठें चरण में 25 मई को होनी है। सभी उम्मीदवार मतदाताओं को अपनी ओर


नीरज त्रिपाठी


उज्जवल रमण सिंह

करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। पार्टियों की ओर से स्टार प्रचारकों का भी जमघट आने वाले समय में लगेगा। 25 मई को क्षेत्र की जनता अपना नया सांसद चुनने के लिए मतदान करेगी और 4 जून को फैसला आएगा कि जनता ने किसके दावों और वादों पर अपना विश्वास जताया है। प्रयागराज प्रदेश का सर्वाधिक आबादी वाला जिला है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 59,54,390 है। जिले में जनसंख्या घनत्व 1,086 निवासी प्रति वर्ग किलोमीटर है। 2001-2011 के दशक में यहां जनसंख्या वृद्धि दर 20.6 प्रतिशत रही। लिंगानुपात 1000: 901 है। साक्षरता दर 72.3 प्रतिशत है। जिले में कुल12 विधानसभा सीटें हैं। यह फूलपुर और इलाहाबाद के अलावा भदोही संसदीय सीट का हिस्सा हैं।



### अमिताभ को देना पड़ा था त्यागपत्र

1984 में राजीव गांधी ने अपने मित्र अभिनेता अमिताभ बच्चन को चुनाव मैदान में उतारा था। उस चुनाव में अमिताभ बच्चन के फिल्मी करिश्मे के सामने हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे दिग्गज नहीं टिक सके। हालांकि बोफोर्स विवाद में नाम आने के बाद अमिताभ बच्चन ने कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस्तीफा दे दिया। 1988 के उपचुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह जीत गए।

### नाम बदल गया

2017 से पहले तक प्रयागराज जनपद इलाहाबाद के नाम से प्रसिद्ध था। योगी राज में शहर का नाम बदला तो यह प्रयागराज लोकसभा सीट बन गया। अंग्रेज जमाने से ही राजनीति के गढ़ रहे इलाहाबाद लोकसभा सीट 1952 में अस्तित्व में आया।

2019 के लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद संसदीय सीट पर 14 उम्मीदवार मैदान में थे, भाजपा की ओर से रीता बहुगुणा जोशी को मैदान में उतारा गया। जोशी के सामने समाजवादी पार्टी ने राजेंद्र सिंह पटेल मैदान में थे।

रीता बहुगुणा जोशी को चुनाव में 4,94,454 वोट मिले जबकि राजेंद्र पटेल के खाते में 3,10,179 वोट आए। कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरे योगेश शुक्ला को महज 3,1,953 वोट ही मिले। एकतरफा मुकाबले में रीता बहुगुणा जोशी ने 184,275 मतों के अंतर से जीत हासिल की। इससे पहले 2014 के संसदीय चुनाव में बीजेपी को मोदी लहर का फायदा इलाहाबाद सीट पर भी मिला। बीजेपी के टिकट पर श्यामाचरण गुप्ता ने सपा के सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह को कड़े संघर्ष में 62,009 मतों से हरा दिया।

### यहां से जीत कर बने प्रधानमंत्री

● पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर , पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, छोटे लोहिया के नाम से मशहूर जनेश्वर मिश्र, भाजपा के त्रिमूर्तियों में से एक डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे नेताओं को जीताकर लोकसभा में भेजा है। फिल्मी जगत के महानायक अमिताभ बच्चन भी 1984 में इसी लोकसभा से चुनकर संसद पहुंचे थे।


### विधानसभा का ब्योरा


इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीट हैं। इलाहाबाद दक्षिणी , कोराव, बारा, मैजा और करछना है। जिसमें कोराव और बारा विधानसभाएं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इन पांच विधानसभाओं में चार सीटों पर बीजेपी का कब्जा है। मेजा विधानसभा सीट सपा के कब्जे में है। शहर दक्षिणी को छोड़कर बाकी चारों विधानसभा जमुनापार क्षेत्र की है। जिसमें ज्यादातर मतदाता ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं।

### उम्मीदवार के दावे और वादे

भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी राज्य की डबल इंजन की सरकार द्वारा गरीब, युवा, महिलाओं के लिये किये गये विकास और कल्याणकारी योजनाओं के चलते अपनी जीत दावा कर रहे है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह मंहगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर मतदाताओं में खासकर युवा वर्ग को अपनी ओर खीचने की जोर-आजमाईश कर रहे हैं।

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रीता बहुगुणा जोशी | 4,94,454 |
| राजेंद्र सिंह पटेल | 3,10,179 |
| योगेश शुक्ला | 31,953 |
| गिरिधर गोपाल त्रिपाठी | 10,403 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | श्यामाचरण गुप्ता | 3,13,772 |
| सपा | कुँवर रेवती रमण सिंह | 2,51,763 |
| बसपा | केशरी देवी पटेल | 1,62,073 |
| कांग्रेस | नंद गोपाल गुप्ता नंदी | 1,02,453 |






### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | श्री प्रकाश/पुरुषोत्तम टंडन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957, 62 | लालबहादुर शास्त्री | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | हरि कृष्ण शास्त्री | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | हेमवती नंदन बहुगुणा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | जनेश्वर मिश्र | जनता पार्टी |
| 1984 | अमिताभ बच्चन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1988 (उप चुनाव) | विश्वनाथ प्रताप सिंह | निर्दलीय |
| 1989 | जनेश्वर मिश्र | जनता दल |
| 1991 | सरोज दुबे | जनता दल |
| 1996, 98, 99 | मुरली मनोज जोशी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004, 09 | रेवती रमण सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 2014 | श्यामाचरण गुप्त | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | रीता बहुगुणा जोशी | भारतीय जनता पार्टी |


**2014 नोटा** 3,624 | **2019 नोटा** 7,625

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | कुँवर रेवती रमण सिंह | 2,09,431 |
| बसपा | अशोक कुमार वाजपेयी | 1,74,511 |
| भाजपा | योगेश शुक्ला | 60,983 |
| कांग्रेस | श्याम कृष्ण पांडे | 33,027 |

### 2024

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 16,93,443 |
| पुरुष | 9,27,964 |
| महिला | 7,65,288 |
| अन्य | 191 |




### अपनी ढपली अपना राग


आपका वोट उन विषधरों को नहीं जाना चाहिए जो लोग भारत माता जय जय कार करने में संकोच करते हों। - योगी आदित्यनाथ


भाजपा से सौदा करके अखिलेश यादव चुनाव हार रहे हैं, 2014, 2017 में चुनाव हारे, 2019 में भी हार गए। -असदुद्दीन ओवैसी


कब्जा करने वाले सपाई गुण्डे कहते थे, जितना बड़ा सपा का झण्डा उतना बड़ा सपा का गुण्डा। -ब्रजेश पाठक


कन्नौज अब भी सपा का ही गढ़ है। वो उसकी पहली और आखिरी जीत थी, उसे पागलखाने भेजना चाहिए। -रामगोपाल यादव


उन्हें पिछड़े, दलित और मुसलमान का सौ प्रतिशत वोट चाहिए, लेकिन उनका सम्मान नहीं चाहिए। -पल्लवी पटेल

# कैसरगंज में कायम है बेनी बाबू का रिकॉर्ड

## एक ही पार्टी से लगातार चार बार जीता लोकसभा चुनाव

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचार।** कैसरगंज सीट कई ऐतिहासिक पलों को सजाए हुए हैं। दिवंगत बेनी प्रसाद वर्मा की बेटी गोंडा से चुनाव लड़ रही है, लेकिन चर्चा बेनी प्रसाद वर्मा की न हो, इसके बिना लोक सभा चुनाव अधूरा है। बहराइच के कैसरगंज सीट से बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी से निरंतर चार बार चुनाव लड़ा और उन्हें जीत हासिल हुई। इसी सीट से बेडनानापुर की राजमाता ने भी स्वतंत्र पार्टी से जीत दर्ज की थी। बेनी बाबू ने लगातार एक ही पार्टी से जीत को जो रिकार्ड बनाया वह अभी तक कायम है, मौजूदा सांसद हालाकि यहां से लगातार तीन बार जीत चुके हैं लेकिन उनको यह सफलता एक बार सपा और दो बार भाजपा के सहारे मिली है, और इस बार अभी तक भाजपा से उनके प्रत्याशी बनाए जाने पर ऊहापोह कि स्थिति है, ऐसे में अभी बेनी बाबु का रिकार्ड टूटता नजर नहीं आ रहा है

बहराइच जिले के कैसरगंज सीट में कैसरगंज और पयागपुर विधान सभा के साथ गोंडा जिले की तीन विधान सभा क्षेत्र की सीट शामिल है। कैसरगंज से अभी किसी भी पार्टी ने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। लेकिन इस सीट की प्रदेश और देश में अलग ही पहचान है।

### भाजपा लगा सकती है जीत की हैट्रिक

कैसरगंज के वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने वर्ष 2009 के चुनाव में समाजवादी पार्टी से जीत दर्ज की थी इसके बाद उन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से जीत दर्ज की। भाजपा के प्रत्याशी ने अगर इस बार जीत दर्ज की तो पार्टी की हैट्रिक हो जाएगी।

### समाजवादी पार्टी से कर लिया था किनारा



2008 में मुलायम से नाराज होकर बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी से किनारा कर लिया था। बेनी प्रसाद वर्मा अपने बेटे के लिए 2007 के लोकसभा चुनाव में टिकट चाहते थे, लेकिन अमर सिंह की वजह से बेनी के बेटे राकेश वर्मा को टिकट नहीं मिल पाई। इसी वजह से नाराज बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी छोड़ दी और समाजवादी क्रांति दल बनाया। इसके बाद 2008 में वह कांग्रेस में शामिल हो।

इस सीट से बाराबंकी जिला निवासी स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा ने चार बार लगातार लोकसभा चुनाव जीतकर रिकार्ड कायम किया है। बेनी प्रसाद वर्मा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य और मुलायम सिंह यादव के पुराने साथी थे। कुर्मी और क्षत्रिय बाहुल्य सीट पर समाजवादी पार्टी ने वर्ष 1996 में बेनी प्रसाद वर्मा को कैसरगंज सीट से चुनाव मैदान में उतार दिया। बेनी प्रसाद वर्मा को जनता ने सिर आंखों पर बैठाते हुए जीत दर्ज कराई। इसके बाद बेनी प्रसाद वर्मा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के टिकट पर वर्ष 1998, 1999 और वर्ष 2004 में हुए चुनाव में भी जीत दर्ज की। इसके बाद सपा ने वर्ष 2009 के चुनाव में बृज भूषण शरण सिंह को टिकट दिया। उन्होंने भी जीत दर्ज किया। इस सीट से महसी तहसील के बेडनापुर राज घराने की माता बसंत कुंवर बा ने भी वर्ष 1962 में हुए चुनाव में स्वतंत्र पार्टी से जीत दर्ज की थी।

**वर्ष 2009** के चुनाव में बृजभूषण सिंह ने तोड़ा तिलिस्म

### केंद्रीय मंत्री बने बेनी बाबू

बाराबंकी जिला निवासी स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा को लोग प्यार से बाबू जी के नाम से पुकारते हैं। बेनी प्रसाद वर्मा ने लगातार चार बार कैसरगंज सीट से चुनाव जीता इसके बाद उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गोंडा से भी जीत दर्ज की। केंद्र में उन्हें मंत्री भी बनाया गया था।

## धीमा मतदान कराया ताकि मुस्लिम मतदाता वोट न डाल सकें: राजेंद्र चौधरी

**अमृत विचार, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा है कि दूसरे चरण के चुनाव में भी ईवीएम खराबी की पहले की तरह कई जगहों से खबरें आई हैं। उन्होंने कहा कि, गाजियाबाद में सत्ता पक्ष के इशारे पर धीमा मतदान कराया गया ताकि मुस्लिम मतदाता बड़ी संख्या में वोट न डाल सके।

सपा नेता के मुताबिक, लोकसभा क्षेत्र मेरठ में भाजपा नेता बूथ संख्या 329 पर जबरन फर्जी मतदान कराते मिले। गौतमबुद्ध नगर में नोएडा के बूथ संख्या 113 व 120 पर भाजपा प्रत्याशी की पत्नी पार्टी का पटका पहनकर मतदाताओं पर भाजपा के पक्ष में मतदान का दबाव डाल रही थी। अमरोहा में पुलिस समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को धमकाकर भगाती रही। राजेन्द्र चौधरी ने कहा, सपा द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों को तत्काल सभी शिकायतों से अवगत कराकर उनसे तत्काल आवश्यक कार्यवाही की अपेक्षा की गई है।

## चुनावी चक्कर

● **इन वोटर्स के लिए राष्ट्रीय मसले नहीं क्षेत्रीय समस्याएं बड़ी :**

लोकसभा चुनाव में जहां राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों, वायदों को लेकर मतदाताओं को ललचा रहे हैं वहीं, तमाम मतदाता ऐसे भी हैं जिन्हें राष्ट्रीय मसलों से नहीं अपने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से मतलब है। ऐसे मतदाता किसी भी राजनीतिक दल के चक्कर में नहीं फंस रहे। ताजा उदाहरण मथुरा का है। जहां गांव बंडपुरा के मतदाताओं ने शाम देर तक मतदान बहिष्कार किया। दरअसल, यहां ग्रामीणों ने मूलभूत समस्याओं के विरोध में लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर दिया। यहां तक कि, ग्रामीणों को मनाने चुनाव आयोग के अधिकारीगण तक पहुंच गए। लेकिन वे भी काफी देर पंचायत करने के बाद भी ग्रामीणों को समझा नहीं सके। ग्रामीणों का कहना था कि, गांव में आजादी के बाद से आज तक सांसद, विधायक निधि या किसी विभाग ने कोई विकास नहीं कराया। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने इसके उदाहरण में माइनर की सफाई, जर्जर पटरी, गांव की सड़क, नाली, जर्जर विद्युत तार, पेयजल की समस्या जैसे उदाहरण दिए। ग्रामीणों का कहना है कि चाहे कोई भी चुनाव हो नेता आते हैं और बड़े-बड़े वायदे करते हैं, चुनाव जीतते ही उनका अपने वायदों से कोई सरोकार नहीं रह जाता, जब ऐसे मुकर जाते हैं तो हम भी मतदाता है हम भी अपने अधिकार को जानते है, हमारी कोई नहीं सुनेगा तो हम भी किसी की नहीं सुनेंगे।



## पूर्वोत्तर राज्यों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं के सहारे भाजपा गठबंधन की 25 में 20 से अधिक सीटें जीतने की कोशिश

# कनेक्टिविटी से टी और टूरिज्म बढ़ा, मिटी दिलों की दूरी



**पर्वतों, नदियों, पहाड़ों, झीलों और चाय के बागानों के साथ हरियाली से सम्पन्न भरपूर प्राकृतिक सौंदर्य वाले पूर्वोत्तर के सेवन सिस्टर्स समेत आठ राज्यों में लोकसभा की कुल 25 सीटें हैं। इनमें अकेले असम में 14 सीटें हैं। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में 2-2 सीटें हैं, जबकि नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम में लोकसभा की एक-एक सीट है। पहले चरण में यहां 14 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है।**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** दूसरे चरण में शुक्रवार को असम में पांच सीटों के साथ मणिपुर और त्रिपुरा की एक-एक सीट पर वोट डाले गए। अब असम की शेष बची चार सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पूर्वोत्तर न तो दिल्ली से दूर है और न ही दिल से, तो भाजपा के 10 साल के शासन में यहां आया बदलाव अब जमीन पर नजर आता है। सबसे बड़ी बात यह है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के इस हिस्से में सड़क, रेल और हवाई यात्रा की कनेक्टिविटी पहले से काफी बढ़ गई है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। मणिपुर की हिंसा को छोड़ दें तो पूर्वोत्तर राज्यों के कई अलगाववादी संगठन समझौता कर मुख्यधारा में लौट चुके हैं। बीते दस वर्षों में 11 शांति समझौतों पर दस्तखत हुए हैं। एक आंकड़े के मुताबिक 2014 से अब तक करीब 10 हजार विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण किया है। पूर्वोत्तर में असम सहित कई राज्यों की अर्थव्यवस्था में पर्यटन (टूरिज्म) और चाय (टी) का बड़ा योगदान है, तो इस दिशा में भी कनेक्टिविटी बेहतर होने का लाभ मिल रहा है। लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान भी टी और टूरिज्म उद्योग से जुड़े मुद्दों का जोर रहा। भाजपा ने चाय बागान, टूरिज्म और कनेक्टिविटी की दिशा में किए गए काम गिनाकर आगे का विजन सामने रखा और कहा कि आज पूर्वोत्तर पीएम मोदी के कारण ही देश के बाकी हिस्से से दूरी मिटाकर दिल से जुड़ गया है। पार्टी को इसी के बूते पूरा भरोसा है कि पिछली बार से और बेहतर प्रदर्शन करने में सफल हो पाएगी।

### असम में सीटों के नए परिसीमन से पड़ सकता नतीजों पर असर

- पूर्वोत्तर के सबसे बड़े राज्य असम जहां से लोकसभा की 14 सीटें आती हैं, को पूर्वोत्तर भारत का प्रवेश द्वार कहा जाता है। इस राज्य की पहचान चाय के बागान हैं। बांग्लादेश, भूटान और म्यांमार जैसे देश इस राज्य की सीमा से जुड़े हैं। इस बार राज्य में परिसीमन के बाद लोकसभा चुनाव में सभी 14 सीटों के समीकरण बदल चुके हैं। लोकसभा की 14 में दो सीटें एसटी उम्मीदवारों के लिए और एक सीट एससी उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। सीटों के नए परिसीमन का असर चुनाव नतीजों में देखने को मिल सकता है। असम में 2014 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटें और साल 2019 के चुनाव में नौ सीटें जीती थीं। कांग्रेस दोनों बार के चुनाव में 3-3 सीटें जीतने में ही सफल हो पाई थी। असम में बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ 2014 के चुनाव में तीन सीटें जीतने के बाद 2019 में एक सीट पर ही सिमट गई थी। राज्य में दूसरे चरण में शुक्रवार को दरांग-उदलगुरी, डिफू, करीमगंज, सिलचर, नागांव में वोट डाले गए हैं। अब सात मई को कोकराझार, धुबरी, बारपेटा और गुवाहाटी लोकसभा सीट पर मतदान होना है।
- 2024 का लोकसभा चुनाव राज्य में भाजपा और कांग्रेस के साथ ही यहां सक्रिय क्षेत्रीय दलों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि भाजपा अपनी स्थिति में और सुधार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, तो कांग्रेस की कोशिश वोट प्रतिशत में सुधार करके ज्यादा सीटों पर कब्जा जमाने की है। इस बार असम की 14 सीटों में से 11 पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। तीन सीटों पर भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य में परिसीमन के बाद कलियाबोर सीट खत्म होकर नई सीट काजीरंगा बनाई गई थी। कलियाबोर सीट खत्म होने से वहां के सांसद कांग्रेस के गौरव गोगोई को जोरहाट जाना पड़ा। जहां उनका कड़ा मुकाबला भाजपा सांसद तपन कुमार गोगोई से हुआ है। डिब्रूगढ़ में सर्वादानंद सोनोवाल और लुरिनज्योति के बीच सीधी टक्कर हुई। यहां से भाजपा ने सांसद रामेश्वर तेली की जगह केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को मैदान में उतारा था।

### त्रिपुरा में मोथा पार्टी का समर्थन मिलने से इस बार भी भाजपा खिला सकती कमल

- त्रिपुरा में भाजपा ने सीपीएम को 2017 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर कर दिया था। इसके बाद साल 2019 में लोकसभा चुनाव में दोनों लोकसभा सीटें भी जीत ली थीं। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा बरकरार रखना चाहती है। इस बार उसे प्रमुख विपक्षी दल टिपरा मोथा पार्टी का समर्थन है। इसका नेतृत्व त्रिपुरा के पूर्व शाही परिवार के प्रमुख प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देबबर्मा कर रहे हैं। इससे भाजपा का प्रभाव बढ़ गया है। इसका असर शुक्रवार को पूर्वी त्रिपुरा की सीट पर मतदान में नजर भी आया। दोनों सीटों पर कांग्रेस और माकपा गठबंधन है। लेकिन जानकार भाजपा प्रत्याशी पूर्व सीएम विप्लव देब और पूर्व महारानी कृति सिंह देबबर्मा की जीत तय मान रहे हैं।

### असम में एक फीसदी वोट कम मिलने पर कांग्रेस के हाथ से निकल गईं छह सीटें

- असम में 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 36 प्रतिशत था, तब पार्टी को सात सीटें मिली थीं। कांग्रेस को 35 .40 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन उसके हाथ तीन सीट ही आई थीं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने नौ सीटें जीतीं और 36 .05% वोट शेयर प्राप्त किया, जबकि कांग्रेस 35 .44% वोट शेयर के साथ एक बार फिर तीन सीटों पर सीमित रह गई। अन्य दो सीटों पर बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) और एक निर्दलीय उम्मीदवार ने कब्जा कर लिया।

### किरन रिजिजू के सामने नबाम तुकी नहीं बनते नजर आए चुनौती

- अरुणाचल प्रदेश की दो सीटों में से 2014 में भाजपा और कांग्रेस एक-एक सीट जीती थी, लेकिन 2019 में भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा करने में सफल रही। भाजपा की कोशिश इस बार भी 2019 का परिणाम दोहराने की है। अरुणाचल प्रदेश में पूर्व और पश्चिम दो सीटें हैं। यहां पूर्व से तापिर गाओ व पश्चिम सीट से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सांसद हैं। दोनों ने इस बार भी चुनाव लड़ा है। रिजिजू के खिलाफ कांग्रुस ने पिछला चुनाव हारने वाले नबाम तुकी को ही उतारा तो तापिर गाओ का सामना कांग्रेस के बोसीराम सिरम से हुआ है। यहां विधानसभा चुनाव के लिए भी साथ में वोट पड़े हैं, जिनमें भाजपा 10 सीटें पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है। भाजपा की दोनों सीटों पर फिर से जीत की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

**36.05 %**
2019 के चुनाव में असम भाजपा को मिले वोट और सीटें थीं नौ

**35.44 %**
वोट शेयर के साथ कांग्रेस के हाथ आई थी केवल तीन सीटें

**7.8 %**
वोट मिले थे बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ को



किरन रिजिजू।



गौरव गोगोई।



अगाथा संगमा।

**25**
पूर्वोत्तर राज्यों में कुल लोकसभा सीटें

**19**
एनडीए गठबंधन ने 2019 में जीती थीं

### कांग्रेस की जमीन पर भाजपा का आधार आधा दर्जन राज्यों से हाथ हुआ था साफ

- कांग्रेस का ग्राफ पूर्वोत्तर में लगातार गिरता जा रहा है। 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को यहां की 13 सीटों पर जीत मिली थी जबकि 2019 में वह चार सीटों पर सिमट गयी। इसके दूसरी ओर भाजपा जिसने 2009 में सिर्फ चार सीटें जीती थी वह 2019 में 14 सीटों के आंकड़े पर पहुंच गई। 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्वोत्तर में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में आने वाली 9 लोकसभा सीटों से उसका सफाया हो गया।

### मेघालय व नागालैंड में राजग गठबंधन को किया मजबूत

- भाजपा की कोशिश मेघालय की दोनों सीटें राजग के खाते में लाने की है। इसके लिए सीएम कॉनराड संगमा को कमान सौंप दी गई थी। मेघालय में कोनार्ड संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी 2014 और 2019 में शिलांग में कांग्रेस को मात देने में नाकाम रही थी। भाजपा ने दोनों सीटें एनपीपी को दी हैं। इसी तरह नागालैंड की एक सीट भाजपा ने अपने राजग सहयोगी नेशलिस्ट डेमोक्रेटिक पीपुल्स पार्टी (एनडीपीपी) के हवाले कर दी थी।
- 2019 में भी यह सीट एनडीपीपी के पास थी। इस बार भी उसकी जीत के आसार बताए जा रहे हैं। यहां एनडीपीपी से डॉ. चुम्बेन मुरी और कांग्रेस से एसएस जमीर ने किस्मत आजमाई है।

### मणिपुर में भाजपा को हो सकती थोड़ी मुश्किल

- हिंसा से प्रभावित मणिपुर में भाजपा ने इस बार फिर 2019 के फॉर्मूले को अपनाते हुए इनर मणिपुर से से केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह का टिकट काटकर राज्य में मंत्री बसंत सिंह को उतारा था। आउटर मणिपुर सीटभाजपा ने अपनी सहयोगी नगा पीपुल्स फ्रंट को दी है। 2014 में मणिपुर की दोनों सीटें कांग्रेस ने जीती थी, पर 2019 में पासा पलट गया था। इनर मणिपुर में वोट पड़ चुके हैं। आउटर मणिपुर में शुक्रवार को वोट डाल गए हैं। यहां इस बार भाजपा कांग्रेस की चुनौती में फंस सकती है। इसकी वजह यह है कि मणिपुर में राहुल गांधी दो बार आ चुके हैं। जिसका सकारात्मक असर देखने में आ रहा है।

### सिक्किम सीट पर त्रिकोणात्मक संघर्ष, मिजोरम में नई पार्टी के हाथ लग सकती बाजी

- मिजोरम में लोकसभा चुनाव में भी नई और सत्ताधारी पार्टी जोरम पीपल्स मूवमेंट ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। विधानसभा चुनाव में इस पार्टी ने मिजो नेशनल फ्रंट को हरा दिया था। इसी तरह सिक्किम की इकलौती सीट सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के पास है। मोर्चा के इंद्रा हैंग सुब्बा का मुकाबला भाजपा के दिनेशचंद्र नेपाल व सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रत्याशी से हुआ है। त्रिकोणात्मक संघर्ष में मोर्चा की स्थिति मजबूत बताई जा रही है। सिकिक्म में विधान सभा चुनाव के लिए भी वोट डाले गए हैं।

### हिमंता बिस्वा सरमा हैं महत्पूर्ण कड़ी

- भाजपा ने पिछले कुछ सालों में पूर्वोत्तर में लगातार अपना आधार मजबूत किया है। इस काम में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तीखे तेवर और धारदार बयानों के साथ हिंदुत्व को खुले समर्थन ने उन्हें असम या पूर्वोत्तर से बाहर दूसरे राज्यों में भी भाजपा का स्टार प्रचारक बना दिया है। आज हिमंता बिस्वा सरमा की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी पहचान बनती जा रही है।



## हम भी हैं जोश में... चुन ली नई सरकार



राजस्थान में कड़ी धूप के बीच इन महिलाओं ने उत्साह से मतदान किया और बूथ के बाहर परिचय पत्र और अंगुली दिखाई।



वोट डालने के लिए नाव से आना पड़ा तो क्या हुआ। असम के दरांग जिले में गाशबरी गांव की महिलाओं ने जमकर वोट डाले।



युवा कांग्रेस अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास गैस सिलेंडर लेकर बेंगलुरु में समर्थकों के साथ वोट डालने पहुंचे।

## दिग्गज भाजपा नेता रविशंकर को चुनौती दे पाएंगे डॉ. अंशुल

**पटना।** पटना साहिब लोकसभा सीट पर भाजपा के दिग्गज नेता रविशंकर के सामने कांग्रेस के टिकट पर उतरे लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार के बेटे डॉ. अंशुल अभिजीत कड़ी चुनौती पेश कर पाएंगे, इसे लेकर जानकार संदेह जता रहे हैं। कांग्रेस ने लंबे इंतजार के बाद इस सीट पर दो दिन पहले ही डॉ. अंशुल का नाम घोषित किया है। पटना साहिब लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण के आधार पर कायस्थों का दबदबा है जिनका झुकाव भाजपा के पक्ष में रहता है। कायस्थों के बाद यहां यादव और राजपूत वोटर सबसे ज्यादा हैं। पिपटना साहिब लोकसभा सीट 2009 में बनी थी। यहां पहला चुनाव फिल्मी स्टारों के बीच हुआ। भाजपा ने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को उतारा तो कांग्रेस ने अभिनेता शेखर सुमन पर दांव लगाया। जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को मौका दिया, तो जवाब में कांग्रेस ने भोजपुरी फिल्म के अभिनेता कुणाल को उतारा। लेकिन इस बार भी जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। उन्हें 4,85,905 मत मिले। कांग्रेस उम्मीदवार कुणाल ने 2,20,100 मत पाए। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने शत्रुघ्न सिन्हा को यहां से टिकट नहीं दिया, तो कांग्रेस ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया। इस बार शत्रुघ्न सिन्हा को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा के रवि शंकर जीते। उन्हें 6,07,5067 और शत्रुघ्न सिन्हा को 3,22,849 मत मिले।

## लोकतंत्र का पर्व, मतदान का गर्व




यह नजारा महाराष्ट्र राज्य के थाणे जिला का है, यहां स्कूली छात्र-छात्राओं ने चुनाव आयोग की कम मतदान की चिंता कम करने के लिए आगे निकल कर मतदाता जागरूकता के लिए अनोखा कार्यक्रम किया। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने स्कूल के मैदान में 'आई वोट फार श्योर' लिखकर लोगों से मतदान अवश्य करने का नारा बुलंद किया।

**बिलासपुर संसदीय सीट** | भाजपा और कांग्रेस के बीच हमेशा होता आया मुख्य मुकाबला, लगातार चार जीतने का रिकार्ड पुन्नू लाल के नाम

# बिलासपुर में 26 साल से लगातार खिल रहा कमल

चुनाव डेस्क

छत्तीसगढ़ प्रांत की बिलासपुर संसदीय सीट पर हर बार मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होता है। बसपा इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश तो करती है पर इसमें सफल नहीं हो पाती। उसके उम्मीदवार 50 हजार वोटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाते हैं। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ है। 1996 से लगातार यहां के मतदाता भाजपा की बयार में ही बह रहे हैं।



सूबे में सत्ता किसी भी दल की रही हो लेकिन यहां के मतदाताओं ने कभी भाजपा का साथ नहीं छोड़ा। यही वजह है कि भाजपा भी इस किले को बचाए रखने के लिए दिन-रात एक किए हुए है। इस संसदीय क्षेत्र में निर्णायक भूमिका अनुसूचित जाति और जनजाति के मतदाताओं की होती है। बसपा ने इस सीट से अश्विनी रजक को मैदान में उतारा है। वे मुकाबले को त्रिकोणीय तो बनाना चाहते हैं पर कितना कामयाब होंगे यह वक्त ही बताएगा।

2019 में भाजपा के अरुण साव ने कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव को हराया था। अब अरुण सवा छत्तीसगढ़ सरकार में उप मुख्यमंत्री हैं। वह इसी संसदीय क्षेत्र की लोरमी विधानसभा सीट से विधायक हैं। इस संसदीय सीट पर इस बार भाजपा ने तोखन साहू को उम्मीदवार बनाया है। तोखन साहू लोरमी सीट से विधायक रहे हैं। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव से है।

देवेंद्र यादव को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद पार्टी में ही उनका विरोध हो रहा है।

हालांकि आंतरिक कलह को शांत करने के लिए उन्होंने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। जबकि भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू को जीत दिलाने के लिए पूरी भाजपा एकजुट होकर मैदान में उतर गई है। यहां तक कि उप मुख्यमंत्री भी रात दिन एक किए हुए हैं। भाजपा के लोग यहां के आदिवासी और दलित मतदाताओं को यह बताने में जुटे हुए हैं कि उनकी ही पार्टी आदिवासियों के हित को ध्यान में रखती है। उच्च पदों पर उन्हें बैठाने को तत्पर रहती है। इसके साथ ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और और मोदी की गारंटी को भी भुनाया जा रहा है।

### आठ में से छह विस सीटों पर भाजपा काबिज

- संसदीय क्षेत्र में विधानसभा की 8 सीटें हैं। इनमें से छह सीटों पर भाजपा और दो पर कांग्रेस का कब्जा है। कोटा विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी व सतनामी समाज के मतदाताओं की बहुलता है तो मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में 70 फीसद आबादी एससी समाज की है। ये दोनों ही सीटें कांग्रेस के कब्जे में हैं। ऐसे में भाजपा का पूरा जोर यहां के मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में करने की है। कांग्रेस भी विधानसभा में साथ आए दलित और आदिवासी मतदाताओं को हर हाल में अपने पाले में बनाए रखना चाहती है।

### आठ बार बने भाजपा के सांसद

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा आठ बार बार जीती है। पहली बार पार्टी का खाता 1989 में खुला था। तब रेशम लाल जांगड़े इस सीट से सांसद चुने गए थे। हालांकि इसके बाद जब 1991 में चुनाव हुआ तो भाजपा यह सीट हार गई थी। लेकिन 1996 में भाजपा के पुन्नू लाल मोहले यहां से जीते तो फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा वे लगातार चार बार यहां से सांसद बने। 2009 में भाजपा ने दिलीप सिंह जुदेव को मैदान में उतारा तो उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पत्नी रेणू जोगी को हराया। 2014 में पार्टी ने लखन लाल साहू को मैदान में उतारा। वे भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। 2019 भी पार्टी जीती।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
**रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग- 1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55450-55650 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 73,550 |
| सोना रवा | 73,400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,300 |
| चांदी (999) | 83,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,850 |
| चांदी आभूषण | 82,550 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72000 |
| सिल्वर (पक्की) | 814 (अनुमानित) |

## लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 4500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूंग दाल 10500-11000, मूंग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000

# पांच दिन की तेजी के बाद सेंसेक्स धड़ाम

## बिकवाली और विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 609.28 और निफ्टी 150.40 अंक गिरा

**मुंबई, एजेंसी**



शेयर बाजारों में पांच सत्रों से जारी तेजी के बाद शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 609 अंक टूट गया। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच बैंक, वित्तीय और टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। रुपये में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,730.16 अंक पर खिसक आया। कारोबार के दौरान यह 722.79 अंक टूटकर 73,616.65 पर भी आ गया था। एनएसई का निफ्टी भी 150.40 अंक यानी 0.67 प्रतिशत गिरकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। बीते पांच दिनों में सूचकांकों में 2.5 प्रतिशत की तेजी आई थी। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 641.83 अंक की बढ़ोतरी हुई जबकि निफ्टी में कुल 272.95 अंक वृद्धि हुई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि पांच दिनों की तेजी से बाजार में गिरावट और मुनाफावसूली की आशंका बनी थी। जापानी येन के 34 साल के निचले स्तर पर गिरने और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल बढ़ने से बदलाव दिखा। सेंसेक्स में शामिल बजाज फाइनेंस में आठ प्रतिशत की बड़ी गिरावट हुई। कंपनी की मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित नहीं कर पाए। बजाज फिनसर्व में भी तीन प्रतिशत गिरावट रही। इंडसइंड बैंक, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए। आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा में सात प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। राजस्व वृद्धि में तेजी लाने और मार्जिन बढ़ाने के एक महत्वाकांक्षी तीन साल के रोडमैप की रूपरेखा पेश करने से कंपनी के शेयरों को लेकर दिलचस्पी देखी गई। विप्रो, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में रहे। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.83 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई जबकि स्मालकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत चढ़ गया।

### अमेरिकी आर्थिक आकड़ों ने बाजार को किया प्रभावित

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने बाजार को प्रभावित किया। निवेशकों को अमेरिका में मंदी आने की आशंका सताने लगी है। वहीं घरेलू बाजार में कंपनियों के तिमाही नतीजों के कमजोर होने और ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर प्रमुख बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट दर्ज की गई थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत चढ़कर 89.29 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 2,823.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 486.50 अंक चढ़कर 74,339.44 अंक और एनएसई निफ्टी 167.95 अंक बढ़कर 22,570.35 अंक पहुंचा था।

# अदालत का विमान पंजीकरण रद करने के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई का निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**




• विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में किया है आवेदन

दिल्ली उच्च न्यायालय ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को 54 विमानों का पंजीकरण रद करने के पट्टेदारों के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में यह आवेदन किया है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रक्रिया पांच कामकाजी दिन या उससे कम समय में पूरी की जाएगी। न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू ने एयरलाइन और उसके निदेशकों के प्रबंधन के लिए दिवाला कानून के तहत नियुक्त समाधान पेशेवर (आरपी) को विमानों या कलपुर्जों, दस्तावेजों, रिकॉर्ड और किसी भी अन्य सामग्री को ले जाने या कहीं रखने से भी रोक दिया। अदालत ने कहा कि डीजीसीए तुरंत तथा पांच कामकाजी दिन के भीतर 54 विमानों के पंजीकरण रद करने संबंधी आवेदनों पर कार्रवाई करेगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि डीजीसीए, एएआई (भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण) और उसके अधिकृत प्रतिनिधि याचिकाकर्ता पट्टेदारों की सहायता करेंगे और उन्हें हवाई अड्डों तक पहुंच प्रदान करेंगे।

अदालत ने कहा कि पट्टेदारों को लागू नियमों और कानूनों के तहत विमान निर्यात करने की अनुमति है। गौरतलब है कि गो फर्स्ट ने तीन मई 2023 से अपनी विमान सेवाएं रोक दी थीं।

# 2024-25 में जीडीपी 6.6% होने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें मुख्य कारक रहेंगे।

डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर दिया है। जनवरी में कंपनी ने 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2% की सीमा में रहने का अनुमान था। डेलॉयट ने कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि 2024-25 में 6.6% और उसके अगले वर्ष 6.75% पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं। डेलॉयट की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि अर्थव्यवस्था में 2025 में समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर होंगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं।

### चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7.1% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** आर्थिक शोध संस्थान राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 7.1% रहने का अनुमान जताया है। संस्थान ने एक्स पर लिखा कि केंद्र करों में उछाल और राजस्व व्यय में कमी से राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर है। 2023-24 में केंद्र से महत्वपूर्ण पूंजीगत व्यय हस्तांतरण से राज्यों में पूंजीगत व्यय वृद्धि मजबूत है। एशियाई विकास बैंक और फिच रेटिंग्स ने 7% तो अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और मॉर्गन स्टेनली ने 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 640 अरब डॉलर पहुंचा

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर था। रिजर्व बैंक से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया।

# लघु बैंकों से नियमित बनने के लिए मांगे आवेदन

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमित बैंक बनने के लिए शुक्रवार को 1,000 करोड़ के न्यूनतम शुद्ध संपत्ति होने समेत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करने वाले छोटे बैंकों से आवेदन आमंत्रित किए। रिजर्व बैंक ने नवंबर, 2014 में निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस देने से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए थे।

इस समय एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक सहित एक दर्जन एसएफबी हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि नियमित बैंक बनने का लक्ष्य रखने वाले एसएफबी की पिछली तिमाही के अंत में न्यूनतम शुद्ध संपत्ति 1,000 करोड़ होनी चाहिए।

बैंक के शेयर किसी मान्यता प्राप्त बाजार में सूचीबद्ध होने चाहिए। बीते दो वित्त वर्षों में इस एसएफबी का शुद्ध लाभ भी होना चाहिए और दो वित्त वर्षों में उसका जीएनपीए (सकल एनपीए) और एनएनपीए (शुद्ध एनपीए) क्रमशः तीन और एक प्रतिशत से कम या उसके बराबर होना चाहिए। आरबीआई ने शेयरधारिता के संदर्भ में कहा कि पात्र एसएफबी के लिए चिह्नित प्रवर्तक होने की कोई अनिवार्यता नहीं है। पात्र एसएफबी के मौजूदा प्रवर्तक, यदि कोई हैं, नियमित बैंक में तब्दील होने पर प्रवर्तक के रूप में बने रहेंगे।

### आरबीआई ने ऋण सेवा प्रदाताओं के लिए जारी किया मसौदा

**मुंबई।** आरबीआई ने बैंकों के एजेंट के रूप में काम करने वाले ऋण सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) को अपने पास उपलब्ध सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी उधारकर्ताओं को देने का प्रस्ताव शुक्रवार को रखा। आरबीआई ने कहा कि सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी सामने होने पर संभावित कर्जदार के लिए फैसला करना आसान होगा। कई एलएसपी ऋण उत्पादों के एग्रीगेटर के तौर पर भी काम करते हैं। उनके पास कई ऋण उत्पादों के बारे में जानकारी होती है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### आतिशबाजी से लगी आग में छह की मौत

दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव में शुक्रवार की रात विवाह समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार घटना पर शोक व्यक्त किया है। कुमार ने घटना को दुखद बताते हुए घायलों को समुचित इलाज का निर्देश दिया है। मृतकों की पहचान सुनील पासवान (26), लीला देवी (23), कंचन देवी (26), सिद्धांत कुमार (4), शशांक कुमार (3) और साक्षी कुमारी (5) के रूप में हुई है। घटना में तीन गायों की भी मौत हो गई। दरभंगा डीएम राजीव रोशन ने बताया कि बहेड़ा थाना अंतर्गत अलीनगर इलाके में हुई आग की घटना में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देशों के अनुसार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। एसपी जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि रात 11.15 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद थाना प्रभारी एवं अग्निशमन अधिकारी को भेजा गया, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### हाईकोर्ट ने विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की मांग वाली याचिका रद की

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कारागारों में भीड़ के मद्देनजर विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की गुहार के साथ दाखिल की गई जनहित याचिका खारिज कर दी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता गौतम कुमार लाहा द्वारा याचिका में उठाये गये मुद्दे पर पहले ही उच्चतम न्यायालय विचार कर रहा है और ऐसे में अर्जी को स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं है। पीठ ने 24 अप्रैल को पारित आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि चूंकि वर्तमान याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे सीधे तौर पर डब्ल्यूपी (सी) 406/2013 में उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित हैं और उसपर विचार किया जा रहा है।

### गुरुग्राम में सौतेले पिता ने सात महीने की बच्ची को पटक कर मार डाला

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के नाथूपुर गांव के पास झुग्गी में सात महीने की बच्ची की उसके सौतेले पिता ने कथित तौर पर फर्श पर पटक कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि डीएलएफ फेज -3 पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय विजय साहनी के रूप में की गई है, जो बिहार के सीतामढ़ी जिले का निवासी है। उसने बताया कि घटना गुरुवार रात नाथूपुर पहाड़ी इलाके के पास झुग्गी बस्ती में हुई, जहां आरोपी की पत्नी उसके भाई और सात महीने की बच्ची के साथ रह रही थी। आरोपी ने पत्नी से झगड़ा दिया और सात महीने की सौतेली बेटी को फर्श पर पटक दिया। बच्ची को नजदीकी अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अदालत ने मुआवजा देने के आदेश का पालन न करने पर एसडीएम की कुर्सी कुर्क की

**विदिशा (मप्र)।** विदिशा जिले की अदालत ने उप-विभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) की कुर्सी और अन्य आधिकारिक चल संपत्तियों को कुर्क किया है। एसडीएम ने पिछले साल के अदालत के आदेश का पालन नहीं किया था, जिसमें पांच लोगों को मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। इन पांचों की जमीन 2011 में सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी। दिसंबर 2023 में एक किसान सहित इन पांच लोगों ने सिरोंज में जिला अदालत का रुख किया था। पांचों ने दावा किया कि उन्हें पर्याप्त मुआवजा नहीं दिया गया है। शुकवार को एक वकील और याचिकाकर्ता कपिल त्यागी ने कहा कि जिला न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम ने मार्च 2024 में सरकारी अधिकारियों को आदेश को लागू करने का आखिरी मौका दिया। आदेश का पालन न होने पर न्यायाधीश ने 23 अप्रैल को निर्देश दिया कि सिरोंज के एसडीएम हर्षल चौधरी के कार्यालय में कुर्सी, अन्य फर्नीचर और कंप्यूटर सहित चल संपत्ति को कुर्क किया जाए। उन्होंने बताया कि अगर हमें अब भी मुआवजा नहीं मिलता है, तो हम प्रतिवादियों की अचल संपत्ति को कुर्क करने की मांग करते हुए याचिका दायर करने जा रहे हैं।

# बड़ी संख्या में युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया: मोदी

## 26 हजार नौकरियां रद होने के मामले में टीएमसी की कट और कमीशन नीति से हुआ नुकसान

**मालदा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद प. बंगाल में 26,000 नौकरियां रद होने के मामले में शुक्रवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि राज्य के युवाओं को पार्टी की कट और कमीशन नीति से नुकसान उठाना पड़ा है और यह (तृणमूल) अब घोटालों का पर्याय बन गई है।

मोदी ने मालदा में चुनावी रैली में युवाओं की दुर्दशा पर प्रकाश डाला, जिन्होंने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए ऋष्ण तक लिया था। उन्होंने कहा कि तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे घोटालों में तृणमूल की संलिप्तता ने न केवल युवाओं के भविष्य को खतरे में डाला है, बल्कि हजारों परिवारों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ा है। मोदी ने कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाले ने लगभग 26,000 परिवारों की आजीविका छीन ली। जिन युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया था, अब उन पर इसका बोझ पड़ रहा है। केंद्र युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की दिशा में काम कर रहा है। हाईकोर्ट ने प. बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में, राज्यस्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया से हुई शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मियों की 25,753 नियुक्तियों को रद करने का सोमवार को आदेश दिया था तथा चयन प्रक्रिया को अमान्य एवं अवैध करार दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल शासन में केवल एक ही चीज मौजूद है- हजारों करोड़ के घोटाले।



मुंगेर में आयोजित चुनावी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

• प्रधानमंत्री ने कहा- तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा भुगतने के लिए जनता विवश

### मतपत्रों से चुनाव की मांग करने वालों को सुप्रीम कोर्ट का तमाचा

**अररिया-मुंगेर।** प्रधानमंत्री ने मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग को उच्चतम न्यायालय द्वारा रद किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह कांग्रेस नीत गठबंधन के लिए करारा तमाचा है। मोदी ने अररिया और मुंगेर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस और गठबंधन को न संविधान और न लोकतंत्र की परवाह है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 साल तक मतपत्रों के बहाने गरीबों का अधिकार छीना, बिहार के लोग साक्षी हैं कैसे राजद-कांग्रेस के शासन में बूथ और मतपत्र लूटे जाते थे। इतना ही नहीं गरीबों को वोट डालने के लिए घर से निकलने नहीं दिया जाता था। उन्होंने कहा कि देश के मतदाताओं को जब ईवीएम की ताकत मिली तो यह उनको बर्दाश्त नहीं हुआ। आज दो घंटे पहले ही कोर्ट ने मत पेटियों को लूटने वालों और इसका इरादा रखने वालों को कैसा झटका दिया है। उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए हैं।

# मोदी घबराए, हैं, उनकी आंखों से जल्द निकलेंगे आंसू : राहुल

**विजयपुरा, ,एजेंसी**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी में मौजूदा चुनावों में भाजपा की संभावनाओं को लेकर घबराहट के लक्षण नजर आ रहे हैं। गांधी ने मोदी पर जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आप मोदी का भाषण सुनें। वह घबराये हुए हैं। कुछ ही दिनों में उनकी आंखों से आंसू निकलने की संभावना है।

कांग्रेस नेता ने जनसभा में कहा कि भाजपा सरकार ने जहां कुछ लोगों को अरबपति बनाया, वहीं कांग्रेस करोड़ों लोगों को लखपति बनायेगी। गांधी ने गरीबी, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इन मामलों पर चुप हैं और केवल चीन और पाकिस्तान जैसे मुद्दों तथा दर्शकों से तालियां बजाने या मोबाइल फोन की रोशनी दिखाने का अनुरोध करने जैसे प्रतीकात्मक संकेतों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### भाजपा नौकरी खाने वाली पार्टी : ममता



**पिंगला।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह नौकरी खाने वाली पार्टी है और 26,000 शिक्षकों की आजीविका छीनने की साजिश के लिए राज्य के लोग उसके नेताओं को माफ नहीं करेंगे। ममता घाटल में पार्टी उम्मीदवार देव के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने भाजपा के साथ माकपा और कांग्रेस पर भी हमला बोला तथा दोनों दलों को राज्य में भाजपा की आंख और कान बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने आदमखोर बाघों के बारे में सुना होगा, लेकिन क्या आपने नौकरी खाने वाली भाजपा के बारे में सुना है?

# महापौर चुनाव स्थगित किए जाने पर एमसीडी सदन में हंगामा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर चुनाव को स्थगित करने को लेकर शुक्रवार को सदन में हंगामा हुआ। कार्यवाही शुरू होने से पहले आप और भाजपा के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाए। चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से महापौर और उपमहापौर के चुनाव को गुरुवार रात स्थगित कर दिया गया था।

भाजपा पार्षद महापौर की सीट के पास एकत्र हो गए और महापौर शैली ओबरॉय की मौजूदगी की मांग करते हुए नारे लगाए। ओबेरॉय सदन में देरी से पहुंचीं। आप पार्षदों ने पहले तो निगम मुख्यालय में आंबेडकर प्रतिमा के पास नारेबाजी की और बाद में, सदन पहुंचे और भाजपा के खिलाफ नारे लगाते रहे और उसे दलित विरोधी कहा। दोनों पार्टियों के पार्षदों ने एक घंटे तक एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। सदन में पहुंचने के बाद महापौर ओबेरॉय ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर संविधान की हत्या करने और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को एक बहाने के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। महापौर ने निगम सदन की बैठक अगली कार्यवाही तक के लिए स्थगित कर दी। एमसीडी के महापौर और उपमहापौर के पदों के लिए 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव को स्थगित करते हुए उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री विचाराधीन कैदी के रूप में न्यायिक हिरासत में हैं और वह अपने संवैधानिक रूप से बाध्य कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते हैं। राजनिवास द्वारा सक्सेना की ओर से एक पत्र जारी करने के बाद नगर निगम ने महापौर चुनाव स्थगित कर दिया।




• कार्यवाही शुरू होने से पहले आप और भाजपा के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ लगाए नारे

• पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से महापौर और उपमहापौर के चुनाव हुए थे रद

# संदेशखालि में सीबीआई ने जब्त किए हथियार, गोला-बारूद

**नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी**

• तृणमूल नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों के ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ी है कार्रवाई

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को प. बंगाल के संदेशखालि में एक घर में छापेमारी के दौरान हथियार और गोला बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों द्वारा ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ा है।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीबीआई की पांच टीमों ने पश्चिम बंगाल पुलिस और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) सहित केंद्रीय बलों की मदद से उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि इलाके के सारबेरिया में स्थित घर पर छापा मारा। अधिकारी ने बताया कि हमें भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों को जमा कर रखने की खुफिया जानकारी मिली थी। विदेश निर्मित पिस्तौल सहित कुल 12 हथियार और डिब्बों में विस्फोटक भरे मिले। अभियान अभी भी जारी है। घर का मालिक शाहजहां शेख का रिश्तेदार है, जिसकी पहचान अबू तालीब मुल्ला के रूप में हुई है। यह स्पष्ट नहीं है कि घर में इतनी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक क्यों रखे थे। घर को सुरक्षा बलों ने घेर लिया था, जिसे मछली पालन के लिए उपयोग होने वाले जल निकायों के बीच बनाया गया था। केंद्रीय बल घर के बाहर मेटल डिटेक्टरों से जांच कर रही हैं कि कहीं और हथियारों व गोला-बारूद को दबाकर तो नहीं रखा गया है। एक रोबोटिक उपकरण का भी है। ईडी की टीम पर पांच जनवरी को संदेशखालि में उस समय हमला किया गया था जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख के परिसर पर छापा मारने गई थी। सीबीआई को अपनी जांच के दौरान यह जानकारी मिली कि संदेशखालि में भारी मात्रा में हथियार छिपाए गए हैं।

# अवमानना पर मप्र बार काउंसिल के नेताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह कथित तौर पर हड़ताल का आह्वान करने के मामले में, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ जारी अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य बार नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलील रखी कि कई बार नेताओं को अवमानना कार्यवाही का सामना करना पड़ रहा है और मामले की तत्काल सुनवाई की जरूरत है। तन्खा ने कहा कि न केवल राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष, बल्कि 103 बार एसोसिएशन भी अवमान ना कार्यवाही का सामना कर रही हैं।

# बारामूला में मुठभेड़ जारी, दो आतंकी ढेर, दो सैनिक घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकियों और सुरक्षा बलों में दूसरे दिन भी जारी मुठभेड़ में शुक्रवार को दो आतंकी मारे गए, जबकि दो सैनिक घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ उत्तरी कश्मीर में सोपोर इलाके के चेक मोहल्ला नौपोरा में गुरुवार को शुरू हुई थी। रात में शांति के बाद शुक्रवार सुबह फिर से मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ स्थल के पास गुरुवार को एक आम नागरिक भी घायल हो गया था। सेना के अधिकारी ने बताया कि इलाके से आतंकवादियों को खदेड़ने का अभियान जारी है।

## आज का मुकाबला

| | |
|---|---|
| दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस | राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जाइंट्स |
| दोपहर 3:30 बजे | शाम 7:30 बजे |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 09 | 430 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके) | 08 | 349 |
| ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल) | 09 | 342 |

# जॉनी-शशांक ने बौना कर दिया 262 का लक्ष्य

## पंजाब ने रचा इतिहास कोलकाता को आठ विकेट से हराया, बेयरस्टो ने बनाए नाबाद 108 रन




कोलकाता, एजेंसी

जॉनी बेयरस्टो नाबाद (108), शशांक सिंह नाबाद (68) और प्रभसिमरन सिंह (54) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को आईपीएल के 42वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया है। पंजाब की यह नौ मैचों में तीसरी जीत है। पंजाब किंग्स की टीम ने टी-20 इतिहास में अभी तक से बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए यह जीत हासिल की है। पंजाब की टीम ने 24 छक्के लगाए। वहीं कोलकाता की ओर 18 छक्के लगे।

262 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की जॉनी बेयरस्टो और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए छह ओवर में 93 रन जोड़े। प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंदों में 54 रन बनाए। उन्हें सुनील नारायण ने रनआउट किया। राइली रुसो 16 गेंदों में 26 रन बनाए। जॉनी बेयरस्टो 48 गेंदों में आठ चौके और नौ छक्के लगाते हुए नाबाद 108 रनों की पारी खेली। वहीं शशांक सिंह ने भी आतिशी अंदाज में 28 गेंदों में दो चौके और आठ छक्के जड़ते हुए नाबाद 68 रन बनाए। पंजाब किंग्स ने 18.4 ओवर में दो विकेट पर 262 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। कोलकाता की ओर से एक मात्र विकेट सुनील नारायण को मिला। यह आईपीएल के एक मैच में पहली बार हुआ है जब चारों सलामी बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाया है। कुलमिलाकर यह पुरुषों के टी-20 मुकाबले 11वीं बार ऐसा हुआ है।

ईडन गार्डंस में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरे कोलकाता के फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने चौके और छक्को की बारिश करते हुए पहले विकेट के लिए 138रनों की साझेदारी की। सॉल्ट (75) और नारायण (71) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स 262 रनों का लक्ष्य दिया।




### कोलकाता 261/ 6
20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल साल्ट बो करन | 75 | 37 | 6/6 |
| सुनील नारायण का बेयरस्टो बो चाहर | 71 | 32 | 9/4 |
| वेंकटेश अय्यर रन आउट | 39 | 23 | 3/2 |
| आंद्रे रसेल का पटेल बो अर्शदीप | 24 | 12 | 2/2 |
| श्रेयस अय्यर का रबाडा बो अर्शदीप | 28 | 10 | 1/3 |
| रिंकू सिंह का शर्मा बो पटेल | 5 | 4 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 6 | 3 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** सैम करन 4-0-60-1, अर्शदीप सिंह 4-0-45-2, हर्षल पटेल 3-0-48-1, कागिसो रबाडा 3-0-52-0, राहुल चाहर 4-0-33-1, हरप्रीत बरार 2-0-21-0

### पंजाब 262/2
18.4 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभुसिमरन सिंह रन आउट नारायण | 54 | 20 | 4/5 |
| जॉनी बेयरस्टो नाबाद | 108 | 48 | 8/9 |
| रिले रोसौव कैच श्रेयस बो नारायण | 26 | 16 | 1/2 |
| शशांक सिंह नाबाद | 68 | 28 | 2/8 |

**गेंदबाजी :** चमीरा 3-0-48-0, हर्षित 4-0-61-0, अनुकूल 2-0-36-0, नारायण 4-0-24-1, वरूण 3-0-46-0, रसेल 2-0-36-0, रमनदीप 0.4-0-9-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.972 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.386 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |

## खेल डायरी

### सेंथिल, आकांक्षा पीएसए टूर्नामेंटों के क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलावन सेंथिलकुमार ने फ्रांस के मात्तेओ कोरूगे को सीधे गेम में हराकर 12,000 डॉलर ईनामी राशि के बैच ओपन स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने यह मुकाबला 11-4, 11-6, 11-7 से जीता। उन्हें पहले दौर में बाय मिला था। अब उनका सामना चेक गणराज्य के याकूब सोलनिकी से होगा। वहीं राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंके ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20,000 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। उन्होंने ग्वाटेमाला की विनिफर बोनिला को 11-8, 11-2, 11-9 से हराया। अब वह यूक्रेन की एलिना बुश्मा से खेलेगी।



### सिफत कौर ओलंपिक चयन ट्रायल में जीती

**नई दिल्ली।** सिफत कौर सामरा ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में चार ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगातार स्पर्धाओं में जीत हासिल की। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी ओएसटी में विजेता रहे में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुषों का थ्री पी टी2 फाइनल जीता। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन, विश्व रिकॉर्ड धारी और पिछले कुछ समय से महिलाओं की थ्री पी में भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफत ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465.1 का स्कोर बनाया।

### नौकायन में नेत्रा को दूसरा ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली।** नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को फ्रांस के हेरेस में 'लास्ट चांस रेगाटा' ओलंपिक क्वालीफायर में भारत के लिए दूसरा पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा ले चुकी नेत्रा ने महिलाओं की डिंघी (आईएलसीए 6) में हिस्सा लेते हुए 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' बैनर के अंतर्गत यह कोटा हासिल किया। नेत्रा 67 नेट अंक हासिल कर ओवरऑल लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रहीं। हालांकि उन्होंने 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' के अंतर्गत नौकाचालकों में शीर्ष पर रहकर कोटा हासिल किया।



### ब्राजील की मार्टा ने फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की



**ब्राजिलिया।** ब्राजील की महिला खिलाड़ी मार्टा विएरा डी सिल्वा ने कहा कि वह इस वर्ष के आखिर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगी। मार्टा ने स्थानीय मीडिया को बताया अगर मैं ओलंपिक में जाती हूं, तो मैं हर पल का आनंद लूंगी क्योंकि चाहे मैं जाऊं या न जाऊं, यह राष्ट्रीय टीम के साथ मेरा आखिरी साल है। एक क्षण आता है जब हमें समझना होता है कि समय आ गया है। मैं इस बारे में बहुत शांत हूं क्योंकि मैं युवा खिलाड़ियों के संबंध में हमारे द्वारा किए जा रहे इस विकास को बहुत आशावाद के साथ देखती हूं। टोक्यो 2020 में, वह लगातार पांच ओलंपिक खेलों में स्कोर करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं और वर्तमान में विश्व कप में (पुरुष और महिला) 17 के साथ सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने वर्ष 2004 और 2008 में रजत पदक जीता था।

### शुभंकर शर्मा जापान में कट में प्रवेश से चूके

**गोटेम्बा (जापान)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने आईएसपीएस हांडा चैंपियनशिप के दूसरे दिन दो अंडर 70 का स्कोर किया लेकिन कट में प्रवेश से चूक गए। शर्मा ने पांच ओवर 75 के साथ शुरूआत की थी। दो दौर के बाद वह तीन ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 138वें स्थान पर हैं। जापान के ताइहेइ सातो, जर्मनी के यानिक पॉल, स्वीडन के सेबेस्टियन सोडेरबर्ग और इंग्लैंड के सैम बेयरस्टो शीर्ष पर हैं।

### लॉस एंजिलिस में अदिति की खराब शुरुआत

**लॉस एंजिलिस।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर की जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में निराशाजनक शुरूआत की और पहले दौर में दो ओवर 73 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 82वें स्थान पर हैं। अब कट में प्रवेश के लिए दूसरे दौर में उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। ग्रेस किम ने सात अंडर 64 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है।

## अगर तदर्थ समिति वापस आई तो फिर लगेगा प्रतिबंध : यूडब्ल्यूडब्ल्यू

नई दिल्ली, एजेंसी

कुश्ती की विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने शुक्रवार को भारत पर फिर से प्रतिबंध लगाने और उसके पहलवानों को अगले महीने होने वाले अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर करने की धमकी दी, अगर खेल को चलाने के लिए तदर्थ समिति को फिर से लाया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया जिसमें कहा गया कि उन परिस्थितियों को बताया जाए जिसके कारण राष्ट्रीय कुश्ती संस्था को चलाने के लिए तदर्थ समिति को भंग करना पड़ा।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) को लिखे एक पत्र में अपना रुख दोहराया कि वे किसी भी देश के राष्ट्रीय संघ के संचालन में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने डब्ल्यूएफआई को अपने ईमेल में लिखा, डब्ल्यूएफआई को खेल मंत्रालय द्वारा इसके मामलों की निगरानी के लिए एक तदर्थ समिति लाने की धमकी दी गई है।

उन्होंने डब्ल्यूएफआई को इस कदम के गंभीर प्रभावों की याद दिलाई जिसमें आगामी ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों को खतरे में डालना शामिल है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू कानून और ओलंपिक चार्टर के अनुसार राष्ट्रीय महासंघों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता के सिद्धांत को बनाए रखने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू के दृढ़ संकल्प को दोहराना चाहेंगे।

## मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल



**मैड्रिड।** रफेल नडाल ने अमेरिकी युवा डारविन ब्लांच को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस साल एटीपी टूर पर दूसरा मैच खेल रहे नडाल ने अपने से 21 साल छोटे प्रतिद्वंद्वी पर 6-1, 6-0 से जीत दर्ज की। 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन नडाल की नजरें अगले महीने होने वाले इस ग्रैंडस्लैम में खिताबी जीत पर लगी है। पिछले साल कूल्हे का आपरेशन कराने वाले 22 साल के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने कहा था कि 2024 टूर पर उनका आखिरी साल होगा। अन्य मुकाबलों में फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने योशिहितो निशिओका को हराया। वहीं लोरेंजो सोनेगो ने रिचर्ड गास्केट तो 6-2, 7-5 से मात दी। ब्राजील के थियागो मोंटेइरो ने डुसान लाजोविच को 6-4, 6-3 से हराया और अब वह स्टेफानोस सिटसिपास से खेलेंगे।

### गत चैंपियन सबालेंका मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

गत चैंपियन और दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को मैड्रिड ओपन टेनिस के पहले दौर में माग्डा लिनेटे को शिकस्त दी। एलीना रिबाकिना ने लुसिया ब्रोंजेटी को मात दी जबकि अमेरिका की एशलिन क्रुजर ने इकेटरीना एलेक्सांद्रोवा को पराजित किया। इगा स्वियातेक ने वांग शियू को 6-1, 6-4 से हराया। नाओमी ओसाका ने लियुडमिला सैमसोनोवा को हराया।

## दीपिका सेमीफाइनल में पहुंची तीरंदाजों के चार पदक पक्के

शंघाई, एजेंसी

**विश्व कप**



मां बनने के बाद शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दीपिका कुमारी ने जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। दीपिका ने जियोन को 6.4 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा।

इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं।

## चौथे टी-20 में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया

**लाहौर।** न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी और चार रन से हार गई।

पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और 46 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। कप्तान बाबर आजम (5), सईम अय्यूब (20), उसामा खान (16) रन बनाकर आउट हुए। फखर जमान ने 45 गेंदों में सर्वाधिक (61) रनों की पारी खेली। इफ्तिखार अहमद (23), शादाब खान (7) रन बनाकर आउट हुए। इमाद वसीम 22 रन बनाकर और मोहम्मद आमिर एक रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओ'' रूर्के ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। बेन सियर्स ने दो विकेट झटके।

## थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर भारतीय पुरूष टीम की नजर

चेंगडू (चीन), एजेंसी


भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी जबकि उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरूष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैंपियनशिप की तरह है।

अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा यह वर्ष कठिन होगा।



## बॉलीवुड हलचल

### करण की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे आयुष्मान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना, निर्माता करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि आयुष्मान खुराना ने अपनी अगली फिल्म के लिए फिल्मकार करण जौहर से हाथ मिलाया है। यह एक जासूसी कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन आकाश कौशिक करेंगे। चर्चा है कि करण जौहर इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इस स्पाई कॉमेडी फिल्म के लिए अभिनेत्री को भी फाइनल कर लिया है। इस फिल्म में सारा अली खान नजर आ सकती हैं। इसी साल जून से फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि, करण जौहर और गुनीत इस सबजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हैं, क्योंकि स्क्रिप्ट को अच्छी तरह से तैयार किया गया है।

### दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म टिप्सी का निर्माण निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है, जो एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।

**तैयारी जीत की** — आत्मविश्वास से ओतप्रोत है दिल्ली, राजस्थान को भारी पड़ सकती है लखनऊ की बल्लेबाजी

## दिल्ली के सामने खराब फार्म से जूझ रही मुंबई

नई दिल्ली, एजेंसी

ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा।

दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिए अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिए सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं।

वहीं, मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफ ही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं।

### लखनऊ के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेंगे रॉयल्स



**लखनऊ।** फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैंपियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिए टेढी खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हुए हैं जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं। यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं। दूसरी ओर लखनऊ इस सत्र में रॉयल्स से 20 रन से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# स्याही वाली उंगली दिखाओ, फ्री में डोसा खाओ

बेंगलुरु, एजेंसी

चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए चुनाव आयोग लगातार अभियान चलाता है, जिससे अधिक से अधिक लोग वोट करें और लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाएं।

अब बेंगलुरु में स्थानीय व्यावसायिक संगठनों ने इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अनोखी पहल की शुरुआत की है। इसके तहत शहर में मतदान करने वाले मतदाताओं को वोट देने पर मक्खन डोसा फ्री में खिलाए, अलग-अलग रेस्तरां के बाहर लंबी-लंबी कतारें दिखाई दीं, जहां लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले मतदाताओं को मुफ्त डोसा, लड्डू, कॉफी और अन्य खाद्य उत्पादों पर छूट दी गई। इनमें से कुछ रेस्तरां लोकसभा चुनावों में मतदान करने वाले मतदाताओं को या तो मुफ्त में खाना दे रहे हैं या फिर बिल में छूट की पेशकश कर रहे हैं। कर्नाटक की 28 लोकसभा सीट में से 14 पर शुक्रवार को मतदान हुआ, जिनमें बेंगलुरु साउथ, सेंट्रल, नॉर्थ और ग्रामीण लोकसभा सीट भी शामिल हैं। यहां नृपतुंगा मार्ग पर स्थित निसर्ग ग्रांड होटल ने 'वोट माडी, ऊटा माडी' (वोट डालें और भोजन करें) अभियान के तहत मतदान करने वाले मतदाताओं को अपनी 'स्याही लगी उंगली' दिखाने पर मुफ्त बटर डोसा, लड्डू और जूस दिया। बीबीएचए के अध्यक्ष पीसी राव ने पिछले लोकसभा चुनावों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले चुनाव में बेंगलुरु में मतदान केवल 54 प्रतिशत (औसत से काफी कम) रहा था जबकि शहर में शिक्षित और युवा मतदाताओं की अच्छी संख्या है लेकिन तब भी बहुत कम मतदान हुआ था। उन्होंने कहा, इसलिए हमने इस अनूठी पहल की घोषणा की।


बेंगलुरु में मतदाताओं को लड्डू बांटते स्थानीय व्यवसायी।

# द. भारत में जल संकट, 17% जलाशय स्तर घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

गर्मियां शुरू होने के साथ ही दक्षिण भारत जल संकट का सामना कर रहा है और क्षेत्र में जल भंडारण जलाशयों की क्षमता केवल 17 प्रतिशत रह गई है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के एक बुलेटिन से यह जानकारी मिली।

दक्षिणी क्षेत्र में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्य आते हैं। सीडब्ल्यूसी द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों के जलाशयों के भंडारण स्तर के संबंध में गुरुवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया कि दक्षिणी क्षेत्र में आयोग की निगरानी के तहत 42 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण 8.865 बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान भंडारण स्तर (29 प्रतिशत) और इसी अवधि के दस साल के औसत (23 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम है। दक्षिणी क्षेत्र के जलाशयों में भंडारण का कम स्तर इन राज्यों में पानी की बढ़ती कमी और सिंचाई, पेयजल और पनबिजली के लिए संभावित चुनौतियों का संकेत है।

इसके विपरीत पूर्वी क्षेत्र, जिसमें असम, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य आते हैं, में पिछले साल और दस साल के औसत की तुलना में जल भंडारण स्तर में सकारात्मक सुधार दर्ज किया गया है। आयोग ने कहा कि इस क्षेत्र में, 20.430 बीसीएम की कुल भंडारण क्षमता वाले 23 निगरानी जलाशयों में अभी 7.889 बीसीएम पानी है, जो उनकी कुल क्षमता का 39 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि (34 प्रतिशत) और दस साल के औसत (34 प्रतिशत) की तुलना में सुधार का संकेत है।




## भारत में जल संकट का गंभीर खतरा

दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश भारत में जल संकट का गंभीर खतरा है। देश के कृषि क्षेत्र में जल प्रबंधन को बढ़ावा देने से जुड़ी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2050 तक भारत के 50% से ज्यादा जिलों में पानी का विकट संकट हो सकता है।

## 75 फीसदी भारतीयों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

ट्रांसफॉर्मिंग क्रॉप कल्टीवेशन: एडवांस वाटर इफिशिएंसी इन इंडियन एग्रीकल्चर रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया की 17 फीसदी आबादी है, लेकिन हमारे पास दुनिया के पानी के सिर्फ 4% संसाधन ही हैं। प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता को मापने वाले फ्लैकेनमार्क इंडेक्स के मुताबिक प्रति व्यक्ति 1700 क्यूबिक मीटर से कम पानी वाले इलाकों को जल संकट से ग्रस्त माना गया है। इस इंडेक्स के हिसाब से 76% भारतीयों के पास अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में जल संकट के पीछे कृषि सेक्टर बड़ी वजह है। कृषि प्रधान देश होने के कारण देश के कुल जल का 80 से 90% हिस्सा खेती में इस्तेमाल होता है।

## एक नजर

### पुलिस की वर्दी पहन बुरी फंसीं मरियम, नाराज शख्स कोर्ट पहुंचा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज एक बार फिर मुश्किल में पड़ गई हैं। दरअसल, गुरुवार को लाहौर में पासिंग आउट परेड में भाग लेने के दौरान मरियम ने पुलिस की वर्दी पहनी थी, जिसके खिलाफ सत्र अदालत में याचिका दायर कर दी गई है। मीडिया रिपोर्ट याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में दावा किया है कि मरियम नवाज का एक पुलिस अधिकारी की वर्दी पहनना गैरकानूनी है। याचिका में कहा गया है कि किसी को भी आधिकारिक राज्य संस्थान की पोशाक पहनने की अनुमति नहीं है। याचिकाकर्ता का कहना है कि सीएम मरियम की पुलिस से शिकायत करने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### पाकिस्तान ने मानवाधिकार पर अमेरिकी रिपोर्ट को किया खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पिछले साल देश में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों पर अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट को स्पष्ट तौर से खारिज कर दिया है और कहा है कि केवल राजनीति से प्रेरित रिपोर्ट ही गाजा में चिंताजनक स्थिति को नजरअंदाज कर सकती है। मंत्रालय ने गुरुवार देर रात जारी एक बयान में कहा, यह बेहद चिंताजनक है कि दुनिया भर में मानवाधिकार स्थितियों को उजागर करने वाली एक रिपोर्ट गाजा जैसे घोर मानवाधिकार उल्लंघन को नजरअंदाज करती है। बयान में कहा गया है, मानवाधिकार प्रथाओं पर 2023 देश रिपोर्ट: पाकिस्तान शीर्षक वाली रिपोर्ट की अनुचित सामग्री और गलत जानकारी पर आधारित है।

### श्रीलंका में हिरासत में लिए गए 24 भारतीय मछुआरों की स्वदेश वापसी

**कोलंबो।** श्रीलंका के जलक्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए चौबीस भारतीय मछुआरों को शुक्रवार को भारत वापस भेज दिया गया है। इससे दो दिन पहले भी पांच भारतीय मछुआरों के एक समूह को भारत भेजा गया था। अब चौबीस भारतीय मछुआरे श्रीलंका से स्वदेश वापस लौटे हैं। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा सभी मछुआरे कोलंबो से सवार हुए हैं और वर्तमान में अपने घर जा रहे हैं।

### वियतनाम के संसद प्रमुख का इस्तीफा

**हनोई।** वियतनाम में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के बीच राष्ट्र की संसद के प्रमुख वुओंग दीन्ह ह्यू ने इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के अनुसार 21 अप्रैल को व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पद और शक्ति का दुरुपयोग करने के आरोप में उनके सहायक फाम थाई हा को गिरफ्तार किया गया था। इसके कुछ दिनों बाद संसद प्रमुख वुओंग दीन्ह ह्यू ने भी इस्तीफा दे दिया है। वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी ने ह्यू के स्वैच्छिक इस्तीफे को स्वीकार कर लिया। हालांकि, शुरुआती रिपोर्ट्स में यह नहीं कहा गया कि उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। लेकिन जांचकर्ताओं ने पाया कि ह्यू ने पार्टी के नियमों का उल्लंघन किया था।

# डिजिटल से मजबूत हुई विकास की बुनियाद

## यूएन में समावेशी बदलाव का यूएनजीए अध्यक्ष ने दिया भारत का उदाहरण, भारत के विकास में आई तेजी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की तारीफ की है। भारत की तरक्की का उदाहरण देते हुए डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि भारत का विकास इस बात का उदाहरण है कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर सामाजिक परिवर्तन और प्रगति का वाहक है और अगर समावेशी तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो ये सभी को समान अवसर मुहैया करा सकता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने महासभा के 78वें सत्र के दौरान अपने संबोधन में कहा कि 'इस साल जनवरी में उन्होंने भारत की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने देखा कि भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचा का व्यापक विस्तार हुआ है और इससे लाखों लोग, जो पहले आर्थिक व्यवस्था से बाहर थे, उन्हें डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से वित्तीय स्वतंत्रता और समृद्धि हासिल हुई है।' उन्होंने कहा 'जिस तरह से आर्थिक विकास के लिए बुनियादी ढांचे की जरूरत है, उसी तरह से डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा सामाजिक परिवर्तन और प्रगति के वाहक के रूप में उभरा है। इसे समावेशी तरीके से लागू करके सभी को समान अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। फ्रांसिस ने कहा कि केवल सात वर्षों में भारत ने अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से अपने नागरिकों के लिए 80 प्रतिशत से अधिक वित्तीय समावेशन हासिल किया है, जो कि दुनिया भर में सभी डिजिटल लेनदेन का 60 प्रतिशत से भी ज्यादा है। डिजिटल लेनदेन की व्यवस्था ने कई समस्याओं को खत्म कर दिया है। नागरिक स्टैक जैसे मॉडल दक्षिण एशिया के सभी देशों में लागू होने चाहिए। इससे लोगों को सशक्त बनाने में, विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है।


संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी सम्मेलन में मौजूद रुचिरा कंबोज व अमिताभ कांत।

### सम्मिलित प्रयासों से समावेशी दुनिया बना सकते हैं: अमिताभ

हमारा मानना है कि हम सभी के सम्मिलित प्रयासों से एक समावेशी और समृद्ध दुनिया बना सकते हैं। सम्मेलन को भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद दुनिया ने कर्ज, जलवायु परिवर्तन, ईंधन और फर्टिलाइजर की चुनौतियां देखी हैं। यूरोप और मध्य पूर्व में संघर्ष हो रहे हैं, लेकिन इन चुनौतियों के बीच एक उम्मीद की किरण है कि डिजिटल तकनीक से हम साथ-साथ विकास कर सकते हैं। कांत ने कहा कि डीपीआई की मदद से कमजोर वर्गों, महिलाओं और छोटे और मध्यम उद्योगों को मदद मिलती है और बिना इसके सतत समावेशी विकास संभव नहीं है।

### भारत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल में वैश्विक नेता बना

डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि दुनिया की तीन अरब आबादी ने कभी भी इंटरनेट का उपयोग नहीं किया है। ऐसे में अंतर सरकारी स्तर पर इस डिजिटल विभाजन को खत्म करने और एक तिहाई आबादी को डिजिटल बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के प्रशासक अचिम स्टीनर ने कहा कि भारत प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में वैश्विक नेता बन गया है।

### भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास में सभी की सहभागिता



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि भारत की डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा अन्य देशों को भी प्रेरित करे और सभी इससे सीख लें और अपनी डिजिटल प्राथमिकताएं तय करें। संयुक्त राष्ट्र में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने मिलकर नागरिक स्टैक: डिजिटल बुनियादी ढांचा, नागरिकों को लिए परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समावेशी विकास और सभी को समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे की मदद से भारत में हो रहे विकास को साझा किया। सम्मेलन में वैष्णव ने कहा कि भारत ने ऐसी नीति बनाई है, जिससे डिजिटल क्रांति का सभी को लाभ मिले। वैष्णव ने कहा कि इस दृष्टिकोण ने ही इंडिया स्टैक को जन्म दिया, जो कि डिजिटल टूल्स का गुलदस्ता है और जो सभी के लिए उपलब्ध है। डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का विकास असल मायनों में सरकार, निजी क्षेत्र, गैर लाभकारी संस्थाएं आदि सभी की सहभागिता का नतीजा है।

# अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता भूलकर संबंध मजबूत करने में जुटे

बीजिंग, एजेंसी

- अमेरिका के विदेश मंत्री ब्लिंकन ने जिनपिंग से की मुलाकात

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच आर्थिक, राष्ट्रीय सुरक्षा और भू-राजनीतिक मतभेदों के बावजूद तनावपूर्ण संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद की जा रही है। यह बैठक ब्लिंकन की बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री के साथ पांच घंटे की बैठक के बाद हुई। अमेरिकी विदेश मंत्री ने चीन के सुरक्षा मंत्री वैंग शियाओहोंग से भी मुलाकात की थी।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "राष्ट्रपति शी ने कहा कि उन्होंने आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और जीत के सहयोग का प्रस्ताव दिया। दोनों को अपने इतिहास से सबक लेकर भविष्य की ओर बढ़ना चाहिए। मंत्रालय ने आगे कहा, यह दोनों देशों के लोगों की इच्छा है कि अमेरिका और चीन बातचीत को मजबूत करें, दूरियों को कम करने की कोशिश करें और सहयोग को आगे बढ़ाए। चीन एक समृद्ध और संपन्न अमेरिका को देखकर खुश है।

## सेवा विवाद: केंद्रीय कानून के विरुद्ध दिल्ली सरकार की याचिका को सूचीबद्ध करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर केंद्रीय कानून के खिलाफ अपनी याचिका को पांच-न्यायाधीशों वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ के सामने शीघ्र सूचीबद्ध करने की अपील की। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आश्वासन दिया कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने के दिल्ली सरकार के अनुरोध पर गौर करेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से आग्रह किया कि पूरा प्रशासन ठप हो गया है और मामले की सुनवाई किए जाने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि फिलहाल नौ न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष एक मामले की सुनवाई जारी है और वह इस अनुरोध पर विचार करेंगे। वर्तमान में प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ यह जटिल कानूनी सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

# तेलंगाना में परीक्षा परिणाम से आहत 7 छात्र-छात्राओं ने 48 घंटों में की आत्महत्या

**हैदराबाद, एजेंसी।** परीक्षा में असफलता के कारण पिछले 48 घंटों में पूरे तेलंगाना में सात इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं की कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। तेलंगाना बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एग्जामिनेशन ने 24 अप्रैल को प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के परिणाम घोषित किए थे। महबुबाबाद के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, परीक्षा में असफल होने के बाद दो लड़कियों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। जिले के एक गांव में एक छात्रा ने अपने आवास पर फांसी लगा ली तो दूसरी ने कुएं में छलांग लगा दी।

(पूर्वी क्षेत्र) के पुलिस उपायुक्त आर गिरिधर ने कहा कि प्रथम वर्ष के एक छात्र ने परीक्षा में असफल होने के बाद सुल्तानबाजार पुलिस थाने की सीमा अंतर्गत अपनी जान दे दी। शहर के नल्लाकुंटा इलाके का रहने वाला एक और लड़का जडचेरला में एक रेलवे ट्रैक के पास मृत पाया गया। पुलिस को संदेह है कि उसकी मौत का कारण परीक्षा में खराब प्रदर्शन है। मंचेरियल जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्हें रिपोर्ट मिली है कि इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष के तीन छात्रों ने परीक्षा में असफल होने के कारण अलग-अलग स्थानों पर आत्महत्या कर ली है।

## पतंग उत्सव


**पेरिस:** फ्रांस के बर्क-सुर-मेर का आकाश इन दिनों रंगों से भरा दिखाई दे रहा है। वजह- अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव। इसमें देश-विदेश के पतंगबाज और कलाकार शामिल हो रहे हैं। 28 अप्रैल तक चलने वाले इस पतंग उत्सव में इस बार 10 लाख से ज्यादा लोग शामिल हो रहे हैं। ● एजेंसी

# गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस ने युवक पर चलाईं गोलियां, भारतवंशी की मौत

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- एक पुलिस अधिकारी व रूममेट को टक्कर मारने का था आरोप, 21 अप्रैल को पुलिस ने की थी कार्रवाई

अमेरिका में एक 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की सैन एंटोनियो में पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक युवक ने अपने वाहन से दो अधिकारियों को टक्कर मारने और एक महिला पर गंभीर हमले के मामले में पुलिस गिरफ्तार करने पहुंची थी। जहां उसकी गोलीमार कर हत्या कर दी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बेक्सर काउंटी मेडिकल परीक्षक कार्यालय ने कहा कि पिछले वीकेंड पर पुलिस के साथ विवाद के दौरान 21 अप्रैल को टेक्सास के सैन एंटोनियो शहर में कई गोलियां लगने से सचिन कुमार साहू की मौत हो गई। सचिन कुमार साहू मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। कार्रवाई के दौरान एक अधिकारी को चोट लगी है जिसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, दूसरे अधिकारी का इलाज घटनास्थल पर ही उपचार किया गया। घटना के दौरान कोई और घायल नहीं हुआ। पुलिस ने कहा कि आगे जांच की जा रही है। पुलिस प्रमुख बिल मैकमैनस ने कहा कि मृतक सचिन पर आरोप था महिला को कुचल दिया था, वह उसकी रूममेट थी। उन्होंने कहा कि पुलिस को आगे के तथ्य जानने के लिए अभी बॉडीकैम फुटेज देखना बाकी है। मीडिया रिपोर्ट में साहू की पूर्व पत्नी लिआ गोल्डस्टीन के हवाले से कहा गया है कि सचिन को बाइपोलर डिसऑर्डर था। वो 10 साल से इस बीमारी से पीड़ित था। सचिन में सिजोफ्रेनिया के लक्षण भी थे, जबकि पूर्व पत्नी गोल्डस्टीन ने सचिन को एक महान पिता बताया।

# भारतीय छात्रों के लिए सुरक्षित देश है अमेरिका: एरिक

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका एक सुरक्षित देश है और यह भारतीय छात्रों की भलाई की परवाह करता है। उन्होंने अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के माता-पिता को आश्वासन दिया कि जब तक वे अमेरिका में है, तो उनके बच्चे हमारे बच्चे हैं।

गार्सेटी ने यह जवाब उस सवाल के जवाब में दिया, जिसमें पूछा गया था कि जनवरी से अब तक अमेरिका में भारतीय मूल के आधा दर्जन छात्रों की मौत हो चुकी है। इसके जवाब में गार्सेटी ने कहा कि हम अमेरिका में भारतीय छात्रों की भलाई की परवाह करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अनेक संसाधन मौजूद हैं, जो छात्रों को तैयारी करने में मदद कर सकते हैं।

**फैसला** बच्चों की जिम्मेदारी लेने से इनकार पर पति की तलाक की अर्जी पर दिल्ली हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

# वैवाहिक रिश्ते को अस्वीकार करना मानसिक क्रूरता

नई दिल्ली, एजेंसी

वैवाहिक रिश्ते को अस्वीकार करना और निर्दोष पीड़ित बच्चों की जिम्मेदारी लेने से इनकार करना सबसे गंभीर प्रकार की मानसिक क्रूरता है। उच्च न्यायालय ने अपनी अलग रह रही पत्नी से क्रूरता के आधार पर तलाक के अनुरोध संबंधी पति की अपील को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि क्रूरता का शिकार महिला हुई है, पुरुष नहीं। अदालत ने कहा कि जीवनसाथी पर लगाए गए विश्वासघात के निंदनीय, निराधार आरोप और यहां तक कि बच्चों को भी नहीं बख्शना, अपमान और क्रूरता का सबसे खराब रूप होगा, जो व्यक्ति के लिए तलाक मंजूर नहीं करने के लिए पर्याप्त है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना कृष्ण बंसल की पीठ ने कहा कि तलाक की याचिका खारिज करने वाली कुटुंब अदालत के आदेश को चुनौती देने संबंधी व्यक्ति की अपील में कोई दम नहीं है। पीठ ने कहा कि पति पत्नी के खिलाफ लगाये गये अपने किसी भी आरोप को साबित नहीं कर पाया है और उसने आत्महत्या करने की धमकी देने और आपराधिक मामलों में फंसाने के बारे में अस्पष्ट आरोप लगाए हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि विवाह एक ऐसा संबंध है जो आपसी विश्वास पर फलता-फूलता है और एक मधुर संबंध में कभी भी किसी की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचाई जाती। व्यक्ति ने कहा है कि वह अपनी पत्नी से सितंबर 2004 में मिला था और अगले साल उसने शादी कर ली। इस व्यक्ति ने आरोप लगाया कि जब वह शराब के नशे में था तब महिला ने उसके साथ यौन संबंध बनाने के बाद उस पर शादी करने का दबाव डाला और बाद में उसे बताया कि वह गर्भवती है।

इस व्यक्ति ने आरोप लगाया कि पत्नी आत्महत्या करने की धमकी देती थी और उसके कई पुरुषों के साथ अवैध संबंध थे। महिला ने हालांकि दावा किया कि उसका शारीरिक उत्पीड़न किया गया क्योंकि वह बच्चे पैदा करने में सक्षम नहीं थी और उसकी सहमति के बिना उसकी कई जांच कराई गई। महिला ने आरोप लगाया कि बच्चों को जन्म न दे पाने के कारण उसे ताने दिए जाते थे और उस व्यक्ति के परिवार का उद्देश्य केवल उससे पैसे ऐंठना था।

## पीड़िता बोली-बेटी के जन्म के बाद टूटा दुखों का पहाड़




महिला ने कहा कि 2008 में उसके बेटे के जन्म के समय उसका पति असंवेदनशील था और जब 2010 में बेटी का जन्म हुआ तो उस पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा क्योंकि उस व्यक्ति और उसके परिवार को लड़की स्वीकार्य नहीं थी। उच्च न्यायालय ने कहा कि अपनी नौकरी छोड़ने के बाद वह व्यक्ति परिवार की जिम्मेदारी निभाने में विफल रहा और पत्नी को न केवल वित्तीय बोझ झेलना पड़ा, बल्कि बच्चों की देखभाल और घरेलू जिम्मेदारियों के लिए भी संघर्ष करना पड़ा।

# दिल्ली में स्पाइडरमैन की पोशाक पहने युवती समेत दो गिरफ्तार

**नई दिल्लीर।** दिल्ली में 19 वर्षीय एक युवती और एक युवक को स्पाइडरमैन की पोशाक पहने और बिना हेलमेट बाइक चलाने के लिए पुलिस ने पकड़ा और उनका चालान काट दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान आदित्य (20) और अंजलि (19) के रूप में हुई है, जो नजफगढ़ के रहने वाले हैं।

सोशल मीडिया पर इसका वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति स्पाइडरमैन की पोशाक पहने और दिल्ली की 'अर्बन एक्सटेंशन रोड-2' पर बिना नंबरप्लेट वाली बाइक पर बगैर हेलमेट के स्टंट करता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की गई और चालक के खिलाफ बगैर हेलमेट, बगैर लाइसेंस, बिना नंबर प्लेट की बाइक चलाने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।


अमेरिका में युद्ध के विरोध में जॉर्ज वाशिंगटन विवि परिसर में तांबू तानकार बैठे छात्र।

# अमेरिका: फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने पर भारतीय मूल की छात्रा गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के प्रिंसटन विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली भारतीय मूल की एक छात्रा समेत दो विद्यार्थियों को परिसर में फिलिस्तीन के समर्थन में विरोध-प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और उनके परिसर में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई है।

अचिंत्य शिवलिंगन कोयंबटूर में जन्मी और कोलम्बस में पली-बढ़ी हैं। विश्वविद्यालय की एक प्रवक्ता ने बताया कि अचिंत्य को विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश से रोक दिया गया है और अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने गुरुवार सुबह करीब सात बजे मैककॉश के प्रांगण में फिलिस्तीन के समर्थन में टेंट लगाकर डेरा डाल लिया। साप्ताहिक कॉलेज पत्रिका 'प्रिंसटन एलुमनी' ने बताया है कि विश्वविद्यालय के अधिकारियों की चेतावनी के बाद प्रिंसटन के दो विद्यार्थियों को गिरफ्तार कर लिया गया और टेंट को हटा दिया गया, लेकिन अन्य प्रदर्शनकारियों ने धरना जारी रखा।

# भारतीय-रूसी कंपनियों को मिली श्रीलंका के हंबनटोटा की जिम्मेदारी

**कोलंबो।** श्रीलंकाई सरकार के प्रवक्ता ने कहा है कि भारत और रूस की कंपनियां हंबनटोटा में मटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेंगी। बता दें कि कि इस इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दुनिया का सबसे खाली हवाई अड्डा करार दिया गया था। अब सरकार के प्रवक्ता बंडुला गनवार्डेना ने कहा कि 9 जनवरी को श्रीलंकाई कैबिनेट की बैठक हुई।

इसमें नेताओं द्वारा अपने अपने पक्ष रखे गए और इसके बाद पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए। कैबिनेट द्वारा भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए मटाला अतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।